

■ भारत-यूरोपीय संघ का ध्यान अब एफटीए रक्षा सौदे पर : फ्रॉन डेर लायन-12



■ शेयर बाजार में गिरावट थमी सेंसेक्स 939 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,400 के पार-12




■ राज्यसभा में एलपीजी को लेकर हंगामा खरगे बोले सरकार दोषी-13



■ भारतीय खिलाड़ी सूर्यकुमार बोले- टेस्ट खेलना चाहूंगा लेकिन हाथ सेट है टी20 में -14


आज का मौसम
27.0° अधिकतम तापमान
16.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.21 सूर्यास्त 06.20

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी उपरांत 09:23 चतुर्दशी विक्रम संवत 2083

मंगलवार, 17 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 20, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# बैंक अधिकारी समेत 4 की मुरादाबाद में हादसे में गई जान, सभी हल्द्वानी के

## सोमवार सुबह दिल्ली जाते समय ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी कार, नोएडा-दिल्ली में करते थे नौकरी

संवाददाता, मुरादाबाद/हल्द्वानी

**अमृत विचारः** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर सोमवार की सुबह सड़क हादसा चार लोगों के लिए काल बन गया। मनकरा मोड़ पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर आगे चल रही ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसी। तेज धमाके से कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल है।

दि नैनीताल बैंक के दिल्ली रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक दयाल सिंह रावत (58) निवासी अपर मालबाड़ जज निवास बिला कंपाउंड नैनीताल मूल निवासी सड़िया गांव ज्योलिकोड, नोएडा की एक निजी कंपनी में सीनियर अकाउंटेंट सुंदर सिंह (35) निवासी लालपुर नायक आनंदपुरम कॉलोनी आरटीओ रोड कुसुमखेड़ा हल्द्वानी, नोएडा की ही एक इलेक्ट्रानिक कंपनी में इंजीनियर भुवन भंडारी (38) निवासी भंवरी थाना सोमेश्वर जिला अल्मोड़ा के अलावा हल्द्वानी के ही अनिल नेगी टाटा टियागो कार से नोएडा जा रहे थे। कार हल्द्वानी के आरटीओ ऑफिस रोड दयाल विहार फेज सेकंड निवासी यशदीप पांडे चला रहा था। सोमवार सुबह 6:15 बजे मनकरा मोड़ पर कार अनियंत्रित होकर ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली में जा घुसी। भीषण दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। सभी सवार कार में ही फंस गए और चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने कार के हिस्सों को कटवा कर सभी को निकाला और मूंढापांडे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने दयाल सिंह, सुंदर सिंह, भुवन भंडारी और अनिल नेगी को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर घायल कार चालक यशदीप पांडे को कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुटने से यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने क्रेन से कार को हटवाकर यातायात सुचारू कराया।



दुर्घटनाग्रस्त कार को क्रेन से हटवाती पुलिस।

### साले की शादी तो कोई अवकाश के बाद लौट रहा था नोएडा

**मुरादाबाद।** हादसे में जान गंवाने वालों में कोई साले की शादी तो कोई साप्ताहिक अवकाश के बाद ड्यूटी ज्वाइन करने लौट रहा था। सोमवार को मूंढापांडे में सड़क हादसे में मरे भुवन भंडारी नोएडा में एक इलेक्ट्रॉनिक कंपनी में इंजीनियर थे। भुवन के ससुर सोमश्वर निवासी गिरीश राजभर ने बताया कि उनके बेटे रोहित की शादी शुक्रवार को थी। भुवन साले की शादी में शामिल होने पत्नी पूजा और बेटे मानस के साथ गुरुवार को ससुराल सोमेश्वर आए थे। वहां से बरात नोएडा गई थी। बरात से वापस आने के बाद वह भंवरी अल्मोड़ा चले गए थे। जिसके बाद वह सोमवार को नोएडा जा रहे थे। दयाल सिंह की बुआ के बेटे चंदन सिंह ने बताया कि साप्ताहिक अवकाश में दयाल घर आते जाते थे। वह दि नैनीताल बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक थे और नोएडा स्थित रीजनल ब्रांच में तैनात थे।


भुवन भंडारी।


दयाल सिंह रावत।

### किसे पता था आखिरी होगी पत्नी-बच्चों से सुंदर की मुलाकात


सुंदर सिंह के भांजे मुकेश ने बताया कि मामा सुंदर दो दिन के अवकाश में बच्चों के साथ रहने आए थे। किसे पता था यह दो दिन आखिरी दो दिन होंगे। मुकेश के अनुसार मामा दिल्ली में गैस एंड ऑयल को हिट्रेस करने वाली कंपनी में सीनियर अकाउंटेंट थे। बताया कि मामा के पास ही उसका भी घर है। मामा हमेशा की तरह शनिवार की शाम पत्नी शोभा महर व बेटे गर्वित महर के पास छुट्टी बिताने आए थे।

# ओडिशा में अस्पताल के आईसीयू में भीषण आग, 10 मरीजों की मौत

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा सरकार द्वारा कटक में संचालित एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आईसीयू में रविवार देर रात भीषण आग लगने से 10 मरीजों की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बताया कि मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने के दौरान अस्पताल के करीब 11 कर्मचारी झुलस गए। मुख्यमंत्री ने छह सदस्यों की एक जांच टीम बनाई है, जो आग लगने की वजह की जांच करेगी और आज शाम तक अपनी रिपोर्ट देगी।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, विकास आयुक्त डीके सिंह की अगुवाई में बनी जांच टीम एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जाएगी और आज शाम तक मुख्य सचिव को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। माझी ने बताया कि आग शायद शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। एक अधिकारी ने बताया कि आग देर रात ढाई बजे से तीन बजे के बीच लगी और दमकलकर्मी तुरंत अस्पताल पहुंचे व आग बुझाने के लिए अभियान शुरू किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आग लगने की घटना में मरीजों की मौत पर शोक व्यक्त किया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा कोष से प्रत्येक मृत व्यक्ति के परिजन को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजन को 25 लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। राष्ट्रपति मुर्मू और उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने घटना में हुई जनहानि पर शोक व्यक्त कर घायलों के स्वस्थ होने की कामना की।


एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आईसीयू में जला पड़ा सामान।

- कटक के श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लगी थी आग, 11 कर्मी झुलसे
- मृतकों के परिजन को 25-25 लाख मुआवजा, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा

### आईसीयू और उससे सटे वार्ड में 23 मरीज थे भर्ती

मुख्यमंत्री माझी ने बताया कि और उससे सटे आईसीयू व वार्ड में 23 मरीज भर्ती थे। आग लगने से सात मरीजों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोगों की मौत दम घुटने से हुई। उन्होंने कहा कि अस्पताल के ट्रॉमा केयर विभाग के आईसीयू में आग लगी, जहां गंभीर रूप से बीमार मरीजों का इलाज किया जा रहा था। माझी ने इस मामले में न्यायिक जांच की भी घोषणा की और अग्निशमन सेवा के महानिदेशक को मामले की जांच करने तथा तुरंत उन्हें रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा।

## न्यूज ब्रीफ

### विश्व बैंक ने उप्र में स्वच्छ वायु के लिए 30 करोड़ डॉलर कर्ज को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** विश्वबैंक ने सोमवार को उत्तर प्रदेश को स्वच्छ वायु बदलाव परियोजना के लिए लगभग 30 करोड़ डॉलर का ऋण देने को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह कर्ज उत्तर प्रदेश सरकार की स्वच्छ वायु योजना को समर्थन देगा। यह राज्य की वायु गुणवत्ता में सुधार और युवाओं एवं महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए एकीकृत समाधान पर केंद्रित है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश स्वच्छ वायु प्रबंधन कार्यक्रम (299 .66 करोड़ डॉलर) परिवहन, कृषि और उद्योग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में स्वच्छ वायु बदलाव पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिससे स्वच्छ वायु के लाभ अन्य राज्यों तक भी पहुंचेंगे।

### आफत का आंधी-तूफान, बालक की मौत

**हल्द्वानी :** नैनीताल जिले में रविवार आधी रात आफत का आंधी-तूफान आया। गरज-चमक के साथ करीब 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आए तूफान में कई घरों की छतें और टीन की चादरें उड़ गईं तो पेड़ और बिजली के पोल उखड़ गए। कच्चे भवन क्षतिग्रस्त हो गए और लोगों को सुरक्षित पनाह लेनी पड़ी। ओलावृष्टि और बारिश भी हुई। रामनगर में पेड़ की चपेट में आकर एक बालक की मौत हो गई। जिले में कई जगह सोमवार देर शाम तक बिजली और पेयजल आपूर्ति बाधित रही। **विस्तृत पेज-3**

# ईरान बोला- स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खुला, पर दुश्मनों के लिए बंद

तेहरान/लंदन, एजेंसी

ईरान पर अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले के दो सप्ताह बाद भी सोमवार को दोनों पक्षों में लड़ाई जारी रही। इजराइल ने जहां लेबनान में ईरान समर्थक हिजबुल्ला के ठिकानों पर बम वर्षा की वहीं, ईरान ने जवाबी हमले के रूप में इजराइल के अलावा पड़ोसी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और तेल अवसंरचना को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार को कहा कि होर्मुज मार्ग ईरान के दृष्टिकोण से खुला है, लेकिन उन देशों और उनके सहयोगियों के लिए बंद है जिन्होंने ईरान के खिलाफ कायरतापूर्ण आक्रामकता की है। अराघची ने कहा कि ईरान अपनी रक्षा करने में किसी प्रकार की हिचकिचाहट नहीं रखता और आवश्यकता पड़ने तक युद्ध जारी रखेगा। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने कहा कि वह ब्रिटेन को प. व्यापक युद्ध में घसीटे जाने की अनुमति नहीं देंगे। वह यूरोपीय सहयोगियों से मिलकर खाड़ी को खोलने के लिए एक व्यवहार्य योजना तैयार कर रहे हैं।



- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोले- वह पश्चिम एशिया के व्यापक संघर्ष में नहीं शामिल होंगे

### जंग के बीच पहला भारतीय जहाज एलपीजी लेकर पहुंचा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण ईरान के निकट होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे भारत के 24 जहाजों में से एक एलपीजी टैंकर शिवालिक सोमवार शाम गुजरात में मुंद्रा बंदरगाह पहुंच गया, जबकि दूसरे एलपीजी टैंकर नंदादेवी के मंगलवार सुबह कांडला बंदरगाह पहुंचने की संभावना है। शिवालिक टैंकर पर 45 हजार टन एलपीजी लदी है और इसके आने से देश में एलपीजी की आपूर्ति और मजबूत होगी।

### होर्मुज में युद्धपोत तैनात करने वाले ट्रंप के बयान पर भारत का जवाब- अमेरिका से कोई बातचीत नहीं की गई

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को कहा कि उसने होर्मुज से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के सुरक्षित पारगमन को सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका के साथ द्विपक्षीय वार्ता नहीं की है। विदेश मंत्रालय की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस जलमार्ग को खुला रखने के लिए युद्धपोत भेजने के आह्वान की पृष्ठभूमि में आई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमें इस बात की जानकारी है कि कई देशों में इस संबंधित मामले पर चर्चा हो रही है। हमने अभी तक द्विपक्षीय स्तर पर इस पर चर्चा नहीं की है। उनकी यह टिप्पणी इस सवाल के जवाब में आई कि क्या अमेरिका ने भारत से इस क्षेत्र में अपने युद्धपोत भेजने के लिए संपर्क किया था।

# स्थानीय निकाय शहरी समग्र विकास के मजबूत स्तंभ

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश के स्थानीय निकाय हमारे शहरों के समग्र विकास के सबसे मजबूत स्तंभ हैं। सफाई निरीक्षक इसकी नींव के पत्थर हैं।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को मुख्य सेवक सदन में शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत चयनित 63 सफाई निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के साथ ही कहा कि, चार वर्षों में राज्य में लगभग 30 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की जा चुकी है। सीएम ने इस दौरान करीब 62 करोड़ रुपये लागत के शहरी विकास निदेशालय के नवीन भवन का वर्चुअल शिलान्यास करने के साथ ही कूड़ा निस्तारण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, राज्य गठन के समय प्रदेश में केवल 63 स्थानीय नगर निकाय थे। आज 11 नगर निगम, 46 नगर पालिका परिषद और 51 नगर पंचायत सहित 108 स्थानीय नगर निकाय हैं। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि आज हमारे शहर विकास और आर्थिक गतिविधियों के महत्वपूर्ण केंद्र बन चुके हैं। सरकार प्रदेश के अपने इन शहरों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इस दिशा में हमारे स्थानीय निकायों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि कूड़ा प्रबंधन से लेकर नागरिकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के सुचारू संचालन तक की बड़ी जिम्मेदारी इन्हीं संस्थाओं के कंधों पर होती है।

सीएम ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में शहरी निकायों में 63 अधिशासी अधिकारियों, 22 कर एवं राजस्व निरीक्षकों तथा 32 अवर अभियंताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं।



मुख्य सेवक सदन में आयोजित समारोह में नियुक्ति पत्र प्रदान करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- मुख्यमंत्री धामी ने 63 सफाई निरीक्षकों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र
- कहा- चार वर्षों में 30 हजार युवाओं को प्रदान कर चुके सरकारी नौकरी

## गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के कपाट 23 मई को खुलेंगे

**देहरादून, अमृत विचारः** सिख धर्म की आस्था के प्रमुख केंद्र चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के कपाट आगामी 23 मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे।

श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने सोमवार को मुख्य सचिव आनंद बर्धन से सचिवालय में भेंट कर इसकी जानकारी दी। इस दौरान आगामी यात्रा व्यवस्थाओं तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया तथा इसके लिए स्थानीय प्रशासन को भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बता दें कि, इस वर्ष की चारधाम यात्रा का शुभारंभ 19 अप्रैल से श्री यमुनोत्री और श्री गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ होगा। बाबा केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल और बाबा बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे। इस साल की यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 6 मार्च से शुरू हो चुके हैं। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 17 अप्रैल से हरिद्वार और ऋषिकेश में शुरू होंगे।

# भाजपा की बंगाल-केरल की पहली सूची जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए सोमवार को 144 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। वहीं, केरल में 47 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सीट कोलकाता के भवानीपुर से नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को मैदान में उतारा है। वह नंदीग्राम से भी चुनाव लड़ेंगे।

बंगाल में पार्टी द्वारा जारी सूची के मुताबिक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष को खड़गपुर सदर से, बिमान महतो को सालबनी से और दक्षिण कोलकाता की रासबिहारी सीट से स्वपन दासगुप्ता को टिकट दिया गया है। भाजपा ने सुमिता सिन्हा को पूर्व मेदिनीपुर जिले के कांथी उत्तर से, बिमान घोष को हुगली जिले के पुरसुराह से और माधवी महलदर को दक्षिण 24 परगना जिले के कुलतली से मैदान में उतारा है।



- बंगाल में पहली लिस्ट में 144 नाम, केरल में 47 कैंडिडेट्स की घोषणा
- सुवेंदु को ममता की दोनों सीटों भवानीपुर और नंदीग्राम से टिकट

### केरल की पहली सूची में कूरियन चंद्रशेखर के नाम

**नई दिल्ली।** भाजपा ने केरल में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्रियों राजीव चंद्रशेखर और वी मुरलीधरन को क्रमशः नेमम और कझाकुट्टम विधानसभा सीटों से उम्मीदवार बनाया है। सूची के अनुसार, पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कूरियन को कंजीरापल्ली निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा है जबकि पीसी जॉर्ज पूनजार विधानसभा सीट से किस्मत आजमाएंगे। इसमें कहा गया है कि आर श्रीलेखा वट्टियोरकावु और पद्मजा वेणुगोपाल प्रदेश के त्रिशूर सीट से उम्मीदवार होंगी।

# पूरी शक्तिफार्म पुलिस चौकी लाइन हाजिर

संवाददाता, रुद्रपुर

- अवैध मिट्टी खनन पर अंकुश न लगाने पर कप्तान का एक्शन

**अमृत विचारः** अवैध मिट्टी खनन की शिकायतों पर एक्शन लेते हुए एसएसपी ऊधमसिंहनगर अजय गणपति ने सोमवार को पुलिस चौकी शक्तिफार्म को ही लाइन हाजिर कर दिया।

चौकी शक्तिफार्म क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के मामले को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। एसएसपी ने बताया कि, अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश न लगा पाने तथा ड्यूटी के प्रति उदासीनता/लापरवाही पाए जाने पर चौकी प्रभारी सहित चौकी शक्तिफार्म में नियुक्त समस्त पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। इन पुलिसकर्मियों में चौकी प्रभारी प्रकाश चंद्र भट्ट सहित आठ पुलिस कर्मी हैं। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि, जिले में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, लापरवाही पाए जाने पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। बता दें कि इससे पूर्व अवैध खनन को लेकर भ्रष्टाचार का ऑडियो वायरल होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर एसएसपी हरिद्वार ने इकबालपुर पुलिस चौकी को सस्पेंड कर दिया था।

## थोक महंगाई 11 महीने के उच्चतम स्तर 2.13% पर पहुंची

**नई दिल्ली।** दाल, आलू, मछली जैसे खाने के सामान और अन्य वस्तुओं के दाम में तेजी से थोक मुद्रास्फीति फरवरी में बढ़कर 11 महीने के उच्चतम स्तर 2.13 प्रतिशत पर रही। हालांकि, मासिक आधार पर इस दौरान सब्जियों की कीमतों में नरमी आई। यह लगातार चौथा महीना है जब थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में तेजी आई है। जनवरी में 1.81 प्रतिशत जबकि पिछले साल फरवरी में 2.45 प्रतिशत थी।

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि अगर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि जारी रहती है, तो थोक महंगाई में और तेजी आ सकती है और इसका असर अन्य वस्तुओं (उर्वरक, एल्युमीनियम) पर भी पड़ेगा।

नसीहत

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हरित आवरण के मुद्दे पर एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता

# हरियाली की जरूरत सिर्फ दिल्ली को है ... बदलनी होगी सोच

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली रिज से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि यह सोच बदलनी होगी कि केवल राष्ट्रीय राजधानी को ही हरियाली की जरूरत है और अन्य राज्यों पर इसका कम असर पड़ता है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने टिप्पणी की कि हरित आवरण के मुद्दे पर एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

अरावली पर्वत श्रृंखला का ही एक विस्तार रिज दिल्ली में स्थित है और यह एक पथरीला, पहाड़ी और वन क्षेत्र है। प्रशासनिक कारणों से इसे चार क्षेत्रों दक्षिण, दक्षिण-मध्य, मध्य और उत्तर में विभाजित किया गया है जो लगभग 7,784 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले हुए हैं। पीठ ने कहा, हमें यह सोच बदलने की जरूरत है कि राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते केवल दिल्ली को हरियाली की जरूरत है और बाकी शहरों को नहीं। इस मामले में अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता के परमेश्वर ने उच्चतम न्यायालय के 11 नवंबर के फैसले का हवाला दिया, जिसमें केंद्र को दिल्ली रिज मैनेजमेंट बोर्ड (डीआरएमबी) को वैधानिक दर्जा देने और इसे रिज और ''मॉर्फोलॉजिकल रिज'' से संबंधित सभी मामलों के लिए एकल-खिड़की प्राधिकरण बनाने का निर्देश दिया गया था। तब न्यायालय ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3(3) के तहत औपचारिक रूप से डीआरएमबी का गठन करने का निर्देश दिया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान, केंद्र की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि पिछले साल एक दिसंबर को डीआरएमबी के गठन के संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई थी।



### जंगल और हरित क्षेत्रों के प्रबंधन पर गठित समितियों का मांगा विवरण

पीठ ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह हलफनामा दाखिल कर रिकॉर्ड पर यह विवरण पेश करे कि जंगलों और हरित क्षेत्रों के प्रबंधन तथा पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को देखने के लिए वैधानिक या गैर-वैधानिक समितियों का गठन कैसे किया गया है। न्यायालय ने कहा कि हलफनामे में उन वैधानिक ढांचों पर भी स्पष्टीकरण होना चाहिए जिनके तहत विभिन्न निकायों का गठन किया गया है। पीठ ने कहा कि हलफनामा दो सप्ताह के भीतर दाखिल किया जाए और उसके बाद मामले की सुनवाई की जाएगी। सुनवाई के दौरान, पीठ को बताया गया कि विभिन्न समितियां राष्ट्रीय राजधानी और पूरे देश में हरित आवरण के मुद्दे पर गौर कर रही हैं।

## स्टेट ब्रीफ

### सीएम ने किया प्रथम सीडीएस का स्मरण

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) पद्म विभूषण से अलंकृत तथा उत्तराखंड के गौरव, जनरल बिपिन रावत की जयंती पर शासकीय आवास में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावपूर्ण स्मरण किया। सीएम ने कहा कि मां भारती की सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले जनरल बिपिन रावत अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। राष्ट्र की सुरक्षा और सेवा के प्रति जनरल बिपिन रावत का समर्पण हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उनका नेतृत्व, दूरदर्शिता और देश के प्रति अटूट निष्ठा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी।

### प्रतिनियुक्ति याचिका पर 18 को सुनवाई

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने उत्तराखंड में आईजी पद पर तैनात आईपीएस अधिकारी नीरू गर्ग व अरुण जोशी को प्रतिनियुक्ति पर केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन डीआईजी पद पर भेजने के आदेश को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई की। काफी देर तक चली सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने अगली सुनवाई के लिए 18 मार्च की तिथि नियत की है। खंडपीठ ने राज्य और केंद्र सरकार से इस मामले में जवाब पेश करने को कहा है।

# दिव्य और भव्य कुंभ के लिए धन की कोई कमी नहीं: सीएम धामी

## हरिद्वार में समीक्षा: स्वीकृतियां तुरंत जारी करें, समयबद्ध पूरी हों आवश्यक व्यवस्थाएं

संवाददाता, हरिद्वार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हरिद्वार में कुंभ मेला 2027 की तैयारियों की प्रगति की समीक्षा की। डामकोठी में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले वर्ष आयोजित होने वाले कुंभ मेले के दिव्य एवं भव्य आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ जैसे विराट आयोजन में किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। सभी संबंधित विभाग पूरी क्षमता और समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध तरीके से तैयारियों को पूरा करें। मेला आयोजन से जुड़े सभी हितधारकों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों तथा साधु-संतों के सहयोग से कुंभ मेले का भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि कुंभ से संबंधित कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी तथा प्रस्तावित कार्यों के लिए आवश्यक स्वीकृतियां शीघ्र जारी की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान ही दूरभाष पर मुख्य सचिव से वार्ता कर शासन स्तर पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सड़क, पुल, पेयजल, स्वास्थ्य, यातायात और पार्किंग व्यवस्था से जुड़े स्थायी प्रकृति के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। आगामी चारधाम यात्रा, वर्षाकाल तथा कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए सभी प्रमुख कार्यों के क्रियान्वयन की रणनीति बनाई जाए और विभाग निरंतर बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें।


अधिकारियों के साथ कुंभ मेले की तैयारियों की समीक्षा करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### सुरक्षा व्यवस्था को दें सर्वोच्च प्राथमिकता

**हरिद्वार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुंभ मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करते हुए आधुनिक तकनीकों और सुविधाओं से सुसज्जित इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की स्थापना को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके लिए आवश्यक स्वीकृति शीघ्र जारी की जाएगी। उन्होंने मेला नियंत्रण भवन के पास प्रस्तावित सीसीआर-2 भवन परियोजना की समीक्षा की। सीएम ने डामकोठी अतिथिगृह, हरिद्वार के विस्तार के निर्देश देते हुए कहा कि मौजूदा भवन से सटे क्षेत्र में एक आधुनिक एवं आकर्षक अतिथिगृह निर्माण की योजना तैयार कर प्रस्तुत की जाए। बैठक में मेलाधिकारी सोनिका ने कुंभ की तैयारियों से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

# ऋषिकेश को मिल रही वैश्विक योग राजधानी की पहचान

संवाददाता, टिहरी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को जनपद टिहरी के गंगा रिजॉर्ट मुनिकीरेती में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल व्यायाम नही समग्र जीवन पद्धति है। उन्होंने देश-प्रदेश के युवाओं से योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले युवा आमतौर पर थकावट महसूस करते हैं, इसमें योग उनका सबसे अच्छा सहयोगी बन सकता है। राज्य सरकार ने योग नीति-2025 बनायी है। प्रदेश के प्रत्येक जिले में 50 और 10 बेड वाले आयुष चिकित्सालय की स्थापना की जा रही है। योग और आध्यात्म को बढ़ावा देने के लिए 10 करोड़ का प्राविधान किया गया है। गढ़वाल मंडल विकास निगम और उत्तराखंड पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा ये योग महोत्सव 35 वर्षों से योग की परंपरा को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।


अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में योग क्रियाओं का प्रदर्शन करते साधक।



कहा कि योग के महत्त्व को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र संघ में रखा था। उसी का परिणाम है कि आज दुनिया के 180 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग का अभ्यास कर रहे हैं। उत्तराखंड केवल देवभूमि ही नहीं, बल्कि योगभूमि भी है।

विश्वभर से हजारों-लाखों साधक प्रति वर्ष उत्तराखंड आकर योग और ध्यान का अभ्यास करते हैं। हमारे लिए यह भी गर्व की बात है कि आज पूरी दुनिया में ऋषिकेश को 'विश्व की योग राजधानी' के रूप में पहचान मिल रही है। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज, वन मंत्री सुबोध उनियाल, एमडी जीएमवीएन प्रतीक जैन सहित संत-महात्मा एवं काफी संख्या में साधक मौजूद रहे।

# राजधानी में नशे ने ली विवाहिता की जान

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राजधानी से एक चौकाने वाली खबर सामने आई है। रायपुर क्षेत्र में एक खंडहरनुमा जगह से सोमवार को एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, चूना भट्ठा इलाके में मृत मिली इस महिला की मौत एक दिन पहले हुई और प्रारंभिक जांच में पता चला कि महिला नशे की आदी थी और यही उसकी मौत का कारण प्रतीत हो रहा है। हालांकि मौत के अन्य संभावित कारणों को लेकर भी जांच की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, रिस्पना नदी के पास खंडहरनुमा कमरे में महिला की लाश पड़ी होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। महिला की शिनाख्त देहरादून के अंबीवाला की रहने वाली शिवानी अरोड़ा (26) के रूप में हुई। परिजनों से पूछताछ में पता चला है कि उसे नशे की लत थी जिसे छुड़ाने के लिए उसे तीन बार नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। पुलिस के अनुसार, आखिरी बार शिवानी 15 दिन पहले हरिद्वार के एक नशा मुक्ति केंद्र से बाहर आई थी। महिला की मां ने बताया कि घटना से तीन-चार दिन पहले वह घर से गई थी और तब से नहीं लौटी थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शिवानी विवाहित थी और उसका पति भी नशे का आदी है जो फिलहाल उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में रह रहा है।

## हाईकोर्ट ने की याचिका पर सुनवाई

**नैनीताल:** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ ने विकासनगर के एसडीओ वन के खिलाफ दर्ज एफआईआर निरस्त करने और गिरफ्तारी पर रोक लगाने संबधित याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को सोमवार तक स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

पीठ ने इस तथ्य से भी अवगत कराने के निर्देश दिए कि जिस जगह यह घटना हुई, वह खनन प्रतिबंधित क्षेत्र था या नहीं। इसके अलावा, हाईकोर्ट की पीठ ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही कोर्ट की कार्यवाही का भी संज्ञान लिया। कहा कि, कुछ लोग इसका लगातार फायदा उठाकर न्यायपालिका की गरिमा प्रभावित करना चाह रहे है जो लाइव स्ट्रीमिंग एक्ट 2018 की नियमावली के विरुद्ध है। कोर्ट कभी भी संज्ञान लेकर उनके खिलाफ कार्यवाही कर सकती है।

# वाइब्रेंट विलेज: 402 करोड़ के विकास प्रस्ताव मंजूर

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में वाइब्रेंट विलेज प्रोजेक्ट की एसएलएससी (स्टेट लेवल स्क्रीनिंग कमेटी) की समीक्षा बैठक में वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत चयनित सीमांत गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए लगभग 402 करोड़ के नए प्रस्तावों का समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

इन प्रस्तावों के तहत गांवों में पर्यटन हाउसिंग, ग्राम अवसंरचना, सड़क संपर्क, सामाजिक विकास, अस्पताल, खेल मैदान, स्मार्ट कक्षाएं, स्मॉल जिम सेंटर, सोलर स्ट्रीट लाइट तथा कृषि उत्थान से जुड़े विभिन्न कार्य किए जाएंगे। इन विकास कार्यों से सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए आजीविका के नए अवसर सृजित होंगे तथा गांवों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति मजबूत होगी। सीएस ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं से प्राप्त होने वाले आउटकम, लोगों की आजीविका में संभावित बदलाव तथा दीर्घकालिक लाभ का स्पष्ट विवरण भी साझा किया जाए, ताकि योजना के प्रभाव का समुचित मूल्यांकन किया जा सके।


सचिवालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते सीएस आनंद बर्धन।

### खर्च में तेजी लाएं विभाग

मुख्य सचिव ने सचिवालय में सचिव समिति की बैठक में राज्य में संचालित विविध योजनाओं की वित्तीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। सीएस ने विभागों को निर्देशित किया कि योजनाओं के अंतर्गत आवंटित धनराशि के खर्च की प्रगति में तेजी लाते हुए उसका शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए। पूंजीगत व्यय राज्य के विकास को गति देता है, इसलिए सभी विभाग परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करें। कहा कि किसी भी स्कीम का बजट लैप्स नहीं होना चाहिए।

### सीएम घोषणाओं के कार्य शीघ्र पूरे करें

**देहरादून :** मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री घोषणाओं तथा मुख्यमंत्री की 10-10 घोषणाओं पर आधारित कार्यों की समीक्षा बैठक में सभी विभागों को निर्देशित किया कि सीएम घोषणाओं के अंतर्गत जिन योजनाओं और परियोजनाओं को पूर्ण किया जाना है, उन पर त्वरित अग्रिम कार्रवाई करते हुए उन्हें शीघ्रता से पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। जिस योजना अथवा परियोजना को किसी कारणवश पूर्ण करना संभव नहीं है और जिसका विलोपन किया जाना है, उसका प्रस्ताव अगले 15 दिवस के भीतर मुख्यमंत्री घोषणा सेल को प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में प्रस्ताव प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाएगा कि संबंधित विभाग उस परियोजना को पूर्ण करेगा।

### गैस की कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाएं

**देहरादून :** मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने सचिवालय सभागार में वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश में एलपीजी गैस की आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा बैठक की। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के अधिकारियों के साथ सभी जनपदों के जिलाधिकारियों ने भी वर्चुअल प्रतिभाग किया। पूर्ति विभाग ने अवगत कराया कि राज्य में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है तथा उपभोक्ताओं को उनकी मांग के अनुरूप समय पर और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। सीएस ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एलपीजी सिलेंडर एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने गैस की अवैध बिक्री और जमाखोरी रोकने के लिए नियमित छापेमारी, स्टॉक की जांच तथा निगरानी अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# विधायक सुमित का गर्मजोशी से स्वागत

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने हाल ही संपन्न हुए गैरसैंण विधानसभा सत्र में हल्द्वानी व आसपास की समस्याओं को मुखर ढंग से उठाने के लिए विधायक सुमित हृदयेश का अभिनंदन किया।

सोमवार को कांग्रेसजन एवं क्षेत्रवासी विधाक सुमित के आवास विकास स्थित आवास पहुंचें और उनका फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान हल्द्वानी सहित राज्य के जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को सदन में प्रमुखता और मजबूती से उठाया है। बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं, आयुष्मान कार्ड एवं गोल्डन कार्ड योजना में खामियों, एलपीजी गैस किल्लत, खिलाड़ियों और युवाओं के रोजगार सहित आमजन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को जिस मजबूती के साथ विधायक सुमित हृदयेश द्वारा सदन में उठाया गया है, वह एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस पर विधायक सुमित ने कहा कि जनता की आवाज को सदन तक पहुंचाना उनका कर्तव्य है, वह आगे भी जनता के मुद्दे उठाते रहेंगे। जनता की उम्मीदों और विश्वास को बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है। जनहित, विकास तथा आमजन के अधिकारों के लिए उनका संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

जनता का यह स्नेह और समर्थन उन्हें और अधिक जिम्मेदारी तथा ऊर्जा के साथ काम करने की प्रेरणा देता है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, सतीश नैनवाल, हरीश मेहता, हेमन्त बगड़वाल, एनबी गुणवंत, नरेश अग्रवाल, मलय बिष्ट, मयंक भट्ट, राजेन्द्र बिष्ट, गोविंद बिष्ट, पार्षद मुकुल बलुटिया, महिला महानगर अध्यक्ष मधु सांगुड़ी, शोभा बिष्ट, पार्षद भागीरथी बिष्ट, निर्मला जोशी, आदि मौजूद रहे।


विधायक सुमित हृदयेश के आवास पर उनका स्वागत करते कांग्रेसी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## सेनि लोगों ने भाजपा का दामन थामा

**देहरादून:** भाजपा के सदस्यता अभियान में सोमवार को बड़ी संख्या में सेवानिवृत सैन्य अधिकारियों एवं सरकारी कर्मचारियों समेत विभिन्न दलों के लोगों ने पार्टी सदस्यता ग्रहण की। पार्टी प्रदेश मुख्यालय में कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार और विधायक फकीर राम टम्टा ने गंगोलीहाट विधानसभा से आए इन सभी लोगों को फूलमाला एवं पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी की औपचारिक सदस्यता दिलाई।

परिहार ने सभी का स्वागत करते हुए संगठन की रीति नीति और वैचारिक प्रतिबद्धता की जानकारी दी। कहा पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। इसी वजह से हर व्यक्ति उत्तराखंड को विकसित बनाने के मिशन में अपना सहयोग करना चाहता है।

# एसआईआर की तैयारियां तेज अब तक 87 फीसदी मैपिंग पूरी

● सीईओ राजस्थान ने एसआईआर के सफल संपादन के बताए टिप्स

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में आगामी अप्रैल माह में होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम की पहल पर निर्वाचन विभाग राजस्थान ने उत्तराखंड पहुंचकर अपने अनुभव साझा किए।

सोमवार को देहरादून में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान नवीन महाजन ने हाल में ही राजस्थान में सम्पन्न एसआईआर के सम्बंध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय उत्तराखण्ड के सभी अधिकारियों सहित सभी जनपदों के डिप्टी डीईओ/अपर जिला अधिकारियों, नेशनल एवं स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स ने भी प्रतिभाग किया।

बैठक के दौरान सीईओ डॉ. पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश में 87 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। जिन बूथों पर मैपिंग की गति धीमीं है, सम्बंधित अधिकारियों को टाइमलाइन देते हुए ससमय मैपिंग कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में एसीईओ डॉ. वीके जोगदंडे, जेसीईओ प्रकाश चंद्रा सहित निर्वाचन एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।


एसआईआर के संबंध में बैठक करते निर्वाचन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी।

अमृत विचार की खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें




# हाईकोर्ट के सरकार को कमेटी बनाने के निर्देश

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने चारधाम यात्रा मार्ग पर घोड़ों और खच्चरों के साथ क्रूरता को रोकने के लिए गढ़वाल परिक्षेत्र के आयुक्त की अगुवाई में उच्चस्तरीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। कमेटी दो सप्ताह में अस्तित्व में आएगी और निगरानी के लिए ठोस योजना तैयार करेगी।

मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने पशु प्रेमी गौरी मौलखी की ओर से दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए ये निर्देश जारी किए। याचिकाकर्ता की ओर से खंडपीठ को बताया गया कि चारधाम यात्रा पर घोड़ों के साथ क्रूरता पर रोकथाम के लिए दो साल पहले आदेश जारी किए गए हैं और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तैयार करने के निर्देश दिए थे लेकिन दो साल बाद भी अदालत के आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। याचिकाकर्ता की ओर से केदारनाथ यमुनोत्री, हेमकुंड साहिब और आदि कैलाश यात्रा मार्ग पर निगरानी के लिए उच्चस्तरीय कमेटी गठित करने की मांग की गयी। अदालत ने याचिकाकर्ता के सुझाव को स्वीकार करते हुए गढ़वाल आयुक्त की अगुवाई में कमेटी गठित करने के निर्देश दे दिए।

**क्रिकेट लीग**

**इंडिया कैप्टन्स की टीम संघर्ष करती नजर आई और 18 .3 ओवर में मात्र 87 रन पर ही सिमट गई**

# सदर्न सुपर स्टार्स की जीत, इंडिया कैप्टन्स को 8 विकेट से हराया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी-2026) के छठे मुकाबले में सदर्न सुपर स्टार्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडिया कैप्टन्स को आठ विकेट से पराजित कर दिया। अनुशासित गेंदबाजी और दमदार बल्लेबाजी के दम पर टीम ने यह जीत आसानी से हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडिया कैप्टन्स की टीम संघर्ष करती नजर आई और 18.3 ओवर में मात्र 87 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और शुरुआती ओवरों में ही गौरव तोमर का विकेट गिर गया। हाशिम अमला ने 17 गेंदों में 12 रन बनाकर पारी को संभालने की कोशिश की, जबकि शेल्डन जैक्सन ने 20 गेंदों में 17 रन का योगदान दिया। राजेश बिश्नोई ने 12 रन बनाए, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। सदर्न सुपर स्टार्स की ओर से अजीत चंदिला ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार महत्वपूर्ण विकेट झटके। रजत भाटिया और रवि जांगिड़ ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया, वहीं दिवेश पठानिया ने भी दो विकेट हासिल किए।

88 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी सदर्न सुपर स्टार्स की शुरुआत भी थोड़ी लड़खड़ा गई। कप्तान रजत भाटिया पहली ही गेंद पर परविंदर अवाना का शिकार बने, जबकि पुनीत बिष्ट भी दो रन बनाकर आउट हो गए। तीसरे ओवर में टीम का स्कोर 16/2 हो गया था। इसके बाद हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने 30 गेंदों में नाबाद 61 रन बनाए, जिसमें सात चौके और चार छक्के शामिल रहे। दिलशान मुनावीरा ने 18 गेंदों में नाबाद 20 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। दोनों बल्लेबाजों की साझेदारी की बदौलत सदर्न सुपर स्टार्स ने 9.2 ओवर में 88/2 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।


इंडिया कैपिटल्स व सदर्न सुपर स्टार के बीच हुआ छठा मैच।

### बाउंसरों ने खिलाड़ियों की बसें रोकीं

**हल्द्वानी :** मैच समाप्त होने के बाद स्टेडियम में तैनात बाउंसरों ने अपनी पेमेंट न मिलने का आरोप लगाते हुए मुख्य गेट बंद कर दिया। खिलाड़ियों की बसें भी स्टेडियम में फंस गईं। आयोजन समिति से आश्वासन मिलने के बाद बाउंसरों ने स्टेडियम का गेट खोल दिया और बसों को बाहर जाने की अनुमति दे दी।

अमृत विचार



## सिटी ब्रीफ

### रक्षा मंत्री के दौरे के लिए प्रशासन ने कसी कमर

**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 21 मार्च को एमबी इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाने के साथ ही आगामी विस चुनाव का बिगुल फूंका जाएगा। इसको लेकर भाजपा के साथ जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यक्रम में सीएम धामी, प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही सभी कैबिनेट मंत्री, सांसद, कुमाऊं के विधायक व पदाधिकारी भाग लेंगे। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आने की पुष्टि हो चुकी है। भाजपा के 24 हजार कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जा रहा है।

### सीएस आनंदबर्द्धन आज से जिले के भ्रमण पर

**हल्द्वानी :** एडीएम प्रशासन विवेक राय ने बताया कि मुख्य सचिव आनंदबर्धन मंगलवार को दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। वह मंगलवार को देहरादून से प्रस्थान कर सुबह 10 :55 बजे केलाखान हेलीपैड पहुंचेंगे। फिर सुबह 11 :30 बजे कैंची धाम पहुंचेंगे और कैंची धाम में चल रहे विकास कार्यों एवं परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद दोपहर 1 :30 बजे कैंचीधाम से प्रस्थान कर 2 बजे एवरस्ले कॉटेज एटीआई पहुंचेंगे। तदोपरांत एटीआई से प्रस्थान कर सांय 5 बजे हाईकोर्ट में आहूत बैठक में हिस्सा लेंगे।

# गरज चमक के साथ तूफान, छतें उड़ीं पेड़ गिरे, जनजीवन ठहरा

## सहमे लोगों को सुरक्षित ठिकाना तलाशना पड़ा, हल्द्वानी में बिजली गुल होने से घरों में पानी की सप्लाई ठप, खड़ी फसलों को भी पहुंचा भारी नुकसान

- **बिजली के तार टूटने से सुबह तक गुल रही बत्ती**

संवाददाता, हल्द्वानी

**01** बजे लगभग रविवार की रात को आंधी ने मचाया तांडव

**16** घंटे गुल रही हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में बिजली

**अमृत विचारः** रविवार रात अचानक आए तेज तूफान ने नैनीताल जिले के कई क्षेत्रों में भारी तबाही मचायी। इस बीच तेज हवाओं से कई मकानों की छतें उड़ गईं, मकान ध्वस्त हो गए और पेड़ गिर पड़े। कई लोगों को सुरक्षित ठकाना तलाशना पड़ा।

भीमताल ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले चोपड़ा गांव में तूफान का सबसे अधिक असर देखने को मिला। ग्राम सभा चोपड़ा के निवासी कंचन सिंह कुंवर ने बताया कि रविवार आधी रात करीब एक बजे तेज तूफान आया और देखते ही देखते उनके मकान की पूरी छत (टीन चादर) उड़ गई। उस समय वह और उनकी पत्नी ममता देवी घर के अंदर ही मौजूद थे।

तेज हवा और तूफान के कारण स्थिति इतनी भयावह हो गई कि दोनों को अपनी जान बचाने के लिए तुरंत घर से बाहर भागना पड़ा। इस घटना में उनके मकान को काफी नुकसान हुआ है और अब उनके सामने रहने की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। तूफान का असर आसपास के अन्य गांवों में भी देखने को मिला।

जंतवाल गांव में कमल जंतवाल, सूर्या गांव में भुवन सिंह सूर्या व दोगड़ा गांव में पान सिंह बिष्ट के घरों की छतें भी तेज हवाओं के कारण उड़ गईं। ग्रामीणों के अनुसार तूफान कुछ ही देर चला, लेकिन इस दौरान तेज हवाओं ने काफी नुकसान पहुंचाया।

ग्रामीणों ने बताया कि अचानक आए इस तूफान से कई परिवारों को आर्थिक नुकसान हुआ है। जिन घरों की छतें उड़ गई हैं, वहां रहने वाले लोग फिलहाल रिश्तेदारों या पड़ोसियों के घरों में शरण लेने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है। चोपड़ा गांव की ग्राम प्रधान बीना जीना का कहना है कि प्रशासन सहायता उपलब्ध कराई जाती है तो प्रभावित परिवारों को राहत मिल सकेगी।



दोगड़ा गांव में पटवारी शिव सिंह घर की उखड़ी छत का निरीक्षण करते हुए।



तूफान से चोपड़ा गांव में मकान की उड़ी छत। ● अमृत विचार

> तूफान से हुए नुकसान वाले सभी गांवो का मौके पर जाकर निरीक्षण कर लिया गया है। प्रभावित परिवारों से भी जानकारी ली गई है। क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे आगे की कार्रवाई और सहायता के लिए संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। **–शिव सिंह**, पटवारी, चोपड़ा पट्टी



नैनीताल के स्टोनले कंपाउंड में घर की उखड़ी छत। ● अमृत विचार

## नैनीताल में पेड़ गिरने से सड़कें बंद, बिजली ठप

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** नैनीताल में देर रात आई तूफानी बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। तेज तूफान का सबसे ज्यादा असर आयारपाटा क्षेत्र में देखने को मिला। यहां रणजीत रावत, मनोज मिश्रा और दिग्विजय सिंह रावत के घरों की छतें तेज हवा के कारण क्षतिग्रस्त हो गईं। इसी तरह बी.डी. पांडे आउट हाउस क्षेत्र में माही जोशी के घर की छत भी आंधी में उड़ गई, जिससे परिवार को भारी नुकसान हुआ।

शहर की कई सड़कों पर आवागमन बाधित हो गया। राजभवन रोड पर एक बड़ा पेड़ गिरने से सड़क कुछ समय के लिए पूरी तरह बंद हो गई। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों, स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाद में स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से पेड़ को हटाकर रास्ता आंशिक रूप से खोला गया। तेज हवाओं और पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। पूरे शहर में पिछले करीब 24 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। बिजली गुल होने से पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो गई है। हल्द्वानी मार्ग पर स्थित बल्दियाखान क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों पर पेड़ गिरने से बिजली की लाइनें टूट गईं। इसके अलावा पाइन्स क्षेत्र में भी कई पेड़ गिरने से करीब आधा दर्जन बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए और चार स्थानों पर बिजली के तार टूट गए। इससे पूरे क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई। सूचना मिलने के बाद विद्युत विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य में जुट गई हैं।

बिजली विभाग के एसडीओ प्रिंस पांडे ने बताया कि विभाग की टीमें लगातार फील्ड में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि तूफान के कारण कई स्थानों पर बिजली के तार टूटे हैं और पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिन्हें ठीक किया जा रहा है। जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।



रविवार देर रात आंधी में सेंट पाल स्कूल के पास दीवार गिरने से टूटी झोपड़ी से सामान बाहर निकालते लोग। ● अमृत विचार

### दो दिन बाद फिर बदलेगा मौसम, आंधी तूफान के साथ बरसेगा पानी, आज मौसम रहेगा सामान्य

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में बीती रात आंधी तूफान ने जमकर तांडव दिखाया। ओलों की बरसात के साथ पानी भी जमकर बरसा है। तूफान के चलते पेड़ धराशाई हो गए और कई घरों की छतें भी उखड़ गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन बाद पुन: आंधी तूफान के साथ मौसम पानी बरसेगा। नगर में बीती रात करीब डेढ़ बजे तेज हवाओं के साथ तूफान शुरू हुआ और करीब 45 मिनट जारी रहा। तूफान की गति करीब 50 प्रति किमी घंटा से अधिक रही। इसके साथ ही बारिश भी शुरू हो गई जो रुक रुक कर सुबह तक जारी रही। इस बीच कई घरों की छतें उखड़ गई और पेड़ भी धराशाई हो गए। नगर की बत्ती भी गुल हो गई और पूरे दिन गायब रही। दिन में वर्षा तो नहीं हुई लेकिन बादल पूरे दिन डेरा डाले रहे। शाम के समय कुछ देर को धूप के दर्शन हुए। मौसम विभाग देहरादून के मौसम वैज्ञानिक डा रोहित थपलियाल ने बताया कि मंगल को मौसम सामान्य रहेगा, जबकि बुधवार को कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी। गुरुवार से एक और पश्चिमी विक्षोभ पहुंचने जा रहा है तो आंधी तूफान की आशंका बनी रहेगी। हवा की गति अधिक रहेगी और लाइटनिंग भी होगी। पानी बरसेगा और ओलावृष्टि की संभावना रहेगी। इस विक्षोभ का असर दो दिन बने रहने की संभावना है। नगर में बीती रात 19 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। मौसम बदलने से ठंड शुरू हो गई है। बक्सों में बंद गरम कपड़े निकल आए हैं। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 20 व न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।



नैनीताल– कालाढूंगी मोटर मार्ग पर गिरा विशालकाय चीड़ का पेड़। ● अमृत विचार

## मौत का तूफान आया और ले गया कार्तिक की जान

संवाददाता, रामनगर/हल्द्वानी

- **तूफान से रामनगर के रिंगौड़ा में पेड़ गिरने से बालक की मौत**
- **काठगोदाम में स्कूल की दीवार झोपड़ी पर गिरी, तीन घायल**

**अमृत विचारः** रविवार आधी रात आंधी तूफान ने हल्द्वानी से रामनगर तक खूब कहर बरपाया। कई जगह तबाही का मंजर देखा गया।

इसी दौरान ग्राम रिंगौड़ा निवासी प्रकाश उपाध्याय के 13 वर्षीय पुत्र कार्तिक उपाध्याय पर एक विशालकाय हल्दू का पेड़ गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पेड़ की चपेट में आने से उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने वन विभाग को इस मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया कि जिस पेड़ के गिरने से यह हादसा हुआ, उसे काटने या उसकी लॉपिंग करने के लिए गांव के लोग वर्ष 2012 से कई बार वन विभाग को लिखित शिकायत दे चुके थे, लेकिन विभाग ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। गांव में इस समय भी कई ऐसे पुराने और खतरनाक पेड़ खड़े हैं, जिनसे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि घटना के बाद गांव के कुछ लोग सूचना देने के लिए रामनगर स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय पहुंचे, लेकिन वहां मौजूद कर्मचारियों ने संसाधनों की कमी का हवाला देते हुए ग्रामीणों के साथ अभद्रता और धक्कामुक्की की। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं, मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजनों को समझाकर बालक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### झोपड़ी पर दीवार गिरी पूरा परिवार दबा

**हल्द्वानी :** तूफान के बीच रविवार आधी रात काठगोदाम क्षेत्र में सेंट पॉल स्कूल की दीवार भरभरा एक झोपड़ी पर गिर गई। घटना के वक्त झोपड़ी में बदायूं यूपी निवासी मजदूर बाबूराम (65) का परिवार सो रहा था। झोपड़ी पर भारी दीवार गिरते ही चीख–पुकार मच गई। लोग फौरन राहत कार्य में जुटे और सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। लोगों की मदद से पुलिस ने दीवार के मलबे के नीचे झोपड़ी में दबे परिवार को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से एसटीएच हल्द्वानी पहुंचाया। उपचार के बाद सोमवार सुबह अस्पताल से सभी पांच घायलों को छुट्टी दे दी गई। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि हादसे में बाबूराम व धर्मवीर के माथे पर, किशन के हाथ–पैर व सीने में गुम चोट आई है। दो बहु आरती व रश्मि के साथ बाकी लोग चोटिल हुए हैं।



रामनगर में दीवार गिरने से क्षतिग्रस्त कारें। ● अमृत विचार

## भीमताल क्षेत्र में फसलें बर्बाद

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** सोमवार तड़के करीब 1:30 बजे आई तेज आंधी-तूफान और बारिश के चलते भीमताल विधानसभा क्षेत्र में व्यापक नुकसान हुआ। विकासखंड ओखलकांडा के ग्राम पंचायत बड़ोंन के तोक घोड़ापूड़ा में धनीराम, बच्चीराम, लक्ष्मण राम और धनीप्रकाश राम के मकानों की छत उड़ गई। प्रभावित परिवारों को मजबूरन अन्य लोगों के घरों में शरण लेनी पड़ी।

क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जगत बोरा ने प्रशासन से मौके का स्थलीय निरीक्षण कर प्रभावितों को मुआवजा देने की मांग की है। आंधी-तूफान के कारण क्षेत्र में काश्तकारों की गेहूं की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर बड़े पेड़ टूटकर गिर गए, जिससे कुछ घरों को भी क्षति पहुंची है। ग्राम सभा भैरसा सकनानी में बच्ची बल्लभ पुत्र गौरीदत्त की गौशाला तेज आंधी में उड़ गई, जबकि अमिया गांव में नित्यानंद पांडे की गौशाला को भी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र में काश्तकारों की प्याज, लहसुन, गेहूं, आम और लीची की फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है।

सहकारी समिति बना के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। वहीं ग्राम पंचायत डहरा में भी तेज आंधी-तूफान से गेहूं, आम और लीची की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ग्राम प्रधान मनोज चनोतिया ने बताया कि यहां अधिकतर छोटे किसान हैं, जिनकी सालभर की फसल मुश्किल से तैयार होती है। ऐसे में मौसम की मार से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने भी प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की है।



भीमताल क्षेत्र में एक खेत में गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

### पांडवखोली क्षेत्र बर्फ की चादर से ढका

**रानीखेत :** चैत्र माह का आगमन स्वर्गपुरी पांडवखोली में बर्फ की फुहारों के साथ हुआ। रविवार देर रात करीब 11:15 बजे आश्रम परिसर और आसपास की पर्वत श्रृंखलाएं बर्फ की सफेद चादर से ढक गईं। करीब डेढ़ इंच तक हुई बर्फबारी से पूरा क्षेत्र मनमोहक दृश्य में तब्दील हो गया।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में शनिवार से ही मौसम बिगड़ने लगा था। रविवार सुबह करीब नौ बजे से रिमझिम बारिश शुरू हो गई थी, जिससे मौसम ठंडा हो गया। रविवार को भी दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही और शाम को मूसलाधार वर्षा से लोग सकते में आ गए। रात तक बारिश जारी रही और बाद में पांडवखोली क्षेत्र में बर्फबारी शुरू हो गई। पांडवखोली में हुई बर्फबारी से पूरा इलाका बर्फ की चादर में लिपट गया। ठंड बढ़ने के कारण लोगों ने एक बार फिर गर्म कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है।



पांडवखोली में गिरी बर्फ का नजारा। ● अमृत विचार

**निराशा** गौलापार क्षेत्र में 70 प्रतिशत गेहूं की फसल बर्बाद, आम के बगीचों को भी हुआ है नुकसान, किसानों ने उठाई मुआवजे की मांग

## आंधी ने फेरा किसानों की मेहनत पर पानी, गेहूं की फसल को नुकसान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** रविवार देर रात तेज आंधी-तूफान ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। तेज हवाओं और खराब मौसम के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। खासकर गौलापार क्षेत्र में गेहूं की फसल बड़े पैमाने पर बर्बाद होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

किसानों के अनुसार तेज आंधी के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह बैठ गई है। शुरुआती आकलन के मुताबिक गौलापार क्षेत्र में करीब 70 प्रतिशत गेहूं की फसल खराब हो चुकी है। अचानक हुए इस नुकसान से किसानों में भारी निराशा है। आंधी-तूफान का असर फलों की फसलों पर भी देखने को मिला है। तेज हवाओं के कारण कई बागानों में आम के पेड़ों में लगे बौर जमीन पर गिर गए, जिससे इस साल आम की पैदावार प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। क्षेत्र के किसानों ने सरकार और प्रशासन से नुकसान का शीघ्र सर्वे कराने और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। किसानों का कहना है कि साल भर मेहनत करने के बाद जब आंधी-तूफान, ओलावृष्टि, जंगली जानवरों के आतंक या अन्य कारण से फसल खराब हो जाती है, तो उनका मनोबल टूट जाता है और खेती से मोहभंग होने लगता है।

मौसम के इस बदले मिजाज से केवल खेती ही नहीं बल्कि अन्य नुकसान भी हुआ है। तेज आंधी के चलते कई जगह दुकानों के बोर्ड उखड़ गए, जबकि कुछ घरों में लगे सोलर पैनल भी टूट गए हैं।



रामपुर रोड स्थित चांदनी चौक गरवाल में रविवार देर रात आए तेज अंधड़ के कारण खेतों में गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार



> आंधी–तूफान के कारण गेहूं की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। मेरी करीब 10 एकड़ फसल खराब हो गई है। इसके साथ ही आम और लीची को भी काफी नुकसान हुआ है। हर साल किसी न किसी कारण से होने वाले नुकसान के कारण खेती से मोहभंग हो रहा है। **– हरेंद्र क्वीरा**



> गेहूं की खड़ी फसल तबाह हो गई है। करीब 4 एकड़ गेहूं की फसल बैठ गई है। गेहूं किसान की मुख्य फसल है, जिसमें सालभर किसान मेहनत करता है, लेकिन प्राकृतिक आपदा के कारण फसल बर्बाद हो जाती है। शीघ्र मुआवजा दिया जाना चाहिए। **– नीरज रैक्वाल**



> क्षेत्र के अधिकांश लोग खेती–किसानी पर निर्भर हैं। गेहूं की फसल खराब होने से निराशा हाथ लगी है और नुकसान की भरपाई होना मुश्किल है। शासन–प्रशासन को प्रभावितों को उचित मुआवजा देना चाहिए। दुकान को भी नुकसान हुआ है। **– प्रेम जोशी**



> किसान महीनों तक फसल पर मेहनत करता है, । लेकिन प्राकृतिक आपदा या जंगली जानवरों के आतंक से फसल को नुकसान पहुंचता है। क्षेत्र के किसानों को कभी टमाटर में नुकसान होता है, तो कभी आम–लीची में। प्रशासन से उम्मीद है कि उचित मुआवजा मिलेगा। **– आनंद भगत**

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

बरेली का एकमात्र PET CT

पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी

डे केयर थेरेपी

इम्यूनोथेरेपी

कैंसर आईसीयू

फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री

मैमोग्राफी

कैंसर के रोकथाम की ओपीडी

इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana – Ayushman Bharat PM-JAY

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त

Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com

रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# जलवायु परिवर्तन से 19 फीसदी जल स्रोत सूखे

## इम्पैक्ट ऑफ क्लाइमेट चेंज ऑन वाटर रिसोर्सेस: ए केस स्टडी ऑफ बलिया कैचमेंट में सामने आए चिंताजनक तथ्य

- कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल में प्रस्तुत शोध में खुलासा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** वैश्विक जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति हिमालयी क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील माना जाता है। इसका असर यहां की नदियों और पारंपरिक जल स्रोतों धारों और नौलों पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल में प्रस्तुत एक पीएचडी शोध में इस संबंध में महत्वपूर्ण और चिंताजनक तथ्य सामने आए हैं।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर के भूगोल विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूनम शाह गंगोला के निर्देशन में शोधार्थी डॉ. वसीम अहमद ने इम्पैक्ट ऑफ क्लाइमेट चेंज ऑन वाटर रिसोर्सेस: ए केस स्टडी ऑफ बलिया कैचमेंट, डिस्ट्रिक्ट नैनीताल, उत्तराखंड विषय पर अपना शोध कार्य किया। अपनी अंतिम मौखिक परीक्षा (वाइवा) के दौरान उन्होंने बताया कि नैनीताल जिले के बलिया नदी (बलिया नाला) जलग्रहण क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं, जिसका सीधा असर स्थानीय जल संसाधनों पर पड़ रहा है। अध्ययन के अनुसार क्षेत्र के कई पारंपरिक जल स्रोत सूखते जा रहे हैं तथा बलिया नदी और उसकी प्रमुख सहायक नदियों कुरियागाड़ और नलेनागाड़ में जलस्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इसके अलावा क्षेत्र की आर्द्रभूमियां, जिन्हें स्थानीय भाषा में सिमार और गजार कहा जाता है, भी तेजी से सिकुड़ रही हैं।



कुमाऊं विश्वविद्यालय में पीएचडी शोध प्रस्तुत करने के दौरान उपस्थित प्रोफेसर, शोधार्थी व अन्य। ● अमृत विचार

शोध में सामने आया है कि लगभग 19 प्रतिशत जल स्रोत पूरी तरह सूख चुके हैं, जबकि करीब 24 प्रतिशत जल स्रोत मौसमी हो गए हैं। अध्ययन के दौरान यह भी पाया गया कि क्षेत्र में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जबकि वर्षा का स्वरूप बदल रहा है। अब वर्षा सामान्य और संतुलित रूप में न होकर अतिवृष्टि (भारी वर्षा) के रूप में हो रही है और वर्षा के कुल दिनों में भी कमी आई है। इसके साथ ही चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति भी बढ़ रही है। इन परिवर्तनों का प्रभाव क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थिति और खाद्य सुरक्षा पर भी पड़ रहा है। जल संसाधनों में कमी के कारण कृषि, बागवानी और पशुपालन जैसी पारंपरिक आजीविकाएं प्रभावित हो रही हैं और इन गतिविधियों में कमी देखने को मिल रही है। डॉ. वसीम अहमद ने अपने अध्ययन में चेतावनी दी कि यदि समय रहते जल संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में क्षेत्र में जल संकट और गंभीर हो सकता है। उन्होंने समुदाय आधारित जल संरक्षण और प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीकों के समन्वय से जल स्रोतों को पुनर्जीवित किया जा सकता है। साथ ही रिचार्ज जोनों की पहचान कर उनका संरक्षण किया जाना भी आवश्यक है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए जलवायु अनुकूलन (क्लाइमेट अडॉप्टेशन) रणनीतियों को अपनाने की भी जरूरत बताई। शोध की मौखिक परीक्षा के बाह्य परीक्षक प्रो. प्रवीण कुमार पाठक (जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली) ने इस अध्ययन को महत्वपूर्ण और उपयोगी बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में जल संसाधनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने शोध को और अधिक सूक्ष्म और तकनीकी दृष्टि से आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रो. आर.सी. जोशी, डॉ. पूनम शाह गंगोला, डॉ. मनीषा त्रिपाठी, डॉ. मोहन लाल, डॉ. पी.सी. चन्याल, डॉ. विनीता, डॉ. देवेंद्र, डॉ. दीपक, शोध छात्र-छात्राएं तथा अन्य लोग उपस्थित रहे। डॉ. ललित तिवारी सहित सभी उपस्थित लोगों ने डॉ. वसीम अहमद को पीएचडी उपाधि प्राप्त करने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# सब स्टेशन की जमीन को लेकर विवाद, सौंपा ज्ञापन



एसडीएम विपिन चंद्र पंत को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण व जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** प्रशासन द्वारा बीते शनिवार को विद्युत विभाग को सब स्टेशन निर्माण के लिए दो बीघा जमीन पर कब्जा दिलाए जाने के बाद सोमवार को क्षेत्र के कई ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर राजस्व भूमि पर पुनः कब्जा दिलाने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्राम प्रधान ममता चौहान ने बताया कि वर्ष 1960 से कई परिवार इस स्थान पर निवास कर रहे हैं। उनके पास बिजली, पानी, राशन कार्ड समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं और लोग कई वर्षों से यहां खेती-बाड़ी कर अपनी आजीविका चला रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना के मौके पर पहुंचकर पुलिस बल के साथ तारबाड़ कर दी। ग्रामीणों और पीड़ित परिवारों ने चेतावनी दी कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। क्षेत्र पंचायत सदस्य पति अनूप बिष्ट ने कहा कि पूर्व में नयागांव में विद्युत विभाग द्वारा भूमि का चयन किया गया था, इसलिए सब स्टेशन का निर्माण वहीं कराया जाना चाहिए। वहीं एसडीएम कालाढूंगी विपिन चंद्र पंत ने बताया कि यूपीसीएल द्वारा कमोल क्षेत्र में सब स्टेशन बनाने के लिए इस राजस्व भूमि को चिन्हित किया गया था। कब्जाधारियों को पूर्व में सूचित भी किया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस भूमि से कब्जा हटाया गया है वह राजस्व भूमि है। ग्राम प्रधान संगठन के उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह कार्की, प्रधान कुलवीर कंबोज, अनिल चम्याल, अरविंद कुमार, पुष्कर बिष्ट, पुष्कर चौहान, आनंद राम, जीवन्ती देवी आदि रहे।

# बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम करें घोषित

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने तहसीलदार लालकुआं के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए बजट सत्र में वन मंत्री और स्थानीय विधायक के बयानों पर सवाल उठाए।

ग्रामीणों का कहना है कि वन मंत्री द्वारा कहा गया कि बिंदुखत्ता को केवल 73 वर्ष हुए हैं, कानूनसम्मत नहीं है। वहीं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट के बयान पर भी आपत्ति जताई गई, जिसमें उन्होंने बताया कि 129 परिवार ही यहां निवास करते थे। वन अधिकार समिति ने बताया कि हरिद्वार और रामनगर के गांवों को केवल 50-60 वर्ष पुरानी बसावट होने के बावजूद राजस्व ग्राम बनाया गया। वहीं बिंदुखत्ता में 1968 में लगभग 5100 परिवार निवास कर रहे थे। समिति ने सरकार और जनप्रतिनिधियों से बिंदुखत्ता को वनाधिकार कानून के तहत राजस्व ग्राम घोषित करने की अधिसूचना शीघ्र जारी करने की मांग की। साथ ही शहीद मोहन नाथ गोस्वामी के नाम पर प्रस्तावित खेल स्टेडियम की भूमि हस्तांतरण और निर्माण कार्य को भी जल्द प्रारंभ कराने की अपील की। वन अधिकार समिति के कोषाध्यक्ष कैप्टन चंचल सिंह कोरंगा, सदस्य उमेश भट्ट, कविराज धामी, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कैप्टन खिलाफ सिंह दानू, राज्य आंदोलनकारी प्रकाश उत्तराखंडी, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव बीना जोशी, एड. बलवंत बिष्ट, भगवान माजिला, बलवंत सम्मल, नवीन जोशी, कै. इन्द्र सिंह पनेरी, रणजीत सिंह, दीपक नेगी, खुशाल कोश्यारी, आन सिंह धामी, नंदन तुलेड़ा रहे।



लालकुआं में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# नैनीताल में पालिका बोर्ड की बैठक में हंगामा

- डोर-टू-डोर टेंडर निरस्त, ठेकेदार को किया ब्लैकलिस्ट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद नैनीताल की बोर्ड बैठक सोमवार को काफी हंगामेदार रही। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था, पर्यटन कारोबार और पालिका के कार्यों को लेकर सभासदों ने कई मुद्दे जोरशोर से उठाए। कई मामलों में अधिकारियों और ठेकेदारों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए गए।

बैठक के दौरान सबसे अधिक चर्चा डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण के टेंडर को लेकर हुई। सभासदों ने आरोप लगाया कि संबंधित ठेकेदार द्वारा कार्य सही ढंग से नहीं किया जा रहा है और शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। सभासदों ने टेंडर निरस्त करने की मांग करते हुए ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। इस पर विचार के बाद पालिका बोर्ड ने संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर ठेका निरस्त कर दिया। सभासदों ने आरोप लगाया कि शहर में कई विकास कार्य लंबे समय से लंबित पड़े हैं और ठेकेदारों द्वारा समय पर काम नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक निधि से प्राप्त 5 लाख रुपये की धनराशि से होने वाले कार्य न के बराबर हो रहा है जबकि इन पर 18 प्रतिशत जीएसटी के कारण भी दिक्कतें सामने आ रही हैं।



नैनीताल में पालिका बोर्ड की बैठक में मौजूद पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल व सभासद।

बैठक में पर्यटन कारोबार की स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की गई। सभासदों का कहना था कि इन दिनों शहर में पर्यटन कारोबार काफी प्रभावित है, जिससे स्थानीय व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। सफाई व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए। सभासदों ने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है और कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त नहीं है। उन्होंने सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए चार अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करने की मांग रखी।

इसके अलावा बोर्ड बैठक में यह प्रस्ताव भी रखा गया कि बाहरी राज्यों से आकर नैनीताल में व्यवसाय करने वाले लोगों को नगर पालिका द्वारा लाइसेंस जारी किए जाएं, ताकि व्यवस्था को नियंत्रित किया जा सके और स्थानीय व्यापारियों के हितों की रक्षा हो सके। बैठक में पार्किंग और टोल शुल्क को कम करने को लेकर विधिक राय लेने का प्रस्ताव विधिक राय के लिए भेजने का निर्णय लिया गया, ताकि आगे की कार्रवाई नियमों के अनुसार की जा सके। सभासदों ने शहर की मूलभूत व्यवस्थाओं को सुधारने और लंबित विकास कार्यों को जल्द पूरा कराने पर जोर दिया। यहां ईओ रोहिताश शर्मा, पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल, मनोज शाह जगती, गजाला कमाल, मुकेश जोशी, जितेंद्र पांडे जीनू, अंकित चंद्र, पूरन बिष्ट समेत अन्य सभासद रहे।

# मलुवाताल मोटर मार्ग की मांग मुखर

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** आजादी के बाद से अब तक विकासखंड भीमताल के ग्राम मलुवाताल (जंगलिया गांव) के लोग मोटर मार्ग जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। ग्राम पंचायत के लोग हर मंच पर सड़क निर्माण की मांग उठाते रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।

ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह गंगोला ने बताया कि वह कई बार क्षेत्र की इस प्रमुख समस्या को लेकर मुख्यमंत्री, कुमाऊं आयुक्त, जिलाधिकारी तथा लोक निर्माण विभाग से मोटर मार्ग निर्माण की मांग कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व के डीएम सविन बंसल के प्रयासों से इस गांव को विस्थापन की श्रेणी से हटा दिया था, जिससे लोगों को सड़क निर्माण की उम्मीद जगी थी, लेकिन आज तक मार्ग का निर्माण नहीं हो सका। क्षेत्र के लोगों ने कई बार विकास भवन में मोटर मार्ग की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया है। एक बार फिर मार्ग के निर्माण को जिपं सदस्य बिपिन जंतवाल आगे आए हैं। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश भट्ट के साथ संयुक्त रूप से जिपं अध्यक्ष दीपा दर्मवाल को ज्ञापन सौंपा। जिपं अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि वह अपने स्तर से मोटर मार्ग निर्माण के लिए प्रयास करेंगी और समस्या के शीघ्र समाधान का प्रयास होगा। यहां क्षेपं. सदस्य गीता आर्य, प्रधान जंगलिया गांव राधा कुल्याल, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख रामपाल सिंह गंगोला, पूर्व क्षेपं सदस्य मदन मोहन कुल्याल, दीपा पड़ियार, शोभन राम, महेंद्र पड़ियार, प्रेम कुल्याल तथा पूर्व सरपंच राजेंद्र गंगोला आदि ने भी सड़क निर्माण की मांग उठाई।



जिला पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन देते जंगलिया गांव के लोग। ● अमृत विचार

# गोलीकांड के फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**रामनगर:** बीती 1 मार्च को थारी-कांडला इलाके में हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने फरार दो आरोपियों प्रेम और कमल को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से दो अवैध 315 बोर के तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद हुए।

वहीं मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे ने बताया कि पीड़ित गुरमीत सिंह की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज था। इससे पहले पुलिस ने तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी, जिनमें हितेश शर्मा भी शामिल है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पड़ोसी और उसके साथियों ने गांजा पकड़वाने की रंजिश में उनके घर में फायरिंग की थी। मामले में कुल पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज था। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है और मामले की जांच जारी है।

# डीएम ने की विविध योजनाओं की समीक्षा

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल स्थित विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन पर विभागों द्वारा की गई बेहतर प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और सभी विभागों को विकास कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बीसूका की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि 'ए' श्रेणी में आने वाले विभाग अपनी स्थिति बनाए रखें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिला योजना के अंतर्गत 99 प्रतिशत धनराशि व्यय हो चुकी है और शेष धनराशि चार विभागों द्वारा बुधवार तक खर्च करने के निर्देश दिए। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिला योजना की संरचना तैयार करने हेतु सभी विभागों को अपने प्रस्ताव तैयार करने और जनोपयोगी कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। पेयजल एवं सिंचाई विभाग को ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट से निपटने के लिए तैयारियां करने, वैकल्पिक टैंकर व्यवस्था सुनिश्चित करने और पाइपलाइन लीकेज सुधारने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग को खरीफ बुवाई हेतु पर्याप्त व्यवस्था करने और कृषि, उद्यान एवं वन विभाग को किसानों की फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए चेन फेंसिंग व तारबाड़ के प्रस्ताव तैयार करने कहा गया। सीडीओ अरविंद कुमार पांडे, सीएमओ डॉ. हरीश पंत, अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी डॉ. मुकेश सिंह नेगी, एपीडी चंद्रा फर्त्याल आदि रहे।



विकास भवन में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में योजनाओं की समीक्षा बैठक।

समस्या | भीमताल के धारी, ओखलकांडा, रामगढ़ में दिक्कत, जनप्रतिनिधियों से सिलेंडर उपलब्ध कराने की कर रहे हैं मांग

# सिलेंडर नहीं मिलने से लोग परेशान, जताया आक्रोश

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल के धारी, ओखलकांडा, रामगढ़ आदि क्षेत्र के लोग जहां व्यावसायिक सिलेंडर मिलने की आस लगाए बैठे हैं, वहीं कई लोग घरेलू सिलेंडर के लिए भटक रहे हैं। कोई जनप्रतिनिधियों को फोन कर रहा है तो कोई अधिकारियों से सिलेंडर की मांग कर रहे हैं।

अब इस पर राजनीति भी शुरू हो गई है। सोशल मीडिया के माध्यम से कई जनप्रतिनिधि क्षेत्र में गैस वितरण के लिए वाहन भेजने में अपनी मेहनत का उल्लेख कर रहे हैं, तो कहीं यह बताया जा रहा है कि उनके अथक प्रयासों से क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर वितरण के लिए वाहन भेजा जा रहा है। कई लोगों ने वितरण कर्मचारियों पर सही व्यवहार न करने का आरोप लगाया है। गैस प्रबंधक जितेंद्र लाल ने बताया कि व्यावसायिक सिलेंडर गोदाम में उपलब्ध नहीं हैं। घरेलू सिलेंडरों के वाहन लगातार क्षेत्र में भेजे जा रहे हैं। समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है।



गैस सिलेंडर को लेकर मालधन में प्रदर्शन करतीं महिला कांग्रेस की सदस्य।

## गैस सिलेंडर को लेकर मालधन में प्रदर्शन

**रामनगर:** कांग्रेसियों ने मालधन महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पा देवी के नेतृत्व में गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से बढ़े दाम वापस लेने की मांग की। उन्होंने बढ़े मूल्य वापस नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान महिला कांग्रेस की हेमा देवी, माया देवी, सुनीता, मीना देवी, सरस्वती देवी, आनंदी सीता देवी, रेवती देवी सुमन रहीं।



लोग जंगल भी नहीं जा सकते, क्योंकि वन विभाग की पाबंदी है और लकड़ी काटने पर रोक है। ऊपर से बाघ का भी आतंक है। ऐसे में आगे लोगों की जिंदगी कैसे चलेगी, यह एक बड़ा प्रश्न है। **-लाखन नेगी**, पूर्व ब्लॉक प्रमुख व पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रामगढ़



कई होटल, रिसोर्ट और होमस्टे संचालकों ने बैंक से लोन लेकर अपने प्रतिष्ठान बनाए हैं। गैस सिलेंडर नहीं मिलने के कारण वे बंद हो रहे हैं या बंदी के कगार पर पहुंच गए हैं। ऐसे में भविष्य पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है। **-नितेश बिष्ट**, सामाजिक कार्यकर्ता व होटल व्यवसायी



सरकार लगातार विभिन्न माध्यमों से कह रही है कि गैस की कमी नहीं है। अगर कमी नहीं है तो लोग परेशान क्यों हैं और उन्हें गैस क्यों नहीं मिल रही है। **- राकेश बृजवासी**, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता



विधानसभा क्षेत्र में सिलेंडर की समस्या को लेकर लगातार अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। जगह-जगह से सिलेंडर न मिलने की सूचना प्राप्त हो रही है। **-दान सिंह भंडारी**, पूर्व विधायक

# इनरव्हील क्लब ने विवाह के लिए दिया गृहस्थी का सामान



बेटियों को दिए जाने वाले शादी के सामान के साथ इनरव्हील क्लब की पदाधिकारी।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** इनरव्हील क्लब हल्द्वानी द्वारा सोमवार को दो बेटियों को विवाह के लिए गृहस्थी का सामान दिया गया। क्लब की तरफ से ड्रेसिंग टेबल, डिनर सेट, कुकर, साड़ियां, कंबल, बेडशीट, साड़ियां, सूट आदि के साथ ही वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

इस मौके पर क्लब अध्यक्ष मधुर अग्रवाल, सचिव निवेदिता पांडे, दीपा तिवारी, शशि खंडेलवाल, राशि कौशल, रेनू शारदा, कुसुम कुंजवाल, पूर्णिमा, लिली सिंह, रीता, किरन, प्रीति उपस्थित रहीं।

## सिटी ब्रीफ

### विकास भगत ने बच्चों को स्कूल बैग बांटे

**हल्द्वानी :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने मिशन मुस्कान हर हाथ में स्कूल बैग अभियान के तहत 19 वें दिन सोमवार को कोटाबाग ब्लॉक के देवरामपुर, दोहनिया और नाथूजाला ग्राम सभा में नन्हे-मुन्ने बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए। इस दौरान प्रधान लक्ष्मी रावत, प्रेमा बिष्ट, महिपाल सिंह, विनोद बधानी, डूंगर मेहरा, महेश पंत, पंकज निगलटिया, देवेंद्र रावत, देवेंद्र बोरा, कैलाश बधानी, विक्रम रावत, पान थापा, नारायण पटवाल, यशपाल ताड़ियाल, जगदीश जंतवाल, हरीश कुकरेती, ललित कांडपाल रहे।

### बिल न भरने पर 22 कनेक्शन काटे

**हल्द्वानी :** जल संस्थान ने बकाया पेयजल बिलों की वसूली के लिए अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को विभाग की टीम ने शहर के राजपुरा और कुल्यालपुरा क्षेत्रों में विशेष वसूली अभियान चलाया। इस दौरान बार-बार नोटिस के बावजूद बिल जमा न करने वाले 22 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए। जल संस्थान के सहायक अभियंता रविन्द्र कुमार ने बताया कि राजपुरा क्षेत्र में सख्ती दिखाते हुए 16 कनेक्शन व कुल्यालपुरा में 6 कनेक्शन काटे गए। टीम ने मौके पर ही 3 लाख रुपये के बकाया बिलों की वसूली भी की। सहायक अभियंता ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### बार एसोसिएशन के लिए 30 को होगा मतदान

**नैनीताल :** जिला बार एसोसिएशन का चुनाव कार्यक्रम जारी हो गया है। सीईओ वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश चंदोला ने बताया कि 23 व 24 मार्च को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक नामांकन प्रपत्रों की बिक्री, 25 व 27 मार्च को नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। 28 मार्च को दोपहर 1 बजे तक नामांकन वापसी की जा सकेगी। इसी दिन नामांकन पत्रों की जांच के साथ मतदाता सूची का प्रकाशित होगी। 30 मार्च को मतदान के बाद मतगणना के बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। वहीं सहायक चुनाव अधिकारी प्रमोद बहुगुणा शंकर चौहान व मुकेश चंद्रा ने बताया कि सदस्यता शुल्क एवं अन्य देयकों के भुगतान की अंतिम तिथि 19 मार्च है।

### छात्राओं को दिलाई गंगा स्वच्छता की शपथ

**हल्द्वानी :** महिला डिग्री कॉलेज में नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा की अध्यक्षता में छात्राओं, शिक्षकों व कर्मचारियों को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। डॉ. रितुराज पंत, डॉ. गीता पंत, डॉ. फकीर सिंह, डॉ. रेखा जोशी आदि रहीं।

### नगर निगम सभागार में टीमों को दी गई प्रारंभिक जानकारी, आज प्रशिक्षण देने के साथ ही सामग्री की जाएगी वितरित

# बनभूलपुरा में छह टीमें घर-घर बांटेंगी पीएम आवास योजना के फार्म

- **आवेदन फार्म वितरण के लिए नियुक्त कर्मियों से किया संवाद**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम व जिला प्रशासन ने बनभूलपुरा में पीएम आवास योजना का आवेदन फार्म डोर टू डोर पहुंचाने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। सर्वे के लिए नियुक्त कर्मियों को प्रारंभिक जानकारी दी गई। सभी को आज सुबह 11 बजे नगर निगम सभागार में प्रशिक्षण व सामग्री वितरित की जाएगी।

सोमवार को नगर निगम सभागार में नगर आयुक्त परितोष वर्मा व सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने बनभूलपुरा में आवेदन फार्म वितरण के लिए नियुक्त कर्मियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि बनभूलपुरा अतिक्रमित भूमि में लगभग 5326 परिवार जद में आ रहे हैं। इन परिवारों को पीएम आवास योजना के तहत आवेदन फार्म दिए जाएंगे। इसके लिए छह टीमें बनाई गई हैं। प्रत्येक टीम में 10-10 कर्मी शामिल होंगे। इन टीमों का नेतृत्व रेलवे व राजस्व के वरिष्ठ अधिकारी करेंगे। वहीं, प्रत्येक दो टीमों पर एक-एक सुपरवाइजर तैनात होंगे। इसके तहत नगर आयुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट व एसडीएम सुपरवाइजर्स होंगे। इन सुपरवाइजर्स की निगरानी एडीएम प्रशासन विवेक राय करेंगे। इस दौरान कर्मियों को सामग्री जैसे आवेदन फार्म का नमूना आदि के बारे में बताया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि टीम आज सुबह 11 बजे नगर निगम सभागार में सभी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी के साथ ही सामग्री वितरित की जाएगी जिसमें आवेदन फार्म, पुराने नक्शे व सूची होगी। टीम में जल संस्थान, राजस्व, पुलिस, रेलवे, जल निगम, बिजली विभाग के कर्मी शामिल हैं।


नगर निगम सभागार में हुए संवाद में मौजूद कर्मी। ● अमृत विचार

### मिले आवेदनों की होगी स्क्रूटनी, प्रभावितों का सामाजिक आर्थिक सर्वे

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा रेलवे अतिक्रमित भूमि के कब्जाधारकों से पीएम आवास योजना के आवेदन फार्म मिलने के बाद उनकी स्क्रूटनी की जाएगी। इसके बाद पात्रों को ही योजना का लाभ मिलेगा। वहीं, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभावितों का सामाजिक आर्थिक सर्वे करेगा। बाद में दोनों रिपोर्ट 28 अप्रैल को शीर्ष अदालत में होने वाली सुनवाई में सौंपी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार, प्रशासन व नगर निगम ने प्रभावित भूमिहीनों के पुनर्वास की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके तहत 20 से 31 मार्च तक लगने वाले कैंपों के लिए चिन्हित छह केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, टेंट आदि की व्यवस्था की जा रही है। लगभग 5326 परिवारों को पीएम आवास योजना के आवेदन फार्म डोर टू डोर वितरित किए जाएंगे और चिन्हित स्थानों पर जमा होंगे। फिर इन फार्मों की स्क्रूटनी की जाएगी। पीएम आवास योजना के अनुसार, भूमिहीनों को आवास मिलता है इसलिए सभी आवेदनों की जांच के बाद पात्रों को चिन्हित किया जाएगा। यदि कोई ऐसा प्रभावित मिलता है जिसका अन्यत्र घर, भूमि वगैरह है तो ऐसे लोगों की भी रिपोर्ट बनाई जाएगी। इसके अलावा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण होगा। बाद में दोनों रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में 28 अप्रैल को होने वाली सुनवाई में पेश की जाएगी।

### छोटे कारोबारियों को दें सौर ऊर्जा के कनेक्शन

**हल्द्वानी :** प्रदेश में एलपीजी गैस की किल्लत को देखते हुए छोटे कारोबारियों के लिए सौर ऊर्जा चूल्हा कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की है। कुमाऊं मंडल उत्तराखंड चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के अध्यक्ष डॉ. हरीश पाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

एलपीजी गैस की कमी के कारण ठेला, फड़, खोखा और छोटे रेस्टोरेंट संचालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में इन छोटे कारोबारियों की रोजी-रोटी को सुरक्षित रखने को उन्हें सौर ऊर्जा से चलने वाले चूल्हे का कनेक्शन उपलब्ध कराना चाहिए। केदार पलड़िया, दीवान बिष्ट, सुशील भट्ट, राजेन्द्र खनवाल, केएस कांडपाल, पीसी दानी, डीएन जोशी, भुवन तिवारी, प्रकाश जोशी, भास्कर रहे।

# निजी कार को बनाया टैक्सी, ब्ला-ब्ला से बुलाई बला

### नोएडा ड्यूटी के लिए योगा टीचर यशदीप ने ब्ला-ब्ला एप पर शेयर की थी चार सवारियों के लिए कार की डिटेल

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बस और ट्रेन जैसी नियमित परिवहन सेवा छोड़कर ब्ला-ब्ला ऐप के जरिये प्राइवेट कार में सवारी बनकर सफर करना मौत का सबब बन गया। घर से ड्यूटी के लिए निकले चार लोगों की मुरादाबाद में हुए सड़क हादसे में सोमवार सुबह दर्दनाक मौत हो गई। महज सवा दो घंटे के सफर ने परिवार की खुशियों को मातम में तब्दील कर दिया। हादसे के शिकार लोगों में एक बैंक के रीजनल मैनेजर समेत चार लोग हैं। सभी सोमवार सुबह हल्द्वानी से ड्यूटी को नोएडा व दिल्ली के लिए निकले थे। कार के मालिक योगा टीचर की हालत नाजुक है और निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।


मृतक दयाल रावत।

मूलरूप से सरियाताल नैनीताल के रहने वाले दयाल सिंह रावत (59 वर्ष) नोएडा में नैनीताल बैंक के रीजनल मैनेजर थे। उन्होंने हल्द्वानी के अमरावती कालोनी में अपना घर बनाया था। दयाल की इस सड़क हादसे में मौके पर ही मौत की गई। इसी तरह कुसुमखेड़ा निवासी भुवन भंडारी (35 वर्ष) व आरटीओ रोड निवासी सुंदर सिंह (42 वर्ष) और अनिल नेगी नोएडा में नौकरी करते थे। इन सभी की घटना स्थल पर जान चली गई। यह हादसा सोमवार सुबह करीब सवा 6 बजे मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर स्थित मनकरा मोड़ पर हुआ। कार में सवार सभी लोग ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से घुस गई। कार को आरटीओ रोड निवासी योगा टीचर यशदीप पांडे चला रहे थे। यशदीप भी नोएडा के एक स्कूल में बतौर योगा टीचर नौकरी करते हैं। बताया जाता है कि योगा टीचर यशदीप को सोमवार को ड्यूटी ज्वाइन करनी थी। नोएडा निकलने से एक दिन पहले रविवार को उन्होंने अपनी टियागो कार की डिटेल ब्ला-ब्ला एप पर शेयर की थी और लिखा था कि कार में चार सीट खाली है। इधर, दयाल सिंह रावत के अलावा नोएडी की एक निजी कंपनी में इंजीनियर भुवन भंडारी, नोएडी की एक निजी कंपनी सीनियर अकाउंटेंट सुंदर सिंह और अनिल नेगी को भी सोमवार ड्यूटी ज्वाइन करनी थी। ड्यूटी पर समय से पहुंचने के लिए सभी ब्ला-ब्ला पर वाहन की तलाश शुरू की। यशदीप को सुबह चार बजे हल्द्वानी से निकलना था और यह समय ड्यूटी पर पहुंचने के लिए सभी को मुफीद लगा। दयाल के साथ अन्य तीन ने भी सीट बुक करा ली। सोमवार की सुबह चार बजे यशदीप ने सभी को पिक किया और नोएडी की ओर निकल पड़े। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ यह तो अभी साफ नहीं है, लेकिन बताया जा रहा है कि ईंट से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली संभवता अंधेरे की वजह से कार चालक को नजर नहीं आई और कार बेहद तेज रफ्तार से ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से घुस गई। हादसे में यशदीप के अलावा सभी की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने यशदीप को जिला अस्पताल मुरादाबाद में भर्ती कराया है। मुरादाबाद के एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि यशदीप ने ब्ला-ब्ला एप पर अपनी कार टियागो की डिटेल शेयर करते हुए चार सीटों की दर्ज की थीं। एप के जरिए हल्द्वानी के अमरावती कॉलोनी निवासी दयाल सिंह रावत, कुसुमखेड़ा निवासी भुवन भंडारी, हल्द्वानी के आरटीओ ऑफिस के पास रहने वाले सुंदर सिंह और अनिल नेगी ने सीट बुक की थी।


मुरादाबाद में हुई दुर्घटना में मृतक दयाल सिंह रावत अमरावती कालोनी में इसी मकान में रहते थे।

### निजी कार वाले धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे ब्ला-ब्ला

**हल्द्वानी :** ब्ला-ब्ला ऐप सुविधाजनक तो है, लेकिन तब जब आप किसी प्रशिक्षित चालक के साथ सफर कर रहे हों। वैसे तो ब्ला-ब्ला को इस्तेमाल करने का अधिकारी सिर्फ टैक्सी नंबर के वाहनों को दिया गया, लेकिन ब्ला-ब्ला इन नियमों को दरकिनार कर दिया है। यही वजह है कि किसी को अपने निजी वाहन से दिल्ली या भारत में कहीं भी जाना होता है तो वह अपनी कार की डिटेल और सीटों की संख्या ब्ला-ब्ला ऐप पर एक तय किराए के साथ शेयर कर देता है। यह सिर्फ इसलिए होता है ताकि कार मालिक कम खर्च में या फिर सिर्फ लगभग मुफ्त में सिर्फ कार का इस्तेमाल कर अपने गंतव्य तक पहुंच जाए। हल्द्वानी संभाग के आरटीओ प्रवर्तन अरविंद पांडे का कहना है कि ब्ला-ब्ला या फिर इस तरह के किसी भी ऐप पर निजी वाहनों का इस्तेमाल प्रतिबंधित है।

### लिंक रोड से अचानक हाईवे पर आई ट्रैक्टर-ट्रॉली

पुलिस का कहना हाईवे पर दौड़ रही कार की रफ्तार निसंदेह काफी तेज थी। कार जब मूंढापांडे थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर मनकरा मोड़ के पास से गुजर रही थी कि तभी अचानक लिंक मार्ग से ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली हाईवे पर आ गई। कार की रफ्तार तेज होने के कारण चालक ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन तब तक कार ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से घुस गई। इस हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना पुलिस को आस-पास के ढाबों और दुकानों से पुलिस को मिली।

# गांव में जीवन बिताने का सपना भी अधूरा रह गया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** शहर की भागदौड़ भरी जिंदगी में मन नहीं लगता, रिटायरमेंट के बाद गांव में रहूंगा - यह बात नैनीताल बैंक के रीजनल मैनेजर दयाल रावत ने रविवार को अपने पैतृक गांव सरियाताल में आयोजित एक नामकरण संस्कार के दौरान कही थी। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। चौबीस घंटे भी नहीं बीते थे कि मुरादाबाद में हुए सड़क हादसे में उनकी मौत की खबर आ गई। जैसे ही यह दुखद समाचार गांव पहुंचा, परिवार में कोहराम मच गया और पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया।

दयाल रावत मूल रूप से ज्योलीकोट के समीप सरियाताल गांव निवासी स्वर्गीय कुंवर सिंह के पुत्र थे। साधारण परिवार से निकलकर उन्होंने अपनी मेहनत और लगन के बल पर नैनीताल बैंक में रीजनल मैनेजर जैसे महत्वपूर्ण पद तक का लंबा सफर तय किया। उनकी सफलता गांव और क्षेत्र के लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत मानी जाती थी। बताया जा रहा है कि रविवार को वह नामकरण संस्कार में शामिल होने अपने पैतृक गांव पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों और परिजनों से बातचीत में कहा कि अब शहर की भागदौड़ भरी जिंदगी में उनका मन नहीं लगता और सेवानिवृत्ति के बाद वह गांव में रहकर जीवन बिताना चाहते हैं। उनके इस भावुक कथन को सुनकर परिजन भी खुश थे, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि यह उनकी गांव में अंतिम मुलाकात साबित होगी। सोमवार को मुरादाबाद में हुए सड़क हादसे में उनकी असमय मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस खबर से पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त हो गया। स्व. दयाल रावत की बिरादरी के कई परिवार सरियाताल गांव में ही निवास करते हैं, जिससे पूरे गांव में शोक का माहौल है। स्वर्गीय दयाल रावत के भतीजे और ग्राम प्रधान हरगोविंद रावत ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर देर रात तक पैतृक गांव सरियाताल पहुंचने की संभावना है। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को चित्रशिला घाट में किया जाएगा। स्व. दयाल रावत अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके असामयिक निधन से केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। लोग उन्हें सरल, मिलनसार और मेहनती व्यक्तित्व के रूप में याद कर रहे हैं।

# गोल्ज्यू और गंगनाथ मंदिर में चोरी

- **चोरी करने के बाद मूर्तियों में लगाई आग**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** काठगोदाम थानाक्षेत्र के मंदिर चोरों के निशाने पर हैं। बीती रात चोरों ने एक के बाद एक दो मंदिरों के ताले तोड़ कर हजारों की नगदी पार कर दी। दुस्साहस की बात यह है कि चोरों ने चोरी के बाद मंदिर में रखी मूर्तियों में आग लगा दी। घटना की जानकारी तब हुई जब सुबह लोग पूजन के लिए मंदिर पहुंचे। पुलिस ने जांच कर रही है।

काठगोदाम में फिल्टर प्लांट के पास गोल्ज्यू और गंगनाथ के मंदिर हैं। बताया जाता है कि रविवार रात आए तूफान के दरम्यान शहर की बिजली गुल थी। इसी बीच कुछ शातिर गोल्ज्यू मंदिर पहुंच गए। चोरों ने दो नोंक वाली पिन फंसाकर मंदिर का ताला तोड़ डाला। दानपात्र का ताला तोड़ा और हजारों की नगदी लेकर चलते बने। यहीं से कुछ दूरी पर गंगनाथ का मंदिर है। माना जा रहा है कि चोर गोल्ज्यू मंदिर में वारदात को अंजाम देने के बाद गंगनाथ के मंदिर पहुंचे। यहां भी ताला तोड़ा गया, लेकिन चोरों को यहां से कुछ नहीं मिला। सोमवार सुबह स्थानीय निवासी भुवन लाला साह मंदिर में दीपक जलाने पहुंचे तो घटना का पता लगा। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि चोरों ने गोल्ज्यू और एक देवी मूर्ति में आग लगाई है। संभवतः चोरी के दौरान उजाला करने के लिए चोरों ने ऐसा किया है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में है। शातिरों की तलाश की जा रही है।


काठगोदाम स्थित गोल्ज्यू मंदिर में जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

# कंडक्टर की लाश मिली बस में, मुंह से निकल रहा था खून

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** केमू बस के कंडक्टर की लाश उसी की बस में पड़ी मिली। उसके मुंह से खून निकल रहा था और पास में अंगूर पड़े हुए थे। सूचना पुलिस टीम के साथ एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल भी पहुंचे। पुलिस का मानना है कि यह आपराधिक घटना नहीं है। लेकिन मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

पुलिस के मुताबिक, बत्यूली थल पिथौरागढ़ निवासी सुरेश चंद्र (50 वर्ष) पुत्र रमेश चंद्र केमू की बस में बतौर कंडक्टर काम करते थे और हल्द्वानी से अल्मोड़ा-बागेश्वर रूट पर चलते थे। रविवार रात तकरीबन साढ़े 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि केमू स्टेशन के पास खड़ी केमू की बस में सुरेश का शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो सुरेश के मुंह से खून निकल रहा था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और सूचना परिजनों को दी।

पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भाई ने बताया कि उनकी आखिरी बार 12 मार्च को अपने भाई से बात हुई थी। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी चेक कराए गए हैं। प्राथमिक जांच में आपराधिक घटना की बात सामने नहीं आई है। जेब में 500 का नोट भी मिला है तो लूट की संभावना भी नहीं है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सामने आएगी।

# नाले में दीवार निर्माण को लेकर बवाल

- **महिला ने लगाया क्षेत्रीय पार्षद पर थप्पड़ मारने का आरोप**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दमुवाढूंगा के वार्ड-36 में रकसिया नाले के किनारे बनाई जा रही सुरक्षा दीवार को लेकर सोमवार को विवाद हो गया। भाजपा नेता के परिवार की एक महिला ने क्षेत्रीय पार्षद पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाया, जबकि पार्षद ने भी महिला पर मारपीट का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार सुरक्षा दीवार निर्माण का निरीक्षण करने मेयर गजराज बिष्ट और संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे।

इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद तनुजा जोशी, भाजपा नेता महेश जोशी और स्थानीय लोग भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान किसी बात को लेकर पार्षद तनुजा जोशी और महेश जोशी की बहू हेमा जोशी के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और मौके पर काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। मामला पहले पुलिस चौकी और बाद में काठगोदाम कोतवाली पहुंच गया। हेमा जोशी ने पार्षद पर अभद्र व्यवहार और थप्पड़ मारने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। वहीं पार्षद तनुजा जोशी ने आरोपों को निराधार बताते हुए हेमा जोशी पर मारपीट का आरोप लगाया और पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए समर्थकों के साथ कोतवाली में धरने पर बैठ गईं। कोतवाली में दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच तीखी बहस हुई। कोतवाली प्रभारी विमल मिश्रा ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर मिल गई है और मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


काठगोदाम थाने में धरने पर बैठी महिलाएं। ● अमृत विचार

### समर्पित कार्यकर्ता को ही मिले टिकट

**हल्द्वानी :** भीमताल विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस कर पार्टी आलाकमान से आगामी चुनाव में बाहरी व्यक्ति को टिकट नहीं देने की मांग की। कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से काम कर रहे समर्पित कार्यकर्ता को ही पार्टी उम्मीदवार बनाया जाए।

नेताओं ने एकजुट होकर कहा कि पूर्व की तरह किसी बाहरी या आयातित नेता को टिकट दिए जाने का कड़ा विरोध किया जाएगा और स्थानीय कार्यकर्ता को ही चुनाव मैदान में उतारा जाना चाहिए। कांग्रेस नेता राकेश बृजवासी ने कहा कि पार्टी किसी भी समर्पित कार्यकर्ता को टिकट देती है तो वे चुनाव में आर्थिक सहयोग को तैयार हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश पनेरू, डॉ. केदार पलड़िया, राकेश बृजवासी और खीवराज सिंह बिष्ट, पुष्कर नयाल, गणेश आर्य, दीवान बिष्ट व प्रेम सिंह मेहरा रहे।

# नैनीताल में गैस सिलेंडर के लिए फिर लगी लंबी कतार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** गैस की किल्लत को लेकर नैनीताल में लोगों की परेशानी कम नहीं हो रही है। सोमवार को भी घरेलू गैस सिलेंडर लेने के लिए लोगों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ा।

रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार सुबह से ही बीडी पांडे अस्पताल के समीप मल्लीताल क्षेत्र में गैस लेने के लिए लोगों की लंबी लाइन लग गई। लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय से गैस सिलेंडर लेने के लिए रोजाना कतारों में लगना पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे तनाव के बाद से गैस सिलेंडर को लेकर कई क्षेत्रों में मारामारी की स्थिति बनी हुई है। इसका असर नैनीताल में भी देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर व्यवसायिक गैस सिलेंडर न मिलने से होटल व रेस्टोरेंट कारोबारियों की चिंता बढ़ गई है, वहीं घरेलू गैस के लिए भी लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि डीएम के निर्देशों के बाद गैस एजेंसी की गाड़ियां वार्डों तक नहीं आ रही हैं। लोगों को मल्लीताल और तल्लीताल पहुंचकर गैस लेनी पड़ रही है। पर्वत गैस एजेंसी की मैनेजर अंकिता पांडे ने बताया कि वार्डों के सभी लोग गैस लेने के लिए मल्लीताल और तल्लीताल पहुंच रहे हैं, जिससे यहां कतारें बढ़ रही हैं। घरेलू गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। संयम के साथ सभी को गैस उपलब्ध कराई जा रही है।

### दिक्कत

### 30 किमी दूर हैड़ाखान क्षेत्र से सिलेंडर लेने शहर पहुंचे लोग, खाली सिलेंडर लेकर करते रहे इंडेन गैस के ट्रक का पीछा

# सिलेंडर के लिए रेस, बाइक-स्कूटी से गैस ट्रक का किया पीछा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति बंद होने के बाद अब घरेलू गैस का संकट भी गहराता जा रहा है। गैस गोदामों और एजेंसियों से सीधे सिलेंडर की डिलीवरी बंद कर केवल होम डिलीवरी के आदेश दिए जाने के बावजूद आम लोगों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि गैस सिलेंडर के लिए लोगों को 30 किलोमीटर दूर हैड़ाखान क्षेत्र से भी शहर का रुख करना पड़ रहा है।

सोमवार को शहर में गैस संकट का अजीबो-गरीब नजारा देखने को मिला। कई लोग अपनी स्कूटी और बाइक पर खाली सिलेंडर रखकर गैस से भरे ट्रक का पीछा करते नजर आए। दरअसल, सोमवार को इंडेन गैस कंपनी का एक ट्रक शीशमहल से दमुआढूंगा की ओर जा रहा था। जैसे ही लोगों को ट्रक की जानकारी मिली, वे खाली सिलेंडर लेकर दोपहिया वाहनों से उसके पीछे दौड़ पड़े। इस दौरान कई लोग ट्रक चालक को इशारा कर वाहन रोकने की मांग करते रहे। आखिरकार चालक ने पनचक्की चौराहे की ओर जाने वाली सड़क पर अंबिका विहार के पास ट्रक रोककर कुछ लोगों को गैस सिलेंडर वितरित किए, जिसके बाद वहां लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

इधर, बुकिंग कराने के बाद भी समय पर घरेलू गैस सिलेंडर नहीं मिलने से अधिकांश उपभोक्ता परेशान हैं। लोग अभी भी सिलेंडर लेकर गैस गोदामों और एजेंसियों तक पहुंच रहे हैं, लेकिन वहां से उन्हें यह कहकर लौटा दिया जा रहा है कि सिलेंडर की आपूर्ति केवल होम डिलीवरी के माध्यम से होगी। हालांकि होम डिलीवरी के आदेश के बावजूद कई इलाकों से शिकायतें सामने आ रही हैं कि एजेंसी की गाड़ियां पहुंचने के बाद भी लोगों को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं।


गैस सिलेंडर के लिए वाहन का पीछा कर लंबी दूरी तय कर गोदाम तक पहुंचे लोग।

### गैस की आपूर्ति पूरी तरह ठप होने से होटल

रेस्टोरेंट कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। अधिकांश रेस्टोरेंट ने अपना काम आधा कर दिया है और वे पूरी तरह विकल्पों पर निर्भर हो गए हैं। रेस्टोरेंट और होटल में डिशेज तैयार करने के लिए तंदूर, कोयला और इंडक्शन चूल्हा जलाया जा रहा है। कई रेस्टोरेंट और मिठाई के कारोबारियों ने अपने आधे से अधिक स्टाफ को छुट्टी दे दी है। देवलचौड़ स्थित लकी स्वीट्स के संचालक लक्ष्मण पोखरिया ने बताया कि गैस खत्म होने के बाद कोयले की भट्टी जला रहे हैं। उन्होंने बताया कि अधिक गैस खपत वाली बनाना बंद कर दिया है। इन विकल्पों से काम चलाना मुश्किल हो रहा है और खर्च भी बढ़ रहा है। घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर भी उपभोक्ता परेशान हैं।

## सिटी ब्रीफ

### दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न, रिपोर्ट दर्ज

**रुद्रपुर :** रामपुर निवासी एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और अनैतिक कार्यों में धकेलने का गंभीर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का निकाह 2021 में रुद्रपुर के एक व्यक्ति से हुआ था। पीड़िता का आरोप है कि निकाह में 10 लाख रुपये खर्च करने के बावजूद ससुराल पक्ष 5 लाख नकद और बाइक की मांग को लेकर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसे देह व्यापार में धकेलने का प्रयास किया गया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

### नशे में धुत टेंपो चालक ने ठेले को मारी टक्कर

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के अंतर्गत 15 मार्च की दोपहर को शराब के नशे में धुत एक टेंपो चालक और उसके पिता ने सब्जी के ठेले को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ठेला संचालक प्रभात सरकार गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका सारा सामान बिखर गया। पीड़ित के बेटे संदीप सरकार के अनुसार, आवास विकास होली चौक के पास तेज रफ्तार टेंपो ने उनके पिता के ठेले को रौंद दिया। घायल को जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया है। स्थानीय जांच में सामने आया कि आरोपी मोबिन और उसका पिता सलीम हादसे के वक्त नशे की हालत में थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### थार सवार को कुचलने का प्रयास किया

**रुद्रपुर :** काशीपुर हाईवे पर 14 मार्च की रात एक अनियंत्रित ट्रक चालक ने थार कार को टक्कर मार दी और विरोध करने पर कार सवार को कुचलने का प्रयास किया। घटना बरार नगर निवासी करनदीप सिंह के साथ हुई, जब वह अपने भाई के साथ घर लौट रहे थे। पीड़ित के अनुसार, टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर भागने लगा। जब करनदीप ने पीछा कर उसे रोकने की कोशिश की, तो चालक ने उन पर ट्रक चढ़ाने की कोशिश की। स्थानीय लोगों की मदद से 5 किलोमीटर पीछा करने के बाद जाफरपुर के पास ट्रक को घेरा गया, लेकिन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### भाजपा नेता ने किया एजेंसी का निरीक्षण

**किच्छा :** वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने घरेलू गैस सिलेंडर की दिक्कतों की अफवाह को लेकर नगर स्थित राजशिला इंडेन गैस एजेंसी पर पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भाजपा नेता संजीव सिंह ने नगर के चोपड़ा मार्केट स्थित राजशिला इंडेन गैस एजेंसी पर पहुंच कर एजेंसी प्रबंधक राजीव जायसवाल से गैस आपूर्ति को लेकर चर्चा की। जायसवाल ने बताया कि एजेंसी गोदाम में पर्याप्त गैस है।

# गैंगस्टर को हथियार सप्लाई करने वाला बंटी मुठभेड़ में घायल

## हथियार माफिया का साथी मनोज भी गिरफ्तार, बड़ी संख्या में तमंचे-पिस्टल-कारतूस बरामद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर में गैंगस्टर को हथियार सप्लाई करने वाले आरोपी बंटी को मुठभेड़ में घायल कर दिया गया, जबकि एक साथी को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से बड़ी संख्या में हथियारों का जखीरा भी बरामद हुआ। पुलिस अभिरक्षा में जहां मुख्य आरोपी का उपचार कराया जा रहा है। वहीं उसके साथी को न्यायालय में पेश किया गया है।

सोमवार को एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि पिछले लंबे समय से हथियार सप्लाई होने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इसके अलावा यह भी इनपुट मिला था कि हथियार सप्लायर रुद्रपुर का रहने वाला है और शातिर बदमाशों को भी हथियार सप्लाई करता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए फौरन एसटीएफ को अलर्ट कर दिया था। 15 मार्च की शाम एसओजी की टीम सिडकुल इलाके में चेकिंग कर रही थी कि तभी सूचना मिली कि हथियार सप्लायर हथियारों की खेप की सप्लाई देना वाला है। तत्काल एसओजी की टीम किच्छा बाईपास स्थित भूखंड मार्ग पर चेकिंग करने लगी। तभी बाइक पर सवार दो युवकों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की एक गोली बंटी कोली को लगी और दूसरे साथी को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पूछताछ में पता चला कि घायल बदमाश बंटी कोली निवासी वार्ड-23 रंपुरा बस्ती है। जो कि यूपी व कोतवाली इलाके के बदमाशों को हथियार सप्लाई करता था, जबकि पकड़ा गया दूसरा साथी मनोज कुमार गांव चंदेन बिलासपुर यूपी का रहने वाला है। पुलिस ने घायल बंटी को अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि साथी मनोज कुमार को न्यायालय में पेश कर दिया है। अभियुक्तों के कब्जे से कई तमंचे, एक पिस्टल और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस बरामद किए हैं और अभियुक्तों का लंबा आपराधिक इतिहास भी है।


अभियुक्त के साथ खुलासा करते एसएसपी अजय गणपति कुंभार। ● अमृत विचार

### दोनों तरफ से चलीं चार राउंड गोलियां

**रुद्रपुर :** सीओ सदर प्रशांत कुमार ने बताया कि 15 मार्च की शाम को घेराबंदी के दौरान बाइक पर भागते वक्त बंटी कोली ने पुलिस टीम पर चार राउंड गोलियां चलाई थी, जबकि साथी मनोज कुमार बाइक दौड़ा रहा। जवाबी कार्रवाई करते हुए एसओजी ने पीछा करते हुए घेराबंदी की और एक गोली बंटी के पैर पर लगी। वह लहूलुहान होकर नीचे गिर कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस की तरफ से चली चार राउंड में से एक गोली से अभियुक्त घायल हुआ था। बताया कि मुठभेड़ के दौरान काफी अंधेरा था और जरा सी चूक होती तो अभियुक्त फरार भी हो सकते थे।

### एसओजी ने बरामद किए हथियार

**रुद्रपुर :** हथियार सप्लायर बंटी को मुठभेड़ में घायल करने के बाद अभियुक्त का साथी मनोज भयभीत हो गया और फौरन हथियारों का जखीरा बरामद करवा दिया। एसओजी ने अभियुक्तों के कब्जे से सात तमंचे 315 बोर, एक कारतूस 12 बोर, 16 जिंदा कारतूस 315 बोर, एक होममेड पिस्टल 30 बोर, एक बाइक और चार हजार रुपये की नकदी बरामद की। बताया जा रहा है कि हथियार सप्लायर बंटी रुद्रपुर में हथियारों की खेप सप्लाई करने वाला था, लेकिन सुरागरसी के आधार पर पुलिस मुठभेड़ का सामना करना पड़ा। हथियारों की खेप किसको और किस मकसद से जा रही थी। पुलिस प्रकरण की तस्दीक कर रही है।

### जिला बदर के साथ ही दर्ज हैं नौ मुकदमे

**रुद्रपुर :** हथियार सप्लायर बंटी कोहली के खिलाफ वर्ष 2021 में आर्म्स एक्ट, 2023 में हत्या के प्रयास, 2021 में फिर 307, वर्ष 2025 में गुंडा अधिनियम की कार्रवाई के अलावा वर्ष 2026 तक दस आपराधिक मामले दर्ज हो चुकी है। इसके अलावा 6 अक्टूबर 2024 को गुंडा नियंत्रण में अभियुक्त होने के कारण कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त को तीन माह के जिला बदर भी किया था। अभियुक्त इतना शातिर था कि सजा काटते ही हथियारों की सप्लाई करना शुरू कर दिया। कोतवाली पुलिस यूपी से संपर्क कर अभियुक्त बंटी व मनोज का आपराधिक इतिहास खोज रही है।

# शार्प शूटर की गिरफ्तारी में आया था बंटी का नाम

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके में एक अभियुक्त तराई भाबर का सबसे बड़ा हथियार सप्लायर बन गया और कोतवाली पुलिस को इसकी भनक भी लगी। हैरानी वाली बात यह है कि जब एसटीएफ ने मुठभेड़ के बाद कुख्यात शार्प शूटर और गैंगस्टर की गिरफ्तारी की तो उस वक्त हथियार सप्लायर बंटी का नाम सामने आया है। जिसके बाद पुलिस नहीं, बल्कि एसएसपी ने एसओजी को सक्रिय कर दिया और बड़े सप्लायर की गिरफ्तारी हुई।

बताते चलें कि 12 मार्च को एसटीएफ ने मलिक फार्म बिलासपुर के रहने वाले संदीप चौहान को गिरफ्तार किया था। संदीप एक कुख्यात शार्प शूटर है और कई संगीन वारदातों को अंजाम दिया था। अभियुक्त अपने गांव अपने रिश्तेदार की हत्या करने आया था। वहीं चौबीस घंटे के अंदर एसटीएफ ने दूसरी बड़ी कार्रवाई की थी। जिसमें गैंगस्टर सुभाष नगर डिबडिबा बिलासपुर निवासी जितेंद्र वीर सिंह व उसके साथ आजादनगर ट्रांजिट कैंप के रहने वाले सुमित राठौर को पकड़ा था। यहां भी जितेंद्र एक गैंगवार की वारदात को अंजाम देने आया था।

● **तराई भाबर का सबसे बड़ा सप्लायर है बंटी**

इन दोनों कुख्यात बदमाशों ने यह बताया था कि तमंचा और कारतूस मुहैया बंटी ने की थी। यही कारण है कि एसटीएफ की धरपकड़ के बाद बंटी कोली का नाम तराई भावर में सबसे बड़े हथियार सप्लायर में आया था। एसटीएफ का यह भी दावा था कि बंटी यूपी और उत्तराखंड के गैंगस्टर व शार्प शूटर गिरोह के संपर्क में रहता था और वह हर हथियार खतरनाक हथियार मुहैया कराने में सक्षम था। पलक झपकते ही किसी को भी मौत के घाट उतार सकता था और इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर सकता था। एसओजी द्वारा मुठभेड़ के बाद अब कोतवाली पुलिस बंटी को रिमांड पर लेकर उन नामों को खोजेगी। जिनके द्वारा हथियार खरीदे गए हैं। इसके बाद ही खरीददार की हकीकत सामने आएगी।

# जांच में किताबों पर मिला फर्जी वॉटरमार्क

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रुद्रपुर के कीरतपुर गांव में एक निजी गोदाम में करोड़ों रुपये की एनसीईआरटी (राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद) की किताबें मिलने के बाद एनसीईआरटी टीम ने गोदाम में किताबों की जांच की। जांच में टीम को किताबें नकली मिलीं। किताबों के पन्नों पर वाटरमार्क भी एनसीईआरटी की जगह एसीईआरटी का मिला। इसके बाद एनसीईआरटी और पुलिस टीम ने 140-140 किताबों के सेट जांच के लिए अपने कब्जे में लिए हैं। एनसीईआरटी की टीम मुख्यालय पर किताबों की जांच कराएगी। जबकि पुलिस टीम किताबों की जांच के लिए एफएसएल देहरादून भेजेगी। फिलहाल गोदाम को सील कर दिया गया है।

सोमवार को करीब दो बजे एनसीईआरटी की टीम रुद्रपुर पहुंची। यहां कोतवाल मनोज रतूड़ी के साथ करीब तीन बजे कीरतपुर गांव के निजी गोदाम पर पहुंची। टीम में एनसीईआरटी के सहायक व्यापार प्रबंधक पदम सिंह भाटी और सहायक उत्पादन अधिकारी दीपक कुमार थे। एनसीईआरटी टीम की मौजूदगी में पुलिस ने गोदाम का ताला खोला और टीम गोदाम के अंदर दाखिल हुई। गोदाम में भारी मात्रा में किताबों को देखकर टीम भी अचम्भे में पड़ गयी। इसके बाद टीम ने गोदाम के हर कोनों से किताबों को वाटरमार्क को देखना शुरू किया।

गोदाम के अंदर अंधेरा होने के कारण वाटरमार्क सही तरीके से नहीं दिखाई दे रहे थे। इसके बाद टीम गोदाम के हर कोने से किताबों को लेकर गोदाम के बाहर आयी। सूर्य की रोशनी में जब टीम ने वाटरमार्क देखा तो किताबों के पन्नों वाटरमार्क एनसीईआरटी की जगह एसीईआरटी का लगा हुआ था। इसके अलावा किताबों में बार कोड भी नहीं मिला, किताबों की प्रिंट क्वालिटी भी घटिया मिली और किताबों में लगायी गयी इंक की क्वालिटी भी लो थी। इसके बाद एनसीईआरटी और पुलिस टीम ने 140-140 किताबों के सेट जांच के लिए अपने कब्जे में लिए हैं। वहीं टीम ने कोतवाली रुद्रपुर में कॉपीराइट एक्ट और धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी है।


गोदाम में किताबों की जांच करतीं एनसीईआरटी की टीम। ● अमृत विचार

### गोदाम में मिलीं 10 लाख से अधिक किताबें

**रुद्रपुर :** एनसीईआरटी और पुलिस की टीम को गोदाम में जांच के दौरान कक्षा एक से 12 तक की 10 लाख से अधिक किताबें मिली हैं। इन किताबों की कीमत 10 करोड़ रुपये बतायी जा रही है।

### जांच के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी नदारद

रुद्रपुर। एनसीईआरटी टीम की जांच के दौरान शिक्षा विभाग का कोई भी अधिकारी वहां मौजूद नहीं रहा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के जांच के दौरान मौजूद नहीं रहने से कई सवाल खड़े होने लगे हैं।

> गोदाम में जांच के बाद किताबों के सैंपल ले लिए गये हैं। सैंपलों की जांच एनसीईआरटी मुख्यालय में की जाएगी। प्रथम दृष्टया किताब नकली है। जांच में किताबों के पन्नों में वाटरमार्क एनसीईआरटी की जगह एसीईआरटी 2024 का लगा हुआ था। इसके अलावा किताबों में बार कोड भी नहीं मिला, किताबों की प्रिंट क्वालिटी भी घटिया मिली और किताबों में लगायी गयी इंक की क्वालिटी भी लो है। **–दीपक कुमार**, सहायक उत्पादन अधिकारी, एनसीईआरटी

> एनसीईआरटी की टीम ने आज गोदाम में किताबों की जांच की गयी है। टीम ने 140 किताबों के सैंपल लिए हैं। इसके अलावा पुलिस टीम ने 140 किताबों के सैंपल लिए हैं। इन किताबों को जांच के लिए एफएसएल देहरादून भेजा जाएगा। कार्रवाई के बाद एनसीईआरटी की टीम अभियोग पंजीकृत करेगी। इसके बाद संवैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जब तक गोदाम में किताबें रहेंगी तब तक यह सील रहेगा। इसके बाद न्यायालय के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। **–मनोज रतूड़ी**, कोतवाल, रुद्रपुर

# मुनाफाखोरी को सप्लाई होती थीं किताबें

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विगत दिवस रुद्रपुर के कीरतपुर गांव में एक निजी गोदाम में करोड़ों रुपये की एनसीईआरटी की किताबें मिली थी। जांच में इन किताबों की गुणवत्ता भी दोयम दर्ज की मिली। इससे साफ है कि अधिक मुनाफाखोरी के चक्कर में निकली किताबों को बाजार में सप्लाई की जा रही है।

विगत दिवस पुलिस टीम ने जब गोदाम में ट्रक चालक को पकड़ा और उससे बिल मांगा तो वह उसने मात्र एक बिल दिया। जब बैग की तलाशी ली तो ट्रक से कई प्रदेशों को किताबें सप्लाई होने की जानकारी मिली। बरामद बिल में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, लखनऊ, मध्य प्रदेश के अलावा कई प्रदेशों के बिल मिले हैं। सोमवार को जब एनसीईआरटी की टीम ने किताबों की जांच की तो वह निकली मिली। एनसीईआरटी के सहायक उत्पादन अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि एनसीईआरटी किताबों की गुणवत्ता की जांच के बाद ही बाजार में सप्लाई की जाती है। उन्होंने बताया कि एनसीईआरटी किताबों में भी जो भी पेपर, इंक और अन्य सामग्री लगायी जाती है वह आईएसओ के मानकों के अनुसार होती है। इसके अलावा जो प्रेस आईएसओ के मानकों को पूरा करते हैं उन लोगों को किताबें छापने की इजाजत दी जाती है। इनकी सूची एनसीईआरटी की वेबसाइट पर भी है। जबकि नकली किताबें छापने वालों में इस तरह की गुणवत्ता नहीं होती है।


एनसीईआरटी की टीम की मौजूदगी में गोदाम का ताला खोलते पुलिस कर्मी।

### खराब इंक से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ता है असर

**रुद्रपुर :** एनसीईआरटी के अधिकारियों के अनुसार नकली किताबों में इंक की गुणवत्ता काफी खराब होती है। इससे बच्चे जब किताब के पेज पलटते हैं तो अपने मुंह पर अंगुली लगाती है। इस दौरान घटिया किस्म की इंक उनके पेट में चली जाती है। इससे उनके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है।

### अभिभावक तहरीर लेकर आएं तो होगी वैधानिक कार्रवाई

कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि स्कूलों में नया सेमेस्टर शुरू होने वाला है। हालांकि उन्होंने इस मामले को शिक्षा विभाग का बताया। फिर भी उन्होंने कहा कि अगर एनसीईआरटी की किताबें खरीदने के बाद कोई भी अभिभावक तहरीर लेकर आता है तो जहां से किताबें खरीदी हैं उस बुक सेलर के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**अदालती नोटिस**
हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रमाण-पत्र)
**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज अष्टम अयोध्या**
वाद सं. एम.सी.ए. 3/22
तारीख पेशी-25-3-26
**गोपीदास.. अपीलार्थी बनाम गणेशानन्द आदि सीताराम दास..रेस्पॉडेंट**
बनाम-1. सीताराम दास चेला राम किशन दास निवासी मोटेश्वर मंदिर काशीपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखण्ड
2. लाल बिहारी दास चेला स्व. रामवचन दास निवासी अयोध्या धाम आश्रम ओमकालेश्वर जिला खण्डवा मध्य प्रदेश
चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन 2026 के 03 के 25 दिवस को 10:00 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण से असफल करने पर उक्त आवेदन-पत्र एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 2026 के दिवस को निकली गई।
न्यायाधीश

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण)**
33/11 केवी उपसंस्थान परिसर, कमलुवागांजा, हल्द्वानी (नैनीताल)
E-mail: erddh@yahoo.co.in, फोन : (05946) 292040, फैक्स : (05946) 298318
पत्रांक : 1167/वि०वि०ख०ग्रा०(ह०)/ दिनांक : 16-03-2026
**ई- निविदा समय विस्तार सूचना**
विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत इस खण्ड से प्रकाशित ई-निविदा संख्या 79, 80, 81, 82/2025-26, जो कि दिनांक 17.03.2026 को खोली जानी थी, अपरिहार्य कारणवश निविदा खुलने की तिथि 25.03.2026 की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.03.2026 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त किये जा सकते हैं।
निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।
**अधिशासी अभियन्ता**

# शादी का झांसा देकर नौ साल तक संबंध बनाने वाला दबोचा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में शादी का झांसा देकर युवती की आबरू से खिलवाड़ करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया कि अभियुक्त नौ साल से युवती को धोखा दे रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना ट्रांजिट कैंप की रहने वाली एक युवती ने बताया कि वर्ष 2017 को उसकी मुलाकात गांव लखीमपुर थाना खजुरिया यूपी के रहने वाले सूरज पाल उर्फ संतोष से हुई थी। मुलाकात दोस्ती और फिर प्यार में बदल गई। पिछले नौ साल वह साथ रहने लगी और युवक बार-बार उसे शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब शादी का दबाव बनाया तो युवक ने इंकार कर दिया।

**अमृत विचार क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

**सूचना (नाम परिवर्तन)**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Munish Kumar से बदल कर अब Muneesh Kumar Goyal कर लिया है। अतः अब से भविष्य में मुझे Muneesh Kumar Goyal पुत्र Banarsi Das के नाम से जाना व पहचाना जाये। वर्तमान पता : Shri Shyam Ji Paddy Products, Lalpur, Near Mahindra Tractors, Distt Udham Singh Nagar, Uttarakhand, 263148

# खेतों में दिखना चाहिए वैज्ञानिकों के शोध का परिणाम

संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

**अमृत विचार:** चार-दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेले एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का पुरस्कार वितरण के साथ ही समापन हो गया। मेले में सर्वोत्तम स्टॉल के लिए मैसर्स जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज रुद्रपुर को पुरस्कृत किया गया।

सोमवार को गांधी हाल में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री पद्म भूषण भगत सिंह कोश्यारी ने पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की। कहा कि किसान मेले के माध्यम से किसानों, वैज्ञानिकों और छात्रों को एक ही स्थान पर सीखने और अनुभव साझा करने का महत्वपूर्ण अवसर मिलता है। कृषि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं है, बल्कि यहां से किसान नई तकनीक और नई प्रेरणा लेकर अपने गांवों तक जाते हैं। किसान यहां केवल सीखने ही नहीं आते, बल्कि अपने अनुभव भी साथ लेकर आते हैं। इससे ज्ञान का आदान-प्रदान और अधिक प्रभावी होता है। राष्ट्र की प्रगति में किसान और वैज्ञानिक दोनों की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण है। भारत तेजी से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है।

उन्होंने वैज्ञानिकों, छात्रों और शोधकर्ताओं से अपील की कि वे अपने ज्ञान और अनुसंधान को किसानों तक पहुंचाने का कार्य निरंतर करते रहें। विश्वविद्यालय को क्यूएस रैंकिंग में स्थान प्राप्त होना गर्व की बात है, लेकिन असली सफलता तब होगी जब यहां से सीखकर किसान अपने खेतों में नई तकनीक अपनाए और अपनी आय और उत्पादन बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में मोटे अनाज की मांग तेजी से बढ़ रही है। आज स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होने के कारण देश-विदेश में इनकी मांग बढ़ गई है। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल ने भरोसा जताया कि पंतनगर विश्वविद्यालय से प्राप्त ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि अनुसंधान का परिणाम खेतों में दिखाई देना चाहिए। उसका सीधा लाभ किसानों और ग्रामीण समाज तक पहुंचना चाहिए।

किसान मेले की अध्यक्षता करते कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि विश्वविद्यालय किसानों को नई तकनीकों और उन्नत फसल किस्मों की जानकारी देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने विकसित उन्नत बीज, आधुनिक कृषि उपकरण, पशुपालन तकनीक और कृषि आधारित नवाचार किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। विश्वविद्यालय कृषि यंत्रीकरण, डेयरी, मत्स्य पालन, बागवानी, मशरूम उत्पादन और जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। किसान मेले में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए मैसर्स एएच एसोसिएट्स, काशीपुर को पुरस्कृत किया गया। वहां पर अधिष्ठाता कृषि डॉ. सुभाष चंद्रा निदेशक प्रसार शिक्षा, डॉ. जितेंद्र क्वात्रा एवं निदेशक शोध डॉ.एसके वर्मा मंचासीन थे।



मैसर्स जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज को पुरस्कृत करते पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान।

### उत्तराखंड सैनिक पुनर्वास संस्था को मिला प्रथम पुरस्कार

**पंतनगर :** किसान मेले में लगाई गई उद्यान प्रदर्शनी में गमले में लगे पौधे, कटे फूल, फल, सब्जियां और प्रसंस्करित उत्पादों की विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिता हुई। इसमें 66 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। 63 प्रतिभागियों को विभिन्न वर्गों में पुरस्कार प्रदान किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उत्तराखंड सैनिक पुनर्वास संस्था को प्रथम और उत्तराखंड सैनिक फार्म को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को घरेलू उत्पादों एवं मोटे अनाजों से उत्पाद के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मॉडल के माध्यम से नवाचार बनाने के लिए प्रोत्साहन राशि देकर पुरस्कृत किया गया। डॉ.एसके वर्मा ने सभी का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, विद्यार्थी एवं कृषक उपस्थित थे।

### 50 लाख के बीज, पौधे और साहित्य बिके

**पंतनगर :** निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ.जितेंद्र क्वात्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय के लगभग 50 लाख के बीज, पौधे व कृषि साहित्यों की बिक्री की गयी। उन्होंने बताया कि इस मेले में विभिन्न फर्मों, विश्वविद्यालय एवं अन्य सरकारी संस्थाओं के छोटे–बड़े लगभग 416 स्टाल लगाये गये व लगभग 21 हजार 5 सौ से अधिक पंजीकृत एवं अपंजीकृत किसानों एवं विद्यार्थियों ने मेले का भ्रमण किया। किसान मेले में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और प्रदर्शित किये गये जिसमें पौष्टिक भोजन कम दामों पर उपलब्ध कराने के लिए महिला क्लब पंतनगर को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। किसान मेले में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए मैसर्स एएच एसोसिएट्स, काशीपुर तथा सर्वोत्तम स्टॉल के लिए मैसर्स जय गुरुदेव इंडस्ट्रीज रुद्रपुर को पुरस्कृत किया गया।

ब्रीफ न्यूज

## सिविल सर्विसेज खेल में नीरज का चयन

**खटीमा :** अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज खेल प्रतियोगिता के लिए नीरज सक्सेना का चयन खो-खो खेल प्रतियोगिता में हुआ है। प्रतियोगिता 19 मार्च से 23 मार्च तक पुणे में आयोजित की जाएगी। पांच दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देश भर की सभी विभागों की टीम प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतिभाग करेंगी। नीरज सक्सेना वर्तमान में प्राथमिक शिक्षा विभाग में ब्लॉक खेल समन्वयक के पद पर कार्यरत हैं।



नीरज सक्सेना।

## बरी अंजनिया में लगाया नेत्र जांच शिविर

**खटीमा :** उत्तरांचल जीवन ज्योति ट्रस्ट द्वारा बरी अंजनिया में निरंजना हेल्थकेयर के द्वारा एक विशाल निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इसमें बीपी और शुगर की भी निशुल्क जांच की गई। बरी अंजनिया के काली मंदिर शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आंखों से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों को विशेषज्ञों की सलाह उपलब्ध कराना रहा। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वर सिंह, महामंत्री सपन विश्वास, कोषाध्यक्ष शशिकला, महिला संगठन मंत्री कुमारी ममता मौजूद रहे।

# हनी ट्रैप में 4 पुरुषों सहित 2 महिलाएं गिरफ्तार

## युवक को प्रेमजाल में फंसाकर मांगी थी 50 लाख की फिरौती, आभूषण बरामद, न्यायालय में किया पेश

संवाददाता, रुद्रपुर/नानकमत्ता

**अमृत विचार:** नानकमत्ता पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हनी ट्रैप गिरोह का पर्दाफाश कर दिया और चार पुरुषों व दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से आभूषण, बैंक पासबुक सहित कई उपकरण भी बरामद किए हैं। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

सोमवार को एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि नानकमत्ता के रहने वाले एक युवक ने मुकदमा दर्ज कराते हुए हनी ट्रैप गिरोह की जानकारी दी थी और 50 लाख रुपये फिरौती मांगने का आरोप लगाया था। एसएसपी के आदेश पर नानकमत्ता पुलिस की एक टीम गठित की गई।

तफ्तीश के दौरान 15 मार्च को दरोगा राजेंद्र पंत को मिली सूचना के आधार पर टीम ने डैम इलाके में घेराबंदी कर दी।

चेकिंग के दौरान कार संख्या यूपी-26 वाई-8203 पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। पुलिस ने घेराबंदी कर कार संचालक को पकड़ लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम गांव



हनी ट्रैप गिरोह के साथ मामले का खुलासा करते एसएसपी अजय गणपति। ● अमृत विचार

गिद्धौर नानकमत्ता निवासी तारा सिंह, भड़ाभुड़िया खटीमा निवासी राजेंद्र सिंह उर्फ राजू, गिधौर निवासी गुरमीत कौर, बरकी डांडी गुरविंदर सिंह उर्फ डिंपल, भड़ाभुड़िया खटीमा निवासी सीमा और रमन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वह सोशल मीडिया या फिर मैनुअली युवाओं से दोस्ती कर प्रेमजाल में फंसाकर कमरे में बुलाकर अश्लील वीडियो बना लेते थे। मुकदमा वादी नानकमत्ता को भी बंधक बनाकर 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से कार, सोने के आभूषण, एटीएम व पासबुक बरामद करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया है।

### गिरोह के सरगना तारा पर दर्ज हैं 15 मुकदमे

**रुद्रपुर :** एसएसपी ने बताया कि अभियुक्त तारा पर वर्ष 2001 में गैंगस्टर सहित पांच, वर्ष 2002 में फॉरेस्ट एक्ट सहित तीन मुकदमे, 2003 से वर्ष 2017 तक 15 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि भड़ा भुड़िया खटीमा राजेंद्र सिंह उर्फ राजू पर वर्ष 2022 से लेकर वर्ष 2026 पर सात, सीमा पर वर्ष 2025-26 में दो, गुरमीत कौर निवासी गिद्धौर पर 2022-26 तक चार मुकदमे हैं। बताया कि हनी ट्रैप गिरोह का सरगना तारा सिंह कोतवाली नानकमत्ता का हिस्ट्रीशीटर भी है। जिस पर लूट, डकैती के भी मुकदमे दर्ज हैं।

### सीमा-गुरमीत करती थीं मीठी बातें

**रुद्रपुर :** पूछताछ में हनी ट्रैप गिरोह के सरगना तारा सिंह ने बताया कि गिरोह की महिलाएं पहले ऐसे लोगों को चिह्नित करती थीं जो महिलाओं में रुचि रखते हों। इसके बाद सीमा कौर व गुरमीत कौर जाल में फंसे शिकार से दोस्ती करती थीं और धीरे-धीरे प्रेम जाल में फंसाने का काम करती थीं। वे फोन कर मीठी-मीठी बातों में उलझाती थीं। यह सब अभियुक्त तारा सिंह के इशारे पर होता था। फिर मिलने के बहाने बुलाती थीं। जहां राजेंद्र सिंह, तारा सिंह, गुरविंदर सिंह व रमन अचानक आकर फर्जी अश्लील वीडियो बनाते और बंधक बनाकर हाथापाई कर धमकाना शुरू कर देते थे।

### चोरी की है बरामद कार

**रुद्रपुर :** हनी ट्रैप गिरोह से बरामद कार लूटी हुई बताई जा रही है। अभियुक्तों ने बताया कि कार संख्या यूपी-26 वाई-8203 को हनी ट्रैप में फंसे एक युवक से लूटी गई थी। एक और घटना को अंजाम देने के बाद कार को नेपाल में बेचे जाने की तैयारी थी। इसके लिये नेपाल बार्डर पर एक ऑटो लिफ्टर गिरोह से संपर्क भी हो चुका है। पुलिस अब उस व्यक्ति की भी तलाश कर रही है जो लूटी या चोरी की गई कार को नेपाल में बेचने का धंधा चलाते हैं।



किच्छा में कर्मचारियों से वार्ता करते अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला।

# विनियमितीकरण के लिए सफाई कर्मियों का धरना

संवाददाता, किच्छा

- प्रशासन ने दिया 15 दिन में प्रस्ताव भेजने का आश्वासन

**अमृत विचार:** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले सोमवार को दर्जनों कर्मचारियों ने नगर पालिका परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पात्र कर्मियों के विनियमितीकरण और आउटसोर्स कर्मचारियों को शासन के निर्देशानुसार 500 रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त मानदेय देने की मांग को लेकर धरना दिया।

कर्मचारियों का आरोप था कि पालिका प्रशासन शासनादेशों के पालन में जानबूझकर देरी कर रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिशासी अधिकारी (ईओ) दीपक शुक्ला ने कर्मचारियों के साथ करीब एक घंटे तक सकारात्मक वार्ता की। ईओ ने नियमों के दायरे में आने वाले सभी पात्र कर्मियों के विनियमितीकरण का प्रस्ताव 15 दिन के भीतर तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजने का लिखित आश्वासन दिया। प्रशासन के भरोसे के बाद कर्मचारियों ने अपना धरना समाप्त कर काम पर लौटने का निर्णय लिया। मौके पर नितिन चरण वाल्मीकि, संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष कल्लू चरण, शाखा अध्यक्ष कैलाश वाल्मीकि, सचिन वाल्मीकि, सूरज, राजेश, राहुल, सुरेश, धीरज, संजू, जॉनसन, शकुंतला मौजूद रहे।

# नशे में रेलवे ट्रैक पर सो गया, ट्रेन से कटकर मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

- फेसबुक पर फोटो देखकर हुई शिनाख्त

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के भूरारानी रेलवे ट्रैक पर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान भूरारानी स्थित खुशी एन्क्लेव निवासी 26 वर्षीय करण खेड़ा के रूप में हुई है, जो टेंपो स्टैंड पर मुंशी का काम करता था। घटना की जानकारी परिवार को सोमवार सुबह फेसबुक पर वायरल हुई एक पोस्ट के जरिए मिली।

परिजनों के अनुसार, करण रविवार शाम घर से निकला था। रात 11:15 बजे तक वापस न लौटने पर फोन किया गया, लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं की।



करण। (फाइल फोटो)

सोमवार सुबह जब सोशल मीडिया पर क्षत-विक्षत शव की फोटो देखी गई, तब जाकर परिवार को हादसे का पता चला।

चश्मदीदों और स्थानीय लोगों की आशंका है कि नशे की अधिकता के कारण करण भूरारानी-छतरपुर रेलवे ट्रैक पर ही सो गया था। रविवार रात लगभग 11:30 बजे गुजरने वाली ट्रेन की चपेट में आने से उसके शरीर के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मौत के सटीक कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## पूर्व पालिकाध्यक्ष का व्हाट्सएप हैक

**सितारगंज:** साइबर ठगों ने सितारगंज के पूर्व पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे का व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर उनके परिचितों से रुपयों की मांग शुरू कर दी। ठगी का अहसास होने पर पूर्व पालिकाध्यक्ष ने फेसबुक लाइव के जरिए लोगों को सतर्क किया और किसी भी तरह के लेनदेन न करने की अपील की। पूर्व पालिकाध्यक्ष के अनुसार, उनके पास एक अज्ञात कॉल आया था, जिसमें ठग ने बैंक कोरियर आने की बात कही। ठग के बताए नंबर पर कॉल करते ही उनका व्हाट्सएप हैक हो गया और फोन स्विच ऑफ हो गया। इसके तुरंत बाद उनके संपर्क सूची के लोगों को मैसेज भेजकर ''यूपीआई आईडी'' खराब होने का हवाला देते हुए तत्काल पैसों की मांग की गई। जब परिचितों ने उन्हें फोन किया तो संपर्क नहीं हो सका। बाद में फेसबुक लाइव आकर उन्होंने पूरी घटना की जानकारी दी।



एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को ज्ञापन देते भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा व अन्य।

### भाकियू टिकैत ने उठाई किसानों की आवाज

**बाजपुर :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष करम सिंह पड्डा के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी डॉ. अमृता शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने क्षेत्र की लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। संगठन ने बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित करने पर सरकार का आभार जताया, साथ ही मांग की कि निवासियों को बिना मुआवजे के भूमि का मालिकाना हक मिले। इसके अलावा, बाजपुर तहसील के 20 ग्रामों की भूमि से जुड़े विवादों को हल कर 10 हजार परिवारों को राहत देने की अपील की गई। भाकियू ने अन्य राज्यों की तर्ज पर ट्यूबवेल के बिजली बिल माफ करने, बकाया गन्ना मूल्य भुगतान और हाल ही में हुई ओलावृष्टि व बारिश से बर्बाद हुई गेहूं की फसल के लिए 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस व उचित मुआवजे की मांग उठाई। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि जोरावर सिंह भुल्लर, अजीतपाल सिंह रंधावा, विजेन्द्र डोगरा, ब्लाक अध्यक्ष प्रताप सिंह संधू, राजेन्द्र सिंह, रणजीत सिंह, कुलदीप सिंह, गुरविंदर सिंह मौजूद रहे।

# खनन पर अंकुश न लगाना पड़ा महंगा

खबर का असर

संवाददाता शक्तिफार्म



अवैध खनन से नदी में समा रही कृषि भूमि, राजस्व विभाग ने लिया जायजा

राजस्व विभाग की टीम की पैमाइश बड़े पैमाने पर मिट्टी के अवैध खनन की हुई पुष्टि

मजबूत नेटवर्क के आगे पुलिस व प्रशासन नतमस्तक

ढाई महीने बाद भी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर

**अमृत विचार:** अवैध मिट्टी खनन पर प्रभावी अंकुश न लगा पाना, शक्तिफार्म चौकी पुलिस के लिए महंगा पड़ा। आखिर "अमृत विचार" द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित खबर को संज्ञान लेते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दरोगा समेत चौकी में तैनात सभी आठ पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया।

विगत लगभग 6 माह से शक्तिफार्म क्षेत्र के ग्राम निर्मल नगर, राजनगर एवं सुरेंद्रनगर में अवैध मिट्टी खनन माफियाओं द्वारा, अवैध रूप से मिट्टी खनन कार्य को अंजाम दिया जा रहा था। विगत 31 दिसंबर को राजस्व विभाग टीम ने अवैध मिट्टी परिवहन करते ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में लिया था, परंतु दबंग मिट्टी माफियाओं द्वारा राजस्व कर्मियों के साथ बदसलूकी एवं गाली गलौज करते हुए, दबंगई के साथ ट्रैक्टर ट्राली को छुड़ा लिया गया था। मामले में स्वयं तहसीलदार ने वीडियो उपलब्ध कराते हुए मुकदमा भी पंजीकृत कराया था। बावजूद पुलिस द्वारा ढाई महीने बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई न किए जाने साथ ही, पुलिस द्वारा अवैध मिट्टी खनन कार्य पर लगाम न लगाए जाने को "अमृत विचार" द्वारा 16 मार्च को प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी। आखिर समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार को संज्ञान लेते हुए एसएसपी ने चौकी में तैनात दरोगा प्रकाश भट्ट समेत, अपर उप निरीक्षक सुरेंद्र बोरा, हेड कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार, भवान रमोला, हरीश कबड़वाल, तुलसी भट्ट, भुवन आर्य एवं दीपक नेगी समेत सभी आठ पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया।

# यूजीसी को लेकर शिवसेना लामबंद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** यूजीसी सहित चार मुद्दों को उठाते हुए शिवसेना कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए एडीएम को सौंपा। उन्होंने आगाह किया कि यदि मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन होगा।

सोमवार को शिवसेना कार्यकर्ताओं राष्ट्रपति मुर्मू से केंद्र सरकार द्वारा लागू यूजीसी कानून को वापस लेने, जातिगत आधारित आरक्षण व्यवस्था को समाप्त करने, आरक्षण की नई व्यवस्था आर्थिक आधार पर लागू करते हुए शहीद आश्रित, अनाथ, सभी जातियों और पिछड़े वर्गों गरीबों को आरक्षण देने, भारत में यूसीसी लागू



डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते शिवसेना कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

करने का मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि चार व्यवस्थाओं में सुधार हो जाता है तो लोगों को समानता का अधिकार मिल जाएगा। उन्होंने राष्ट्रपति से जनभावनाओं को देखते हुए मांगों को पूरा करने का मुद्दा उठाया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नरेश कुमार, सुरेश टम्टा, बसंत कुमार, विनोद सिंह, महेश राम, राजेंद्र कुमार, रेखा देवी, दयानंद, नेत्रपाल आदि मौजूद रहे।

## पेंशन बहाली, मालिकाना हक की उठाई मांग

**खटीमा :** उत्तराखंड क्रांति दल के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ ने सोमवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान की मांग की। जिला अध्यक्ष धन बहादुर चंद के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन पुन: बहाल करने और वर्षों से वन व जनजाति भूमि पर काबिज परिवारों को भूमिधरी अधिकार देने की पुरजोर मांग उठाई। पूर्व सैनिकों ने चेतावनी दी है कि यदि तीन माह के भीतर मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन में भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धन बहादुर चंद, राम सिंह धामी, शिव शंकर भाटिया, योगेश बोरा, शंकर दत्त जोशी, जोहार सिंह पोखरिया, कैप्टन तेज सिंह बोरा, शिवलाल रस्तोगी, भवानी शंकर, होशियार सिंह जेठी, दुर्गा सिंह सामंत आदि के नाम अंकित थे।

# डॉ. अंजू चौहान को मिला अवार्ड

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र की प्रतिभाशाली बेटी डॉ. अंजू चौहान को शिक्षा, डेटा साइंस और मनोविज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए हिमाचल प्रदेश के शिमला स्थित गेयटी थिएटर में आयोजित समारोह में लाइफटाइम अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सरकार के सहयोग से चलने बाली कंपनी डक्षित डॉल्फिन डिजाइनर की ओर से 15 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया।

बाजपुर निवासी तथा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेहटा में प्रधानाध्यापक धूम बहादुर सिंह चौहान की पुत्री डा. अंजू



हिमाचल अचीवर्स अवार्ड को प्राप्त करती डॉ. अंजू चौहान। ● अमृत विचार

चौहान वर्तमान में डेटा साइंटिस्ट, मनोवैज्ञानिक एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय एजुकेशन काउंसलर के रूप में कार्य कर रही हैं। मूल रूप से उनका जन्म 15 अगस्त 1990 को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में हुआ, लेकिन पिता के शिक्षा विभाग में कार्यरत होने के कारण उनका निवास बाजपुर में रहा। उन्होंने इंटरमीडिएट के बाद राजनीति विज्ञान और मनोविज्ञान में परास्नातक, बीएड तथा डेटा साइंस में उच्च शिक्षा प्राप्त की है। डेटा साइंस में डाक्टरेट हासिल की है।

## मारपीट मामले में 10 लोगों के खिलाफ केस

**सितारगंज :** ग्राम प्रधान उकरौली ने मारपीट करने के आरोप में 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। रविवार को ग्राम प्रधान उषा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम उकरौली में नदी के किनारे अवैध रूप से बसे परमजीत कौर पत्नी जंगीर सिंह उर्फ जंगू, कान्ति, अक्की पत्नी चन्दन, चन्दन, किरन पत्नी कमल उर्फ जस्सी, कमल उर्फ जस्सी, पूजा पुत्री जंगीर सिंह, काजल पत्नी मन्नू, संदीप उर्फ सिप्पू पुत्र जंगीर सिंह, मन्नू पुत्र जंगीर सिंह हाल निवासी ग्राम उकरौली गांव में नशे की तस्करी करते हैं। 12 मार्च को उसके यहां ड्राइवर महिपाल को रोककर गाली-गलौच करते हुए बुरी तरह से मारा पीटा। मारपीट की जानकारी मिलने पर बात करनी चाही तो आरोपियों ने उसे व रीता देवी को पकड़ कर गाली-गलौच करते हुए बुरी तरह से मार-पीट की।

आस्था | कामना सागर में आज प्रात: 8 बजकर 09 मिनट पर शुरू होगा महावारुणी स्नान

# मंगल घाट स्थापना के साथ मतुआ महामेला शुरू

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** प्रशासन की देखरेख में श्री हरिचांद- गुरुचांद धर्म मंदिर के मठाधीश आचार्य स्वामी विवेकानंद महाराज के सानिध्य में पुजारी विनय राय, परिमल, तपन व कमल राय ने प्रातः 8 बजे निशान उत्तोलन, गंगा माता पूजन व मंगल घट स्थापना कर तीन दिवसीय मतुआ महामेला महोत्सव का शुभारंभ किया। मंगलवार को प्रातः 8 बजकर 09 मिनट पर श्री हरि मंदिर स्थित कामना सागर में मधुकृष्णा त्रयोदशी पर अनुयायियों द्वारा महावारुणी स्नान किया जाएगा।

सोमवार को मेलाधिकारी तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट, नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी मोहम्मद यामीन व थानाध्यक्ष रविंद्र



शांति माता की पूजा करते मठाधीश आचार्य स्वामी विवेकानंद महाराज व अनुयायी।

सिंह बिष्ट ने मंदिर स्थित कामना सागर व मेले स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अनुयायियों से महावारूणी स्नान एवं महामेला के सफल आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से सफल करने के लिए सहयोग की अपील की।

देर रात्रि तक जिले के अलावा अन्य राज्यों से भी अनुयायी पहुंच रहे हैं। थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए महिला व पुरुष की दो प्लाटून पीएससी व अन्य थानों से अतिरिक्त फोर्स की व्यवस्था लगाई गई है। महावारुणी स्नान के चलते मंगलवार को जफरपुर मार्ग बंद रहेगा। वाहनों की आवाजाही दुर्गापुर होते हुए दिनेशपुर आना होगा।

इस मौके पर राजस्व उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार, नगर पंचायत कर निरीक्षक देव कुमार व लेखाधिकारी निर्मल पांडे, जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, बंकिम चंद्र राय, सुधीर राय, शंकर मंडल, सुभाष सरकार, आशुतोष राय, शंकर हालदार, नित्यानंद मंडल, सभासद सत्यजीत विश्वास, सौरभ मंडल, प्रीतम गाईन, संजय सरकार, विशंभर बैरागी, विष्णु शील, नारायण मंडल, संतोष राय, राखाल मंडल, विजय ढाली आदि मौजूद थे।

# शक्तिफार्म में महावारुणी महोत्सव आरंभ

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** मतुआ धर्म संस्थापक श्री श्री हरिचांद ठाकुर जी की 215वीं जयंती पर आयोजित होने वाले महा वारुणी महोत्सव का सोमवार को शुभारंभ हो गया। गुरुग्राम स्थित मंदिर परिसर में धर्म ध्वज की स्थापना के साथ अधिवास अनुष्ठान संपन्न हुआ।

सोमवार सुबह मतुआ धर्म प्रचारक मुकुलानंद गोस्वामी, माखन गुंसाई और कालीपद गुंसाई ने विधि विधान के साथ मंदिर परिसर में विशाल धर्म ध्वज की स्थापना की। पारंपरिक बंगाली परिधानों से सुसज्जित महिलाओं ने कामना सागर घाट में मां गंगा की पूजा कर मंगलवार को होने वाले स्नान पर्व की अनुमति मांगी।

घाट में भजन कीर्तन गाया। इसके बाद कलश में पवित्र जल भरकर मंदिर की परिक्रमा कर



शक्तिफार्म के हरि मंदिर घाट में गंगा पूजा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कलश को मंदिर में स्थापित किया। महोत्सव कमेटी उपाध्यक्ष रविंद्र विश्वास, कोषाध्यक्ष जयंत विश्वास, किरन बसु और सुधांशु सिकदार ने पुजारियों और बुजुर्ग मतुआ अनुयायियों को अंग वस्त्र भेंट किया।

सैकड़ों मतुआ अनुयायियों ने धर्म पताका लेकर ढोल और मंजीरा बजाते हुए गांव की परिक्रमा की। इस दौरान ग्रामीणों ने धर्म पताका की पूजा कर प्रसाद वितरण किया। जगह जगह भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर जयंत मंडल, तापस मिस्त्री, दीपक सरकार, श्रीकांत विश्वास, मणिशंकर चिंतापात्र, मदन, नकुल विश्वास, दिलीप मिस्त्री, प्राण बढ़ई, प्रभास, कमल बसु, नीलकमल टीकेदार, श्रीनाथ बसु, मनोज मंडल, विश्वजीत राय, कालीपद मंडल मौजूद रहे।

## तारकेश्वर धाम में सैकड़ों भक्तों ने धारण किया संन्यासी व्रत

**शक्तिफार्म :** पवित्र चैत्र माह के प्रथम दिन ग्राम सभा सुरेंद्रनगर स्थित तारकेश्वर धाम में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर रुद्रपुर, दिनेशपुर और रामनगरा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों शिवभक्तों ने विधि-विधान के साथ संन्यासी व्रत धारण कर भगवा वस्त्र ग्रहण किए। सोमवार को पुरोहित सोनू चक्रवर्ती ने तारकेश्वर धाम में हवन-यज्ञ संपन्न कराया, जिसके बाद भक्तों को संन्यास की दीक्षा दी गई। ये सभी संन्यासी पूरे चैत्र माह पांडा बाबा विश्वजीत बाक्ची और नारद बाबा के सानिध्य में रहकर कठिन नियमों का पालन करेंगे। धार्मिक अनुष्ठानों का नेतृत्व गोविंद, प्रदीप, रमेश और माधव सहित सात प्रमुख संन्यासी करेंगे।

## सिटी ब्रीफ

### अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**बाजपुर :** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को तमंचे और कारतूस के साथ धर दबोचा। कोतवाली प्रभारी नरेश कुमार चौहान ने बताया कि दोराहा चौकी पुलिस ने स्वार रोड स्थित एक पुरानी बंद फैक्ट्री के पास से अनुराग सागर निवासी ग्राम बाजपुर को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम (3/25 आर्म्स एक्ट) के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। टीम में चौकी प्रभारी जगदीश चंद्र तिवारी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### राधेहरि कॉलेज में हुई खो-खो चयन प्रतियोगिता

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खो-खो चयन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सोमवार को कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ क्रीड़ा अधिकारी डॉ. सुदर्शन कुमार ने किया। इसमें पुरुष वर्ग में 12 और महिला वर्ग में भी 12 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का ट्रायल युवा कल्याण विभाग के कबड्डी कोच विमल पांडे ने लिया। सुदर्शन कुमार ने बताया कि चयनित खिलाड़ी 21- 22 मार्च को हल्द्वानी में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की ओर से आयोजित खो-खो महिला-पुरुष प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

### डिजिटल साक्षरता मिशन प्रशिक्षण शुरू

**काशीपुर :** सूचना प्रौद्योगिकी की विकास एजेंसी की ओर से डिजिटल साक्षरता मिशन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम काशीपुर ब्लॉक के सभागार में आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ खंड विकास अधिकारी कमल किशोर पांडे ने किया। इस मौके पर जिला युवा कल्याण की कंचन रावत, धर्मवीर ने प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर प्रमोद जोशी, नीरज गोला आदि मौजूद रहे।

### अधिकारियों से मिले पूर्व दर्जा मंत्री

**बाजपुर :** वार्ड टांडा बंजारा स्थित रेल अंडरपास क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर पूर्व राज्य दर्जा मंत्री राजेश कुमार ने विद्युत विकासखंड बाजपुर के अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल से भेंट की। इस दौरान भाजपा नेता राजेश कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष सैनी, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री एवं सभासद राजेश सैनी, सभासद जॉनी मौर्य और सभासद कैलाश दिवाकर भी मौजूद रहे।

कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से बंदी के कगार पर कारोबार, मिट्टी के चूल्हे तैयार किए जा रहे, इफ्तार पार्टी में आ रही दिक्कत

# रेस्टोरेंट में खाना बनाने के लिए शुरू हुई जलौनी लकड़ी की सप्लाई

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** रेस्टोरेंट और ढाबों में कॉमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बंद होने से बंदी की कगार में पहुंच गए हैं। आलम यह है कि कॉमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने पर पर अब होटल कारोबारी खाना तैयार करने के लिए जलौनी लकड़ी मंगा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने मिट्टी के चूल्हे तैयार किए हैं।

दरअसल रमजान के महीने में कई लोगों ने रोज़ा इफ्तार की दावत के लिए रिज़ॉर्ट और होटल बुक किए हुए हैं। अब एडवांस बुकिंग का पैसा लेने के बाद रिसोर्ट और होटल कारोबारी पीछे नहीं हट सकते हैं। अब लकड़ी और कोयले से खाना बनाना मजबूरी हो गई है।



काशीपुर में शगुन गार्डन में लकड़ी का स्टॉक लेकर जाता ई-रिक्शा।

रेस्टोरेंट स्वामियों का कहना है कि व्यापार बंद होने के बाद रिसोर्ट और होटल में काम करने वाले लोगों के लिए खाना बनाना मजबूरी है। शगुन गार्डन के संचालक विजय रावत ने कहा कि उन्होंने बुकिंग को देखते हुए मिट्टी के चूल्हे तैयार किए हैं। इनके लिए जलौनी लकड़ी मंगाई गई है।

मेन्यू में बदलाव किया गया है। इधर घरेलू गैस सिलेंडर के लिये भी लोगों की एजेंसी में मारामारी हो रही है। सुबह से ही एजेंसियों में गैस सिलेंडर के लिये लाइन लग रही है। सरकारी एजेंसी में तो बैकलॉग चल ही रहा है। वहीं प्राइवेट गैस एजेंसी नेहा एजेंसी में करीब दो हजार सिलेंडरों का बैकलॉग चल रहा है। जबकि निर्भया गैस एजेंसी में भी 1300 का बैकलॉग चल रहा है। नेहा गैस एजेंसी में जहां सोमवार को 684 गैस सिलेंडर लेकर वाहन पहुंचा तो वहीं निर्भया गैस एजेंसी में भी 342 सिलेंडर पहुंचे।

### बाजपुर में गैस की किल्लत को लेकर भड़का उपभोक्ताओं का गुस्सा

**बाजपुर :** नगर स्थित यादव गैस एजेंसी पर सोमवार सुबह रसोई गैस की किल्लत को लेकर उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया। सुबह से ही सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में लगे दर्जनों लोगों ने गैस न मिलने पर एजेंसी के गोदाम के बाहर जमकर हंगामा किया। नाराज उपभोक्ताओं ने एजेंसी प्रबंधन पर गैस की कालाबाजारी करने और स्टॉक होने के बावजूद सिलेंडर न देने के गंभीर आरोप लगाए। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि देश और क्षेत्र में गैस की कोई कमी नहीं है। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को अब गोदाम के बाहर लाइनों में लगने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि गैस एजेंसी को घर-घर होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के आदेश दे दिए गए हैं। प्रशासनिक जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि वर्तमान में गोदाम में भरा हुआ स्टॉक मौजूद नहीं था। जैसे-जैसे सप्लाई प्राप्त हो रही है, वितरण किया जा रहा है।



बाजपुर में गैस को लेकर एसडीएम से वार्ता करते लोग। ● अमृत विचार

### शादी में आए युवकों पर हमला

**काशीपुर :** अपने दोस्तों के साथ शादी समारोह में शामिल होने आए युवक ने कुछ युवकों पर उसके व उसके दोस्तों के साथ मारपीट करने व उसकी गाड़ी में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। क्यारी, रामनगर निवासी अभिनव बिष्ट पुत्र मदन बिष्ट ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 12 मार्च की रात वह अपने दोस्तों अजय बिष्ट, हिमांशु तिवारी, शिवम चौधरी के साथ अपने वाहन से पच्चावाला, काशीपुर एक विवाह समारोह में शामिल होकर अपने घर रामनगर की ओर लौट रहे थे। तभी शादी समारोह के 200 मीटर आगे एक यूपी 78 नंबर की गाड़ी खड़ी हो गई। उनमें से दो युवक उतरे और कहा कि हमारी गाड़ी खराब हो गयी है, धक्का लगाकर स्टार्ट करवा दो। जैसे ही वे लोग कार से उतरे उन्होंने हमला कर दिया।

# आंधी से गिरे पेड़, 14 घंटे बिजली बाधित

ऊर्जा निगम ने लाइनों पर गिरे पेड़ हटाए, पानी का भी संकट गहराया, लोगों को उठानी पड़ी परेशानी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** रविवार देर रात आई आंधी ने 25 हजार बिजली उपभोक्ताओं को संकट में डाल दिया। बिजली लाइनों में जगह-जगह पेड़ टूट कर गिर गए। जिससे रविवार रात करीब एक बजे बिजली गुल हो गई। सुबह तक भी बिजली सप्लाई नहीं होने से लोगों के घरों में पानी खत्म हो गया और इन्वर्टर बंद हो गए जिससे संकट और गहरा गया।

रविवार की रात आई आंधी से कुंडेश्वरी क्षेत्र में कई जगह लाइन में फाल्ट आया था। जिससे फाल्ट ढूंढने और मरम्मत करने में समय लग गया। आंधी की वजह से हाईवे पर कई पेड़ गिर गए थे। पेड़ गिरने की वजह से जगह-जगह पर विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई थी। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार को सुबह 11 से 12 बजे के आसपास शहरी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई थी। ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति शाम सात बजे तक बहाल हुई। एसडीओ ग्रामीण पंकज कुमार ने बताया कि प्रतापपुर क्षेत्र में हाईवे पर काफी पेड़ गिर गए थे, इस कारण बिजली व्यवस्था को बहाल करने में ऊर्जा कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।



काशीपुर के कुंडेश्वरी क्षेत्र में बिजली लाइन पर गिरा पेड़। ● अमृत विचार

### आम, लीची और सब्जियों पर संकट

**काशीपुर :** कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अनिल चंद्रा ने बताया कि बेमौसमी बारिश और आंधी से आम और लीची की फसल को खासा नुकसान हुआ है। आंधी से बौर झड़ गए हैं। जो बौर बारिश से गीली हो गई हैं। उनमें अब फल लगने में समय लगेगा। मौसम में नमी होने से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में सलाह दी जाती है कि एक ग्राम कार्बन बेंजाम का एक लीटर में घोल तैयार कर स्प्रे करें। मौसमी सब्जियों में जलभराव नहीं होने दें। पानी जमा होने से गलन की शिकायत आती है।

### बन्नाखेड़ा क्षेत्र में सड़क पर गिरा साइन बोर्ड

**बाजपुर :** रविवार की मध्य रात्रि आई तेज आंधी और हवाओं के कारण बन्नाखेड़ा क्षेत्र में एक विशाल दिशा सूचक साइन बोर्ड उखड़कर सड़क पर गिर गया। यह हादसा बाजपुर-बैलपड़ाव मार्ग पर वन विभाग की चौकी के समीप हुआ, जिससे मुख्य मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। सड़क के बीचों-बीच भारी भरकम बोर्ड गिरने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की टीम मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से बोर्ड हटाने का कार्य शुरू किया। विभाग के अनुसार यातायात को सुचारू करने के प्रयास जारी हैं। प्रशासन ने खराब मौसम में वाहन चालकों को सावधानी बरतने की अपील की है।



मुख्य मार्ग पर आंधी से गिरा सूचना बोर्ड। ● अमृत विचार



बाजपुर में आंधी से टूटा बिजली का पोल। ● अमृत विचार

# बाजपुर में फसलें बर्बाद 15 कच्चे मकान गिरे

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** रविवार मध्य रात्रि करीब एक बजे आए भीषण आंधी-तूफान ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। तेज हवाओं और बारिश के कारण हजारों हेक्टेयर गेहूं व लाही की फसल खेतों में बिछ गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्राकृतिक आपदा का असर जनजीवन, यातायात और विद्युत व्यवस्था पर भी बुरी तरह पड़ा है।

एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा और तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान के अनुसार, तूफान से अब तक 15 कच्चे मकानों के पूर्ण या आंशिक रूप से गिरने की सूचना है। सबसे अधिक नुकसान इटव्वा (6 मकान), गजरौला (3) और बेतखेड़ी (2) में हुआ है। इसके अलावा सुल्तानपुर पट्टी और उझानी दूली में भी मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। राजस्व विभाग की टीमें अभी भी नुकसान का आकलन कर रही हैं।

उधर, अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल ने बताया कि तूफान से साढ़े छह किमी विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हुई है, जिसमें 11 हजार की लाइन और एलटी लाइन शामिल हैं। इसके साथ ही 11 ट्रांसफार्मर फुंक गए और 14 पोल गिर गए। दावका, मौहाली और हरिपुरा सहित कई फीडर प्रभावित होने से 18 घंटे तक बिजली गुल रही। हालांकि, विभाग ने अधिकांश क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल कर दी है।



बाजपुर में क्षतिग्रस्त मकान।

### 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजे की मांग

किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो ने चिंता जताते हुए कहा कि गेहूं की फसल 90 प्रतिशत तक बर्बाद हो गई है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि प्रभावित किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा दिया जाए। किसानों का कहना है कि पकने की कगार पर खड़ी फसल के नष्ट होने से उनकी मेहनत पर पानी फिर गया है।



दिनेशपुर में हल्की वर्षा व तेज हवा से जमीन पर बिछी गेहूं की फसल।

### हल्की वर्षा और तेज हवा से जमीन पर बिछी गेहूं की फसल

**दिनेशपुर :** हल्की बारिश के साथ तेज हवा से रविवार की रात्रि क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ तैयार गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। विद्युत कटौती से जहां जनजीवन अस्त- व्यस्त रहा वहीं किसानों को खेतों में तैयार हो रही गेहूं की फसल जमीन पर गिरने से खराब होने का डर सता रहा है। जिससे क्षेत्र का किसान चिंतित व मायूस दिख रहा है। क्षेत्र में खटोला, मदनापुर, हरिपुरा, चरनपुर, ललपुरी, दलीपनगर व कूल्हा आदि क्षेत्र में सैकड़ो एकड़ तैयार गेहूं की फसल जमीन पर बिछी हुई है। किसान नेता चंचल सिंह देऊपा ने बताया कि विगत दो वर्षों से लगातार गेहूं की फसल आपदा के चलते खराब हो रही है। उन्होंने कहा इस बार गेहूं की फसल काफी अच्छी थी। सरकार द्वारा बेमौसमी धान की रोपाई बंद करवाने से किसानों की आय खत्म कर दी है। वहीं मजदूरों व राइस मिलों का काम भी बंद हो गया है। गेहूं की फसल नष्ट होने से किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र का किसान सहकारी समितियों, बैंक व आढ़तियों से लिया कृषि ऋण की अदायगी नहीं कर पाएगा।



काशीपुर में एक खेत में गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

# कार ने मारी स्कूटी को टक्कर, युवती की मौत

संवाददाता, काशीपुर

● युवती के साथ पीछे बैठी बुआ गंभीर रूप से घायल, भर्ती

**अमृत विचार:** रामनगर रोड पर आरओबी के पास एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवती की कार की टक्कर से मौत हो गई। जबकि उसके साथ बैठी उसकी बुआ गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है।

न्यू आवास-विकास एलआईसी दफ्तर के पास निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक खूब सिंह की इकलौती बेटी नेहा चौहान (28) अपनी बुआ नीलम चौहान (33) के साथ सोमवार की दोपहर रामनगर रोड स्थित एक होटल गई थीं। वहां से लौटते वक्त रामनगर रोड पर निर्माणाधीन आरओबी के निकट स्थित एक निजी अस्पताल के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटी सवार नेहा चौहान व नीलम चौहान सड़क पर गिर गयी। इसी दौरान कार चालक ने भागने के प्रयास में नेहा चौहान के पेट के ऊपर से और बुआ नीलम चौहान के पैर के ऊपर से कार निकाल दी। हादसे में नेहा की मौत हो गई। जबकि नीलम गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने घटनास्थल के पास ही स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।



नेहा चौहान। (फाइल फोटो)

वहीं बताया जा रहा है कि कार चालक भागने के प्रयास में निर्माणाधीन आरओबी से टकरा गया। हादसे के बाद कार में सवार दो लोग मौका पाकर भाग गए।

उधर एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय पहुंचे मृतका के भाई व तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्यालय इंटर कॉलेज में कंप्यूटर के शिक्षक प्रशांत चौहान ने बताया कि नेहा वर्तमान में टीचिंग की पढ़ाई कर रही थीं। कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने बताया की पोस्टमार्टम के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

### फैक्ट्री कर्मी की मौत में रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर:** फैक्ट्री से कार्य कर लौट रहे तीन फैक्ट्री कर्मियों को टक्कर मारकर घायल करने व घटना में एक फैक्ट्री कर्मी की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम करनपुर थाना अजीम नगर, रामपुर निवासी सूरज ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 15 मार्च को उसका भाई रामपाल, नन्दकिशोर व उनका साथी रामपाल पुत्र सामले, महुआखेड़ागंज स्थित नैनोफिल फैक्ट्री से काम कर लौट रहे थे। इस दौरान सुबह 6 बजकर 15 मिनट वीरपुर रोड स्थित रजा फिलिंग स्टेशन के आगे रावत ढाबे के सामने ट्रक चालक ने तीनों को टक्कर मार दी और ट्रक को छोड़कर मौके से भाग गया।



प्रतियोगिता के बाद विजेता टीम के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

### नेटबॉल में द संस्कार स्कूल प्रथम

**काशीपुर।** प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर मिक्स नेटबॉल प्रतियोगिता में द संस्कार स्कूल के तीन छात्रों समृद्धि सक्सेना, अंशदीप सिंह, तोहिद सैफी ने प्रदर्शन किया।

14 से 15 मार्च को शिवडेल स्कूल, हरिद्वार में प्रथम उत्तराखंड स्टेट जूनियर मिक्स नेटबॉल चैंपियनशिप हुई। जिसमें द संस्कार स्कूल की छात्रा समृद्धि ने विंग डिफेंस की पोजीशन पर खेलते हुए ऊधमसिंह नगर नेटबॉल टीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम को प्रथम स्थान प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंशदीप ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। इस मौके पर रफीक अंसारी, मनजीत कौर, शबनम सिद्दीकी, अनीता सुंद्रियाल, पूजा जोशी, नीतू शर्मा, नीलम शर्मा मौजूद रहे।

# गोविषाण टीले से तेंदुआ पकड़ा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** बाजपुर रोड स्थित ऐतिहासिक तीर्थ द्रोणा सागर और चैती मेला परिसर से सटे गोविषाण टीला क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से बना तेंदुओं का खौफ थमता नजर नहीं आ रहा है। सोमवार की सुबह वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक और तेंदुआ कैद हो गया। क्षेत्र में पिछले कुछ समय में पकड़ा गया यह छठा तेंदुआ है।

बाजपुर रोड स्थित तीर्थ द्रोणा सागर परिसर व चैती मेला परिसर से सटे गोविषाण टीला क्षेत्र पर लगभग 4-5 साल से तेंदुओं की दहशत बनी हुई है। यहां पर रह रहे तेंदुए क्षेत्र के कई पालतू व लावारिस कुत्तों को अपने निवाला बना चुके हैं। क्षेत्र के पार्षद अनिल कुमार व भारतीय पुरातत्व विभाग के कर्मचारी रंजीत सिंह बिष्ट ने बताया कि वन विभाग इससे पहले पांच तेंदुओं को पिंजरा में पकड़ चुका है।

उन्होंने बताया इससे पहले बीती 1 फरवरी को पांचवां तेंदुआ पकड़ा गया था। अब सोमवार की सुबह विभाग के कर्मचारी ने लगभग छह बजे टीला पर लगे पिंजरे में तेंदुए को कैद देखा था। जिसके बाद उन्होंने वन विभाग को सूचना दी। उन्होंने बताया बीते तीन-चार दिन से तेंदुए दिखाई दे रहे थे। लगभग चार दिन पहले ब्लॉक कार्यालय के सामने गली में दो तेंदुए देखे गए थे।



काशीपुर में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ। ● अमृत विचार

# जसपाल बने जिला प्रधान संघ संगठन के जिलाध्यक्ष

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** ऊधम सिंह नगर में विकासखंड के ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में काशीपुर के जसपाल सिंह को प्रधान संघ संगठन का जिला अध्यक्ष घोषित किया। वहीं, ग्राम प्रधान जिला संगठन को लेकर गहन चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से जिले के ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्षों की ओर से जिला ग्राम प्रधान संगठन ऊधमसिंह नगर का गठन किया। जिसमें प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष जसपाल सिंह (काशीपुर), वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव (रुद्रपुर), जिला उपाध्यक्ष मंदीप सिंह (बाजपुर), जिला महिला उपाध्यक्ष मीना चौधरी (गदरपुर), जिला सचिव रजविंदर कौर (बाजपुर), जिला महामंत्री रेशम सिंह (सितारगंज), जिला उपसचिव मंजीत सिंह राणा (खटीमा), जिला कोषाध्यक्ष दिलशाद शाह (जसपुर), जिला कानूनी सलाहकार आशा बिष्ट (खटीमा) बने हैं।



जिलाध्यक्ष का स्वागत करते प्रधान व अन्य।

### आर्म्स एक्ट का आरोपी साक्ष्यों के अभाव में बरी

**काशीपुर:** करीब सात साल पुराने आर्म्स एक्ट के एक मामले में अदालत ने साक्ष्यों के अभाव में आरोपी को बरी कर दिया।

मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती, काशीपुर निवासी आलोक कुमार पुत्र स्व. रामगोपाल के खिलाफ दरोगा मुकेश मिश्रा की ओर से 1 मई 2019 को कोतवाली काशीपुर में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना पूरी होने के बाद काशीपुर पुलिस ने 23 दिसंबर 2019 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया। इसके बाद मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट/द्वितीय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) की अदालत में विचाराधीन रहा। मुकदमे की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव कुमार आकाश ने पैरवी की। अदालत ने आलोक कुमार को आरोपों से बरी कर दिया।

ब्रीफ न्यूज

### मॉक ड्रिल के तहत आज बजेगा चेतावनी सायरन

**बागेश्वर :** जनपद में प्रस्तावित आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल के तहत मंगलवार को अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान चेतावनी सायरन भी बजाया जाएगा। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार संभावित आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए यह अभ्यास किया जा रहा है। यह केवल मॉक ड्रिल है, वास्तविक आपदा की स्थिति नहीं है। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, शांति बनाए रखें और प्रशासन का सहयोग करें।

### नुमाईश मैदान में स्वास्थ्य शिविर 19 को

**बागेश्वर :** अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत 19 मार्च को नुमाईश मैदान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी हेम चंद्र तिवारी ने बताया कि शिविर सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कान, नाक और गला से संबंधित बीमारियों की जांच और परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# जनता को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें

## डीएम ने अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण और शिकायतकर्ताओं को जानकारी देने के निर्देश दिए

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचारः** जिला कार्यालय सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक तथा विकास से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं।

कार्यक्रम के दौरान कुल 93 शिकायतें दर्ज की गईं। जिलाधिकारी ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव है, उनका मौके पर ही निस्तारण किया जाए, जबकि अन्य मामलों में निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रभावी कार्रवाई करते हुए आख्या प्रस्तुत की जाए। डीएम ने विगत सप्ताह आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों की



चम्पावत में जनता मिलन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

विभागवार समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायतकर्ता को विभागीय कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम ढकना की नारायणी देवी ने अपने परिवार को सुरक्षित स्थान पर विस्थापित किए जाने की मांग रखी। इस पर डीएम ने संबंधित विभागों से पूर्व में की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए प्रार्थी को शीघ्र धनराशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा खेतीखान की पुष्पा ओली ने अपने पुत्र के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने, ग्राम कांडा दुधपोखरा की भावना देवी ने पेयजल समस्या के समाधान, नायकगोठ की कमला पंत ने बीपीएल राशन कार्ड बनवाने, ग्राम बुडम ककनई की नेहा ने मंदिर के सौंदर्यीकरण, ग्राम कानीकोट के दीपक सिंह ने सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने तथा ग्राम दुबड़ जैनल के दिलीप सिंह महर ने जंगली जानवरों से बागवानी को हो रहे नुकसान से बचाव के लिए चैन लिंक फेंसिंग लगाने की मांग की।

इसके अतिरिक्त ग्राम सिलाड सुखीढांग के संजय ने आधार कार्ड बनवाने और ग्राम डुंगरा के प्रदीप राम ने अपने बच्चे के लिए प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग रखी। नवीन सिंह, सुमन, छोटे लाल, ईश्वरी देवी, प्रकाश नरियाल, बसंती देवी, रमेश राम, सूरज महर, देवराम और गरिमा भट्ट सहित अन्य लोगों ने भी विभिन्न समस्याएं उठाईं। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, जिला विकास अधिकारी दिनेश सिंह दिगारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान, सहायक परियोजना निदेशक विम्मी जोशी, मुख्य शिक्षा अधिकारी मान सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ओपीएस बहाली को संघर्ष तेज करने का लिया निर्णय

संवाददाता, अल्मोड़ा




- प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में पुरानी पेंशन को लेकर चर्चा
- विधायकों और दावेदारों को ज्ञापन सौपनें का भी लिया निर्णय

**अमृत विचारः** प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से सोमवार को वुर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुरानी पेंशन बहाली समेत तमाम समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। तय किया गया कि ओपीएस की मांग को फिर से आंदोलन तेज किया जाएगा। साथ ही विधायकों और दावेदारों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक में वक्ताओं ने पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के साथ ही जोड़ा जाएगा। इसके लिए संगठन जिला स्तर पर सदस्यता अभियान चलाएगा। इसके अलावा बैठक में ब्लॉक स्तर पर नियमित बैठक आयोजित करने और पदाधिकारियों को नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंपने पर भी चर्चा हुई। यहां बैठक में जिलाध्यक्ष गणेश भंडारी, राजकीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष भूपाल सिंह चिलवाल, संरक्षक डॉ. मनोज जोशी, महिला विंग सचित शांति जुयाल, दीपक पांडे, धीरेंद्र कुमार पाठक, दिगंबर फुलोरिया, सुशील बाराकोटी, मदन ध्यानी, नीरज सचान, गोपाल रावत, कविंद्र उप्रेती, प्रेम प्रकाश जोशी, जीवन मेहरा, कमलेश पांडे, नंदा बल्लभ मैनाली, मोहन जोशी, हरीश अधिकारी, मनोज पाठक, कैलाश जोशी, बसंत पांडे, रमेश मेहरा, नितेश कांडपाल, तारा बिष्ट, मनमोहन शर्मा, गिरिजा भूषण जोशी, गोपी किशन, ललित पांडे, मनीष पांडे, सुबोध कांडपाल समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# छात्राओं ने सीखा जैम, जेली बनाना

- कस्तूरबा गांधी विद्यालय में तीन माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय टनकपुर में फल संरक्षण संस्थान द्वारा छात्राओं के लिए तीन माह का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को जैम, जेली, अचार, स्क्वैश और मुरब्बा बनाने की विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम गोविंद बल्लभ जोशी के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। तीन माह तक चले इस प्रशिक्षण में विद्यालय की छात्राओं ने उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें फलों से विभिन्न


कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में तैयार किए उत्पाद दिखातीं छात्राएं।

उत्पाद तैयार करने की तकनीकें सिखाई गईं तथा खाद्य संरक्षण के महत्व की जानकारी भी दी गई।

इससे छात्राओं को स्वरोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक होने और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिली। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर संस्थान द्वारा आयोजित मूल्यांकन के आधार पर प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय की वार्डन प्रेमा ठाकुर ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं के कौशल विकास के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और इससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कहा कि इसे स्वरोजगार के रूप में भी अपनाकर अच्छी आय अर्जित कीं जा सकती है।

# विश्व ताइक्वांडो में भाग लेंगी छात्रा आस्था जोशी

संवाददाता, बैरती

**अमृत विचारः** आगामी अप्रैल माह में ताशकंद में आयोजित होने वाली वर्ल्ड ताइक्वांडो चैंपियनशिप में चौखुटिया की आस्था जोशी 42 किलोग्राम भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। आस्था का चयन इंडिया ताइक्वांडो द्वारा सोनीपत में आयोजित अंतिम चयन परीक्षण के आधार पर हुआ है। यह परीक्षण 13 से 14 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया था।


आस्था जोशी।

राजकीय जूनियर हाईस्कूल पान की शिक्षिका लीला संगेला जोशी और दिनेश जोशी की पुत्री आस्था ने चयन परीक्षण में शानदार प्रदर्शन करते हुए 42 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया और वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए अपना स्थान पक्का किया। आस्था वर्तमान में बाल विकास विद्यालय भटकोट (चौखुटिया) की कक्षा 11 की छात्रा हैं। लोगों ने उनके कोच गिरधर सिंह रावत के प्रयासों की भी सराहना की है। आस्था के चयन पर ब्लॉक प्रमुख चेतना नेगी, नगर पंचायत अध्यक्ष रेवती देवी, पूरन संगेला, प्रदीप केड़ा, कुबेर सिंह कड़ाकोटी, कुबेर सिंह कठायत, मदनमोहन चौधरी, नृपेन्द्र कुमार जोशी, उमेश त्रिपाठी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रा को शुकामनाएं दी हैं।

# उपनल के समान अवकाश की मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** कुमाऊं श्रमिक संघ की सोमवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्रमिकों की तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही नहई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें उत्तम राणा को अध्यक्ष और राजेंद्र सिंह पूना को महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

नगर के एनटीडी स्थित वन विभाग के चिंतन सभागार में आयोजित बैठक में श्रमिकों ने वर्ष 2023 से डीए की बहाली करने, सेवानिवृत्त कर्मियों को ग्रेजुईटी की धनराशि देने, वरिष्ठता के आधार पर नियमितीकरण करने, दैनिक श्रमिकों को न्यूनतम वेतनमान देने, श्रमिकों को वर्दी, जूते और पहचान पत्र देने, वेतन से एनआरएस की धनराशि कटौती करने, दुर्घटना


अल्मोड़ा में कुमाऊं श्रमिक संघ की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- अल्मोड़ा में कुमाऊं श्रमिक संघ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा
- नई कार्यकारिणी में उत्तम सिंह को चुना गया संगठन का अध्यक्ष

बीमा कराए जाने, उपनल के समान अवकाश और चिकित्सा सुविधा देने, बोनस का भुगतान करने समेत दैनिक श्रमिकों की वरिष्ठता सूची जारी करने की मांग उठाई। इसके अलावा बैठक में नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष और महामंत्री के अलावा उपाध्यक्ष पद पर दीवान भंडारी, कोषाध्यक्ष पद पर गोविंद सिंह बोरा को मनोनीत किया गया। यहां बैठक में हरेंद्र सिंह सतवाल, पूनम आर्या, कैलाश भट्ट, हीरा सिंह मेहरा, खिलानंद भट्ट, भगवती भट्ट, धन सिंह बिष्ट, प्रताप परिहार रहे।

# धारानौला में यूपी के चालक का सिर फोड़ा

संवाददाता, अल्मोड़ा

- पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- बिना बात के मारपीट करने का लगाया आरोप

**अमृत विचारः** अल्मोड़ा में यूपी निवासी चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित चालक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार यूपी के बहेड़ी निवासी एक पीड़ित ने अल्मोड़ा कोतवाली में एक तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि वह धारानौला तिराहे के पास खड़ा था। इस दौरान राहुल बिष्ट और रवि बिष्ट नामक दो युवक बिना बात से उनसे विवाद करने लगे। जबरन उसके वाहन की चाबी छीन ली। विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। दोनों आरोपियों ने डंडे से उसके सिर पर एकाएक हमला कर दिया। इससे वह बुरी तरह घायल हो गया। आसपास के लोगों के आने पर दोनों जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित चालक ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ने की मांग की है।

इधर, कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित चालक की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### सीडीओ ने लोगों की शिकायतें सुनीं

**बागेश्वरः** कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें रखीं। जनता दरबार में पेयजल, विद्युत, आपदा राहत और लोक निर्माण विभाग से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं।

मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया, जबकि शेष प्रकरणों को त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजते हुए निर्धारित समयसीमा में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन और 'हेलो बागेश्वर' पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा भी की तथा अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# घर में काम कर रही वृद्धा पर बंदर ने किया हमला

संवाददाता, बागेश्वर

- एक सप्ताह में मटेना गांव में बंदर के काटने की दूसरी घटना

**अमृत विचारः** गरुड़ क्षेत्र में घर के अंदर घुसकर बंदर ने एक वृद्ध महिला को काट दिया। इस घटना से ग्रामीणों में तीव्र आक्रोश है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर बंदरों को पकड़ने व प्रभावित को मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

ग्राम पंचायत मटेना निवासी पार्वती देवी पत्नी केवलानंद खोलिया उम्र 64 वर्ष अपने घर में काम कर रही थी। तभी बंदरों का झुंड उनके आंगन में आ धमका। एक बंदर उनके घर के अंदर घुस गया और उन पर हमला कर उनके गाल व सिर में काट दिया। जिससे वह घायल हो गई। स्वजन उन्हें सीएचसी बैजनाथ ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें छुट्टी दे दी है। पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रशेखर बड़सीला ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर बंदर के काटने की यह मटेना गांव में दूसरी घटना है। कुछ दिन पूर्व बंदरों ने आंगन में 61 वर्षीय नवीन चंद्र जोशी पर भी हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। इस घटना से ग्रामीण आक्रोशित हैं। मटेना की क्षेपंस भगवती खुल्बे, ग्राम प्रधान नीमा जोशी, हेम चंद्र पांडे, ख्याली दत्त जोशी, फकीरा दत्त बिष्ट ने वन विभाग से बंदरों की समस्या से निजात दिलाए जाने और प्रभावित को मुआवजा देने की मांग की है।

### नेपाली वृद्ध का शव स्वजन को सौंपा

**टनकपुर :** रूपालीगाड़ के पास मिले शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी पहुंचाया। शव की शिनाख्त 65 वर्षीय लक्ष्मण राम पुत्र भूमिराज, निवासी ग्राम शिवनाथपुर, जिला बेतड़ी, नेपाल के रूप में हुई है।

टनकपुर के कोतवाल चेतन सिंह रावत ने बताया कि सोमवार सुबह पुलिस को रूपालीगाड़ के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव को टनकपुर उपजिला चिकित्सालय लाई। शव की शिनाख्त के बाद पीएम कर उसे स्वजनों को सौंप दिया गया है। मृतक के रिश्तेदार बहादुर थापा ने बताया कि मृतक लक्ष्मण राम मानसिक रूप से अस्वस्थ्य था। वह एक सप्ताह से घर से लापता था।

# दुर्घटना पीड़ितों के लिए मुआवजा योजना लागू

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले पीड़ितों और उनके आश्रितों को त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार ने 'सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा (अंतरिम राहत) योजना, 2026' लागू कर दी है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस योजना को लागू किया गया है। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना पीड़ितों को दुर्घटना के बाद तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय ने पूर्व में अधिनियम की धारा 164 ए के तहत ऐसी प्रभावी योजना तैयार करने के निर्देश दिए थे, जिससे दुर्घटना पीड़ितों को समयबद्ध वित्तीय सहायता मिल सके। न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में केंद्र सरकार ने इस योजना को तैयार कर लागू किया है।

डीएम ने कहा कि अक्सर सड़क दुर्घटना मामलों में अंतिम मुआवजा प्राप्त करने में कानूनी औपचारिकताओं के कारण काफी समय लग जाता है। ऐसे में यह योजना पीड़ितों को 'अंतरिम राहत' के रूप में तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी, जिससे उनके उपचार, पुनर्वास और परिवार की तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि योजना के लागू होने से सड़क दुर्घटना पीड़ितों को सहायता देने की व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी।

राहत | वनाग्नि की घटनाओं से अब तक लाखों की वन संपदा को नुकसान

# बारिश ने नियंत्रित की जंगलों में धधकी आग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** जिला मुख्यालय समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में रविवार शाम से हुई बारिश ने जंगलों की आग को आशिक रूप से शांत कर दिया है। इससे वन विभाग ने राहत की सांस ली है। साथ ही फैली धुंध भी हट गई है।

दरअसल, पिछले एक माह से जिले के सभी रेंजों के जंगल वनाग्नि से धधक रहे थे। फायर सीजन से अब तक वनाग्नि की घटनाओं से लाखों की वन संपदा राख हो गई है। रोजाना बड़ी संख्या में वनाग्नि की घटनाएं सामने आ रही थी। जिसने वन विभाग को चिंता में डाल दिया था। रविवार देर रात जिला मुख्यालय समेत जिले के धौलछीना, सोमेश्वर, ताकुला समेत आदि स्थानों में झमाझम बारिश हुई थी। इधर, सोमवार सुबह जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में हल्की बारिश हुई। इससे धधकते जंगल आशिक रूप से शांत हो गए है। वहीं, जंगलों में आग बुझते ही वन विभाग समेत स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।



अल्मोड़ा में बारिश के बाद सोमवार को मौसम सुहावना रहा। ● अमृत विचार

**पर्यावरण भी हो रहा था प्रदूषित**

जिले में बीते दिनों वनाग्नि की घटना से वातारण में चारों तरफ धुंध छाई हुई थी। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, खासकर बुजुर्गों और बच्चों को परेशानी हो रही थी। इधर, बारिश से अब वातारण भी साफ हो गया है। वहीं, धुंध भी पूरी तरह छट गई है। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है।

### बार काउंसिल के नये सदस्यों का सम्मान

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी बार एसोसिएशन द्वारा सोमवार को बार भवन में उत्तराखंड बार काउंसिल के नवनिर्वाचित सदस्यों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने मेहरबान सिंह कोरंगा, डॉ. चंद्रशेखर जोशी और राजन सिंह मेहरा को फूल-मालाएं, बुके और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

अधिवक्ताओं ने तीनों सदस्यों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उम्मीद जताई कि वे अधिवक्ताओं के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे। नवनिर्वाचित सदस्यों ने भी अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया। समारोह की अध्यक्षता हल्द्वानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर कुमार पंत व संचालन सचिन मोहन सिंह बिष्ट ने किया। इस मौके पर अधिवक्ता जेके शर्मा, राम सिंह बसेड़ा, जीएन जोशी आदि मौजूद रहे।

# टनकपुर में 10 घंटे तक गुल रही बिजली, कारोबार पर पड़ा असर

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** रविवार की रात तेज बरसात और अंधड के कारण कई जगह बिजली के तार क्षतिग्रस्त होने से टनकपुर नगर में 10 घंटे तक बिजली गुल रही। पूर्णागिरि क्षेत्र में भी रात भर अंधेरा छाया रहा, जिससे श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

रात में 12 बजे के करीब 33 केवी लाइन में जगह-जगह पेड़ की टहनियां गिर गई, जिससें तार व पोल क्षतिग्रस्त हो गए। उर्जा निगम कर्मियों ने मशक्कत के बाद लाइनों की मरम्मत कर सुबह नौ बजे आपूर्ति सुचारू की। इससे बिजली से चलने वाले उद्यम भी ठप रहे। पूर्णागिरि यात्रा मार्ग में अंधेरे के कारण यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। यूपीसीएल के एसडीओ मंयक भट्ट ने बताया कि गोरखा नाला, पंचायत घर ज्ञानखेडा और बनबसा सब स्टेशन के समीप जगह-जगह पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था बाधित रही। उन्होंने बताया कि रात्रि से ही विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त लाइनों को सुधारने का कार्य किया गया। सुबह नौ बजे आपूर्ति बहाल कर दी गई।

**चम्पावत में पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में हुई बारिश से मिली राहत :** रविवार की रात चम्पावत जिले के पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में हुई बारिश से लोगों को राहत मिली है। आलू की फसल और सब्जी पौधों के लिए बारिश अच्छी मानी जा रही है, वर्षा से लंबे समय से छाई धुंध भी समाप्त हो गई है। सोमवार को सुबह धूप निकलने से मौसम सुहावना हो गया, लेकिन दोपहर बाद आसमान में फिर से घने बादल छा गए। कई जगह हल्की बूंदाबांदी भी हुई। मुख्य कृषि अधिकारी धनपत कुमार और जिला उद्यान अधिकारी मोहित मल्ली ने बताया कि बारिश खेती-बागवानी के लिए अच्छी है।

### बारिश के बाद मौसम साफ, किसानों के चेहरे खिले

**बागेश्वर :** रविवार रात हुई बारिश के बाद सोमवार सुबह मौसम साफ रहा। बारिश से जंगलों में लगी आग बुझने के साथ ही वातावरण में फैली धुंध भी कम हो गई है, जिससे तापमान में गिरावट आई है। बारिश से किसानों में भी खुशी देखी जा रही है। किसान गणेश रावत ने बताया कि बारिश से खेतों में नमी आ गई है, जिससे बुवाई में सुविधा होगी। साथ ही उगल, भिंडी, कद्दू, तुरई और खीरा जैसी फसलों को भी इसका लाभ मिलेगा।

अमृत विचार
मंगलवार, 17 मार्च 2026





इतिहास ने, भूगोल ने, परंपरा ने, संस्कृति ने, धर्म ने, नदियों ने हमें आपस में बांधा है।
**-अटल बिहारी वाजपेयी**, पूर्व प्रधानमंत्री

# राज्यों से राष्ट्रीय संकेत

देश के चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव केवल क्षेत्रीय सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया के अलावा राष्ट्रीय राजनीति के भविष्य की दिशा भी तय कर सकते हैं। लगभग साढ़े सत्रह करोड़ मतदाता 824 विधानसभा सीटों पर मतदान करेंगे। इन राज्यों से लोकसभा के 116 और राज्यसभा के 51 सदस्य आते हैं, इसलिए इनके नतीजों से मिले सियासी संकेत स्वाभाविक रूप से राष्ट्रीय सत्ता समीकरणों को प्रभावित करेंगे।

चुनाव वाले राज्यों तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरलम, असम में सामाजिक संरचना, राजनीतिक परंपराएं और आर्थिक चुनौतियां भिन्न हैं, इसलिए मतदाताओं के मुद्दे भी अलग-अलग हैं। मतदाताओं के सामने मुख्य मुद्दों में बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक सुरक्षा, क्षेत्रीय पहचान और विकास का प्रश्न प्रमुख रहेगा। पिछले वर्षों में रोजगार के अवसरों में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई, जबकि जीएसटी संग्रह और विदेशी निवेश में शानदार बढ़ोतरी हुई। इससे यह सवाल भी उठ रहा है कि आर्थिक वृद्धि का लाभ आम नागरिक तक किस हद तक पहुंचा है, इसलिए इन चुनावों में मतदाता केवल वैचारिक नारों के बजाय रोज़गार, शिक्षा और बुनियादी सेवाओं जैसे ठोस मुद्दों पर वोट करते दिखाई दे सकते हैं। इन चुनावों के किसी दल या गठबंधन को अधिकतर राज्यों में निर्णायक जीत मिलती है, तो उसका प्रभाव लोकसभा और राज्यसभा की रणनीतियों में दिखाई देगा। क्षेत्रीय दलों की मजबूती भी राष्ट्रीय राजनीति में उनकी सौदेबाज़ी की क्षमता बढ़ा सकती है, फिलहाल राजनीतिक दृष्टि से कुछ राज्यों के मुकाबले दिलचस्प होंगे। तमिलनाडु में द्रविण मुनेत्र कषगम का लगातार दूसरी बार सत्ता में लौटने का प्रयास हो अथवा पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस चौथी बार सत्ता में आने की चुनौती हो या फिर केरल में पारंपरिक सत्ता परिवर्तन की परंपरा को देखते हुए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, मार्क्सवादी के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा और कांग्रेस के गठबंधन का सीधा संघर्ष यह देखने लायक होगा, तो वहीं असम और पुडुचेरी में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के सामने सत्ता बरकरार रखने की चुनौती भी दर्शनीय है। इन चुनावों के अलावा गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र, नगालैंड और त्रिपुरा की आठ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों से यद्यपि इनकी विधानसभाओं का संतुलन बहुत अधिक नहीं बदलेगा, लेकिन यह दलों की लोकप्रियता के संकेत अवश्य देंगे। इन चुनावों के संदर्भ में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर बहुतों को संदेह है, तो मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण प्रक्रियाओं में बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं नाम कटने के आरोप भी जायज हैं। ऐसे में चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

आयोग को पारदर्शिता, निष्पक्षता और समान अवसर सुनिश्चित करके यह साबित करना होगा कि चुनावी मैदान सभी दलों के लिए समान है। लोकतंत्र में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब भी होते हैं। यदि चुनावी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी रहती है तथा राजनीतिक दल विकास और जनकल्याण के वास्तविक मुद्दों पर प्रतिस्पर्धा करते हैं, तो यह लोकतंत्र को मजबूत करने वाला कदम होगा।

## प्रसंगवश

# 'सियासत में जरूरी है रवादारी, समझता है'

सपा मुखिया अखिलेश यादव अपने सबसे बड़े जनाधार वाले मुस्लिम समाज को कम तवज्जो देते हैं। ये धारणा टूट रही है। अब अखिलेश मुस्लिम समाज को अधिक से अधिक समय दे रहे हैं। अपने पिता दिवंगत मुलायम सिंह यादव की तरह, वो मुस्लिम महफ़िलों-शादियों में ख़ूब शिरकत कर रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने राजनीतिक करियर में जितनी मुस्लिम शादियों और रोजा इफ्तार पार्टियों में सम्मिलित हुए होंगे, इतनी शिरकत उन्होंने चंद सप्ताह में कर लीं।

सपा मुखिया की मुस्लिम महफिलों में बढ़ती दिलचस्पी पर राजनीति पंडितों का मानना है कि हालिया बिहार और महाराष्ट्र निकाय चुनावी नतीजों में एआईएमआईएम की सफलता के बाद अखिलेश असदुद्दीन औवेसी की यूपी दस्तक को गंभीरता से ले रहे हैं। भाजपा द्वारा तुष्टिकरण के आरोपों और ध्रुवीकरण से बचने के अलावा अधिक से अधिक हिंदू समाज के वोट हासिल करने के लिए वो मुस्लिम समाज से सीमित ही रिश्ता रखने व इनके मसलों पर ज्यादा मुखर न होना ही मुनासिब समझ रहे थे, क्योंकि चाह कर भी वो अपने पिता मुलायम सिंह यादव की तरह अकलियत के मुद्दों पर अधिक मुखर नहीं हो सकते थे।



**नवेद शिकोह**
वरिष्ठ पत्रकार

एक जमाना था जब उत्तर प्रदेश में चार दलों का वजूद था, इसलिए मुलायम के जमाने वाली सपा एमवाई (मुस्लिम-यादव) समीकरण से सरकार बना सकती थी, किंतु अब समाजवादी पार्टी का लक्ष्य भाजपा के तकरीबन चालीस से पचास फीसद जनाधार के मुकाबले इतना ही जनाधार हासिल करना है, जो एमवाई समीकरण से संभल नहीं रही। यही कारण है कि पीडीए बनाकर दलित-पिछड़ों को विश्वास में लेने की सपा की मुख्य रणनीति है। बसपा हाशिए पर है और कांग्रेस साथ है।

भाजपा को हराने के लिए सपा इकलौता दल है, इसलिए मुस्लिम समाज सपा को नजरंदाज नहीं कर सकता। भले ही सपा मुसलमानों को कितना भी नजरंदाज कर ले, लेकिन बिहार विधानसभा चुनाव और महाराष्ट्र निकाय चुनाव में ओवैसी की तरफ बढ़ते मुस्लिम रुझान से अखिलेश अपनी रणनीति को परिवर्धित करते हुए अकलियत के नजदीक जा रहे हैं।

ये सच है कि दुनिया की तरह वक्त भी गोल है, जहां से शुरू होता है वहीं आ जाता है। घूम फिरकर हम वहीं आ जाते हैं, जिसे छोड़कर निकले थे। औवेसी सपा को पुराने स्वरूप में लाने पर मजबूर कर रहे हैं। यूपी में भाजपा की भगवा संस्कृति की हुकूमत के नौ बरसों के दौरान रमजान की इबादत में सियासत का अतिक्रमण कम हो गया था। समाजवादी पार्टी मुखिया भी मुस्लिम महफ़िलों और मसले मसायलों में एक लिमिट तक ही नजर आ रहे थे, लेकिन बिहार और फिर महाराष्ट्र निकाय चुनावी नतीजों का असर यूपी में दिखने लगा है।

2027 की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव का यह अंतिम वर्ष है। माह-ए- रमज़ान में इसका असर दिखा। बहुत अर्से से सूनी पड़ी लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब ने अंगड़ाई ली। भव्य रोजा इफ्तार पार्टियों में हिंदू-मुस्लिम सद्भावना के मंजर दिखाई दिए। सद्भावना और गंगा-जमुनी तहजीब को बहाल करने या पुनः इबादत में सियासत के रंग घोलने में समाजवादियों का बड़ा योगदान रहा। सफेद जाली टोपियां इफ्तार पार्टियों की शान रहती हैं, लेकिन समाजवादी लाल टोपियां भी इफ्तार पार्टियों में खूब नजर आ रही हैं।

सियासी इफ्तार पार्टियों पर मशहूर शायर राहत इंदौरी ने लिखा था-
**सियासत में ज़रूरी है रवादारी, समझता है**
**वो रोज़ा तो नहीं रखता, पर इफ्तारी समझता है**

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# 5 राज्यों के चुनाव व पश्चिम बंगाल की निर्णायक परीक्षा





**जयदेव राठी**
लेखक

भारत में जब भी कई राज्यों में एक साथ चुनाव होते हैं, तो राजनीतिक विमर्श केवल स्थानीय मुद्दों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह राष्ट्रीय राजनीति की दिशा का संकेत भी देने लगता है। चुनाव आयोग द्वारा पांच राज्यों- पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की तिथियों की घोषणा के बाद देश की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इन चुनावों को लेकर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समीकरण बन रहे हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की नजर विशेष रूप से पश्चिम बंगाल पर टिकी हुई हैं। इसका कारण यह है कि यहां पिछले लगभग डेढ़ दशक से सत्ता में मौजूद तृणमूल कांग्रेस और उसे चुनौती देने के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरी भाजपा के बीच सीधा और तीखा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

पश्चिम बंगाल की सियासत पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजनीति का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुकी है। 2011 में वाम मोर्चे के लंबे शासन को समाप्त कर सत्ता में आईं ममता ने राज्य की राजनीति को पूरी तरह बदल दिया। उसके बाद से तृणमूल कांग्रेस लगातार सत्ता में बनी हुई है और इस बार का चुनाव उसके लिए लगभग 15 वर्षों के शासन की परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। लोकतांत्रिक राजनीति का एक स्वाभाविक नियम यह है कि लंबे समय तक सत्ता में रहने वाली सरकारों को एंटी-इंकंबेंसी का सामना करना पड़ता है। जनता के एक वर्ग में यह भावना बनने लगती है कि अब बदलाव होना चाहिए। पश्चिम बंगाल में भी विपक्ष इसी मनोविज्ञान को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

भाजपा ने पश्चिम बंगाल में अपनी राजनीतिक जमीन काफी मजबूत की है। कभी राज्य की राजनीति में सीमित उपस्थिति रखने वाली यह पार्टी आज तृणमूल कांग्रेस की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी बन चुकी है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को राज्य में उल्लेखनीय सफलता मिली थी और 2021 के विधानसभा चुनावों में भी उसने मजबूत प्रदर्शन करते हुए खुद को मुख्य विपक्ष के रूप में स्थापित कर लिया। यही कारण है कि इस बार भाजपा पूरे आत्मविश्वास के साथ 'परिवर्तन' का नारा दे रही है। पार्टी का मानना है कि राज्य में भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक अक्षमता जैसे मुद्दों के कारण जनता बदलाव चाहती है।

> पांच राज्यों में चुनावों का एलान हो गया है। इन राज्यों में अलग-अलग समीकरण बन रहे हैं, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की नजर विशेष रूप से पश्चिम बंगाल पर टिकी हुई हैं।

इस चुनाव में एक नया आयाम विशेष सघन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का विवाद भी जुड़ गया है। यह विवाद 'रोटी, कपड़ा और मकान' जैसे बुनियादी मुद्दों को भी पीछे छोड़ते हुए इस वर्ष बंगाल की राजनीति का एक प्रमुख विषय बन गया। इसमें तृणमूल कांग्रेस और चुनाव आयोग के बीच खुला टकराव देखने को मिला। ममता बनर्जी ने इस प्रक्रिया को बंगाली पहचान और मतदाता अधिकारों के लिए संभावित खतरा बताया, जबकि भाजपा का कहना है कि यह प्रक्रिया फर्जी नामों को हटाने के लिए जरूरी है, जिनमें कथित तौर पर बांग्लादेश से आए घुसपैठिए, रोहिंग्या और अन्य लोग शामिल हैं। यह विवाद सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा और ममता बनर्जी स्वयं अदालत में उपस्थित हुईं। ममता बनर्जी निष्क्रिय नहीं हैं। वे एक अनुभवी राजनीतिक योद्धा हैं, जो प्रत्येक प्रहार का उत्तर जानती हैं।

भाजपा का आरोप है कि पड़ोसी देशों से होने वाली अवैध घुसपैठ ने राज्य की जनसांख्यिकी और सुरक्षा दोनों को प्रभावित किया है। भाजपा इस मुद्दे को राष्ट्रीय सुरक्षा और पहचान की राजनीति से जोड़कर जनता के सामने रखती रही है। दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस इन आरोपों को राजनीतिक प्रचार बताती है और कहती है कि भाजपा राज्य की सामाजिक एकता को तोड़ने की कोशिश कर रही है। इस तरह घुसपैठ का मुद्दा केवल प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि चुनावी बहस का बड़ा राजनीतिक विषय बन गया है।

ममता बनर्जी की राजनीति की सबसे बड़ी ताकत उनकी जनसंपर्क क्षमता और कल्याणकारी योजनाएं मानी जाती हैं। उनकी सरकार ने महिलाओं, गरीबों और ग्रामीण वर्ग के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचा है। यही कारण है कि तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि जनता का भरोसा अब भी उसके साथ है। पार्टी यह भी कहती है कि भाजपा बाहरी ताकत के रूप में बंगाल की राजनीति में प्रवेश करना चाहती है, जबकि तृणमूल खुद को बंगाल की संस्कृति और अस्मिता का प्रतिनिधि बताती हैं।

पश्चिम बंगाल की राजनीति में केवल विकास या प्रशासनिक मुद्दे ही निर्णायक नहीं होते, बल्कि सांस्कृतिक पहचान भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बंगाल का समाज अपनी भाषा, संस्कृति और बौद्धिक परंपरा को लेकर काफी सजग माना जाता है। ऐसे में चुनावों के दौरान 'बंगाली अस्मिता' का प्रश्न अक्सर उभरकर सामने आ जाता है। ममता बनर्जी इसी भावनात्मक मुद्दे को मजबूत करने की कोशिश करती रही हैं, जबकि भाजपा राष्ट्रीय राजनीति के बड़े मुद्दों को सामने रखकर चुनावी मैदान में उतरती है।

हाल के वर्षों में राज्य सरकार पर कई आरोप भी लगे हैं, जिनमें शिक्षक भर्ती घोटाले और राशन वितरण से जुड़े विवाद प्रमुख रहे हैं। इन मामलों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की है। भाजपा का कहना है कि इन घटनाओं ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और जनता अब पारदर्शिता और जवाबदेही चाहती है, हालांकि तृणमूल कांग्रेस इन आरोपों को राजनीतिक साजिश बताकर खारिज करती रही है।

यदि व्यापक राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में देखा जाए, तो पश्चिम बंगाल का चुनाव केवल राज्य की सत्ता तक सीमित नहीं है। इसके परिणाम का असर राष्ट्रीय राजनीति पर भी पड़ सकता है। ममता बनर्जी को राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के प्रमुख चेहरों में गिना जाता है। यदि वे एक बार फिर मजबूत जनादेश प्राप्त करती हैं, तो उनकी राजनीतिक स्थिति और मजबूत हो सकती है। वहीं भाजपा के लिए बंगाल में सफलता पूर्वी भारत में अपनी राजनीतिक पकड़ को और विस्तार देने का अवसर होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



महागठबंधन इस चुनाव में जीत दर्ज करेगा। मेरी पार्टी हमेशा भाजपा के खिलाफ लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। कांग्रेस के दो विधायकों के गायब होने की चर्चा अफवाह है।
**-तेजस्वी यादव**
नेता
राष्ट्रीय जनता दल

एनडीए की जीत तय है। जिन विधायकों को एकजुट रखने के लिए होटल में ठहराया गया है, वे भी अंतत: एनडीए के पक्ष में वोट करेंगे।
**-जीतन राम मांझी**
मंत्री
केंद्र सरकार



# यह युद्ध क्या लंबा और विनाशकारी होगा!



**प्रो. आरके जैन**
शिक्षाविद्

मध्य पूर्व अचानक संघर्ष की भयंकर आग में झुलस रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से 'पूर्ण और बिना शर्त आत्मसमर्पण' की मांग की और कहा कि कोई सौदा नहीं, कोई मध्यस्थता नहीं, सिर्फ पूरी तरह जीत। यह अल्टीमेटम युद्ध के सातवें दिन आया, जब अमेरिका और इज़राइल ने ईरान पर हजारों लक्षित हमले किए। ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोज़तबा खामेनेई ने इसे केवल एक 'सपना' करार देते हुए पूरी तरह खारिज कर दिया, जिससे तनाव और भी गहरा गया है।

खामेनेई के कड़े शब्दों ने अमेरिका के लिए सीधे चुनौती खड़ी कर दी है। ईरान ने ट्रंप का अल्टीमेटम ठुकराते हुए कहा, 'हम अंत तक लड़ेंगे।' इसके तुरंत बाद, ईरानी मल्टी-वारहेड मिसाइलों ने इज़राइल और गल्फ क्षेत्रों को विनाश की आग में ढक दिया। युद्ध के 11वें दिन, 140 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल हो चुके हैं, जिनमें आठ की स्थिति गंभीर है। पेंटागन चुप है, लेकिन सुरक्षा विशेषज्ञ इसे 'साइलेंट किलर' मोड कहते हैं। ईरान ने क्षेत्रीय सहयोगियों को सक्रिय किया, जिससे लेबनान में 10 लाख लोग विस्थापित हुए। ट्रंप का दावा कि ईरान की मिसाइल क्षमता 80% कम हो गई है, हकीकत से मेल नहीं खाता, क्योंकि जवाबी हमले लगातार जारी हैं। रूस के साथ ईरान की बातचीत अमेरिकी आर्थिक दबाव को और गहरा रही है।

> भविष्य की अनिश्चितता ने दुनिया को गहरी चिंता में डाल दिया है। ईरान पीछे नहीं हटता, तो यह संघर्ष लंबे एट्रिशन युद्ध में बदल सकता है।

भविष्य की अनिश्चितता ने पूरी दुनिया को गहरी चिंता में डाल दिया है। यदि ईरान पीछे नहीं हटता, तो यह संघर्ष लंबे एट्रिशन युद्ध में बदल सकता है, जहां मौतों की संख्या बढ़ेगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारी बोझ पड़ेगा। ऐसी स्थिति में ट्रंप को अपना अल्टीमेटम वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है और घोषित 'विक्ट्री' केवल राजनीतिक बयान भर रह जाएगी। दूसरी ओर, ईरान अपने सहयोगियों के साथ अंत तक लड़ने का संकेत दे चुका है। भारत जैसे देश तटस्थ रहते हुए कूटनीति के रास्ते को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। यह अल्टीमेटम शांति की संभावनाओं को कठिन परीक्षा में डाल रहा है। अब आने वाला समय ही तय करेगा कि ट्रंप की दिखावटी ताकत भारी पड़ेगी या ईरान की दृढ़ता पूरी दुनिया को एक नए संकट के दौर में धकेल देगी।

वैश्विक अर्थव्यवस्था संकट की कगार पर खड़ी है। संयुक्त राष्ट्र ने इसे 'मेजर ह्यूमैनिटेरियन इमरजेंसी' घोषित किया। अब तक 1000 से अधिक नागरिक स्थल तबाह हो चुके हैं। मध्य पूर्व में अस्थिरता फैल रही है, बेरूत से तेहरान तक बमबारी जारी है। तेल की कीमतें 91 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं और होर्मुज स्ट्रेट में खतरे के कारण और बढ़ सकती हैं। जर्मन चांसलर ने चेतावनी दी कि बिना ठोस एग्जिट प्लान के युद्ध अनंत तक खिंच सकता है। चीन ने ईरान को स्पष्ट संदेश दिया कि अमेरिका और इजराइल को चुनौती न दें, जबकि रूस का समर्थन ईरान को जारी है। ट्रंप बार-बार 'विजय नजदीक' बता रहे हैं, लेकिन मिसाइल हमले थमने का नाम नहीं ले रहे। दुनिया की निगाहें थम गई हैं, क्योंकि किसी भी क्षण परमाणु खतरे का भय मंडरा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय तनाव चरम पर पहुंच चुका है। दबाव और शांति के बीच संतुलन साधना अब सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। बैक चैनल्स के जरिए शांति के संकेत भेजे जा रहे हैं, लेकिन अल्टीमेटम से पीछे हटना लगभग असंभव है। विशेषज्ञ मानते हैं कि बिना रिजीम चेंज के कोई 'जादुई जीत' संभव नहीं। ईरान ने सरेंडर नहीं किया। उसका नेतृत्व और भी रेडिकल हो गया है। अमेरिकी बलों ने अब तक 5000 से अधिक टारगेट्स हिट किए, लेकिन ईरानी मिसाइलें लगातार जारी हैं। पेंटागन की चुप्पी वैश्विक स्तर पर सवाल खड़े कर रही है और यह अल्टीमेटम युद्ध को लंबा खींच सकता है, जिससे आर्थिक भार अमेरिका पर भारी पड़ेगा।

ईरान पूरी तरह अमेरिका को थकाने और दबाव में रखने की रणनीति पर केंद्रित है। होर्मुज स्ट्रेट और प्रमुख तेल पाइपलाइंस को निशाना बनाकर उसने वैश्विक ऊर्जा संकट और बढ़ा दिया है। क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाने के लिए विद्रोही समूहों को सक्रिय करना उसकी रणनीति का हिस्सा बन गया है। युद्ध का कोई सुरक्षित ऑफ-रैंप न होने के कारण यह दावा कि यह जल्द खत्म होगा, पूरी तरह खोखला लगता है।

डिप्लोमेसी अब सबसे अहम जरूरत बन गई है। रूस और ईरान की बातचीत जारी है, जबकि चीन की चेतावनी स्पष्ट और सख्त है। ट्रंप बैक चैनल्स के माध्यम से शांति के संकेत दे रहे हैं, लेकिन 'सरेंडर या डाई' अल्टीमेटम इसे रोक रहा है। ईरान न्यूक्लियर रिफाइनमेंट तेज कर सकता है, जो वैश्विक स्तर पर बड़ा खतरा पैदा करता है। अब दुनिया के नेताओं को तुरंत मध्यस्थता करनी होगी, वरना ह्यूमैनिटेरियन क्राइसिस और गहरा जाएगा। यह अल्टीमेटम इतिहास में दर्ज होगा, या तो अमेरिकी 'विजय' के रूप में, या गंभीर भूल के रूप में।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# जलेश्वर भाई नहीं रहे

ओह! अभी कुछ देर पहले सोशल मीडिया से बहुत दुखद सूचना मिली। साथी जलेश्वर नहीं रहे।

बीते कुछ वर्षों से निजी जीवन के विषाद और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जलेश्वर लगातार जूझते रहते थे, पर उनका इस तरह जाना बहुत अखर रहा है। बिटिया की बहुत दुखद मृत्यु के बाद वह काफी हद तक टूट गए थे। उनके चारों तरफ दुख, उदासी और निराशा का अंधेरा-सा था। बेटी की स्मृतियां और कुछ दोस्तों से फोन की बतकही ही उसका संबल थीं! पर सेहत साथ नहीं दे रही थी। घर में निपट अकेले थे। जैसा साथी पत्रकार महेंद्र मिश्र की पोस्ट से पता चल रहा है कि बनारस स्थित अपने निवास के बाथरूम में गिरने और लंबे समय तक वहां पड़े रहने से उनकी मृत्यु हुई।



**उर्मिलेश**
वरिष्ठ पत्रकार

जहां तक याद आ रहा, जलेश्वर से मेरी पहली मुलाकात सन् 78 और 79 के बीच कभी हुई रही होगी। हम कुछ मित्र इलाहाबाद से बनारस गए थे। उनके बड़े भाई, लेखक और वामपंथी कार्यकर्ता महेश्वर जी के यहां जलेश्वर से मिले थे।

साथी जलेश्वर से मेरी आखिरी मुलाकात कुछ साल पहले बनारस के लंका से अस्सी की तरफ जाने वाली सड़क के एक चौराहे के पास की एक दुकान पर हुई थी। किसी कार्यक्रम में मैं बनारस गया हुआ था। दोनों ने फोन पर चर्चा के बाद सुबह-सुबह वहीं मिलना तय किया था। मार्निंग वाक के बाद मैं खोजते-खोजते जलेश्वर की बताई दुकान तक पहुंच गया।। वह कुछ मिनट बाद पहुंचा!

संभवतः उस दुकान की मालकिन एक बूढी औरत थी। हमने वहां कुछ साथ-साथ खाया भी। तब से हम फिर कभी नहीं मिल सके। यदा-कदा फोन पर बातचीत होती थी। उसकी फेसबुक पोस्ट जब भी दिखती मैं जरूर पढ़ता था। उसने अपनी आखिरी पोस्ट में TOI की एक खबर को उद्धृत किया है; जो सोनम वांगचुक की रिहाई के फैसले से संबंधित है। अब उसकी कोई नयी पोस्ट नहीं दिखेगी। पर उसकी आवाज और उसके तेवर की गूंज कभी खत्म नहीं होगी! जब भी उसकी याद आएगी, उसकी आवाज भी सुनाई देगी!

उसके जीवन का आखिरी दौर बहुत दुख-तकलीफ में बीता। पर निजी दुखों और समाज में निराशाजनक माहौल के बावजूद उसके अंदर युवा दिनों का धारदार और जानदार जलेश्वर कभी मरा नहीं! इसलिए उसके इस तरह चले जाने पर मैं सिर्फ यही कह सकता हूं:

साथी जलेश्वर जिंदाबाद!

**-फेसबुक वाल से**

## सामयिकी

# बंदी प्रत्यक्षीकरण मौलिक अधिकारों का सजग प्रहरी

भारतीय संविधान ने नागरिकों को कुछ महत्वपूर्ण अधिकार दिए हैं, जिन्हें हम मौलिक अधिकार कहते हैं। मौलिक अधिकार वे अधिकार हैं, जो राज्य के विरुद्ध नागरिकों को प्राप्त होते हैं। संविधान के भाग तीन में इसका विस्तृत उल्लेख किया गया है। मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए संविधान के अनुच्छेद 32 में इन अधिकारों की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट को रिट निकालने की शक्ति प्रदान की गई है। यह रिटें इस प्रकार हैं- बंदी प्रत्यक्षीकरण परमादेश अधिकार पृच्छा उत्प्रेषण और प्रतिषेध प्रमुख रूप से हैं। न्यायालय इन रिट को जारी करके नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है। हाई कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है, जबकि सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 32 के तहत अधिकारों की रक्षा से संबंधित रिटें जारी करता है।

हाई कोर्ट मौलिक अधिकारों के अतिरिक्त अन्य अधिकारों पर भी रिटें जारी कर सकता है। इस प्रकार हाई कोर्ट को सर्वोच्च न्यायालय से रिट जारी करने में अधिक शक्ति प्राप्त है। इन रिटों का इतना महत्व है कि इसे संविधान की आत्मा तक कहा जाता है, क्योंकि यदि मौलिक अधिकारों की रक्षा न हो सके तो फिर इन अधिकारों का क्या महत्व रह जाएगा। वस्तुतः बंदी प्रत्यक्षीकरण एक महत्वपूर्ण न्यायिक रिट है, जिसे अंग्रेजी में हैबियस कॉर्पस कहा जाता है। हैबियस कॉर्पस शब्द लैटिन भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ है शरीर को प्रस्तुत करना। इस प्रकार यह रिट अवैध गिरफ्तारी पर रोक लगाकर नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है तथा अवैध गिरफ्तारी से संरक्षण भी प्रदान करता है।



**रवींद्र त्रिपाठी**
लेखक

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि यदि गिरफ्तारी विधि सम्मत नहीं है, तो न्यायिक हिरासत भी अवैध है। इसी आधार पर प्रतापगढ़ निवासी शिवम् चौरसिया की ओर से दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को मंजूर करते हुए अभियुक्त को तत्काल रिहा करने का आदेश जारी कर दिया, क्योंकि गिरफ्तारी की प्रक्रिया विधि सम्मत तरीके से पूर्ण नहीं की गई थी। गिरफ्तारी मेमो में गिरफ्तारी का कारण दर्शित नहीं किया गया था। अभियुक्त को थाने पर बयान के लिए बुलाया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। हतप्रभ करने वाली बात यह है कि मजिस्ट्रेट ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया।

अभियोजन पक्ष की ओर से यह दलील दी गई कि गिरफ्तारी के बाद यदि मजिस्ट्रेट ने रिमांड को स्वीकार कर लिया है, यदि गिरफ्तारी की प्रक्रिया में कोई त्रुटि रह जाती है, तो वह विलुप्त मान ली जाती है, लेकिन हाई कोर्ट इस बात से सहमत नहीं हुआ। वैसे इन सब प्रावधानों के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में बहुत ही स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 का पांचवा अध्याय इसी के लिए समर्पित है। इसमें गिरफ्तारी प्रावधानों का बारीकी से वर्णन किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में धारा 36 से 62 तक गिरफ्तारी के संबंध में विस्तृत प्रावधान है। धारा 36 में स्पष्ट प्रावधान है कि गिरफ्तार करने वाला पुलिस अधिकारी अपनी पूरा पोशाक धारण करेगा। उसकी पोशाक में किसी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए। धारा 36 क के अनुसार उसे अपने नाम की एक नाम पट्टिका भी धारण करनी होगी, ताकि उसकी पहचान सुस्पष्ट रहे। 36 ख के अनुसार गिरफ्तारी का एक मेमो बनाया जाएगा, जिसमें गिरफ्तारी का कारण स्पष्ट रूप से लिखा रहेगा तथा वह गिरफ्तारी मेमो एक साक्षी द्वारा प्रमाणित हो, जो उसके परिवार का सदस्य होगा। यदि मौके पर परिवार का सदस्य मौजूद न रहे, तो उस क्षेत्र का, जहां उसकी गिरफ्तारी हो रही है, वहां का कोई सम्मानित व्यक्ति होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



# आत्मिक शुद्धि का पर्व नवरात्रि



अध्यात्म पथ पर प्रगतिशील साधकों के लिए नवरात्रि के त्योहार की अनुपम महिमा है। शिवरात्रि साधक के लिए साधना में प्रवेश करने का काल है, तो नवरात्रि उत्सवपूर्ण नवीनीकरण के अवसर की नौ रात्रियां हैं। नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय। वस्तुत: नवरात्रि अंत:शुद्धि का महापर्व है। आज वातावरण में चारों तरफ विचारों का प्रदूषण है। ऐसी स्थिति में नवरात्रि का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। अपने भीतर की ऊर्जा जगाना ही देवी उपासना का मुख्य प्रयोजन है। दुर्गा पूजा और नवरात्रि मानसिक-शारीरिक और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक हैं। ज्योतिष शास्त्र में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है, क्योंकि चैत्र नवरात्र के बाद सूर्य का राशि परिवर्तन होता है। सूर्य 12 राशियों में भ्रमण पूरा करते हैं और फिर से अगला चक्र पूरा करने के लिए पहली राशि मेष में प्रवेश करते हैं। सूर्य और मंगल की राशि मेष दोनों ही अग्नि तत्व वाले हैं, इसलिए इनके संयोग से गर्मी की शुरुआत होती है। चैत्र नवरात्रि से नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू होती है।

## हिंदू नववर्ष की शुरुआत

चैत्र नवरात्रि का धार्मिक दृष्टि से खास महत्व है, क्योंकि चैत्र नवरात्रि के पहले दिन आदिशक्ति प्रकट हुई थी और देवी के कहने पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि निर्माण का कार्य शुरु किया था। इसलिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष शुरु होता है। सर्दी और गर्मी की ऋतुओं का मिलन काल आश्विन और चैत्र मास में जिन दिनों आता है, वे नवरात्रि कहलाते हैं। उन दिनों शरीर, मन और प्रकृति के विभिन्न घटकों में विशेष रूप से उल्लास भरा रहता है। वातावरण में विशिष्टता व्याप्त रहती है। शरीर दबे हुए रोगों को निकालने का प्रयास करता है। इसीलिए इन दिनों रोग बढ़ जाते हैं। आयुर्वेद इस अवसर को शरीर शोधन के लिए विशेष उपयोगी मानता है। चैत्र नवरात्रि में वसंत होता है। प्रकृति की शोभा देखते ही बनती है। वनस्पतियां नवीन पल्लव धारण करती हैं। प्रकृति का उल्लास अपना प्रभाव समूचे वातावरण पर डालता है। जीवधारियों के मन विशेष प्रकार की मादकता से भर जाते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से मनीषियों ने इन दिनों आत्मा के ऋतुमति होने का आलंकारिक संकेत किया है। उनके अनुसार, इन दिनों वह अपने प्रियतम परमात्मा से मिलने के लिए विशेष रूप से आतुर होती है। नौ दिन का व्रत-उपवास प्राकृतिक उपचार के समतुल्य माना जा सकता है। इसमें प्रायश्चित के निष्कासन और पवित्रता की अवधारणा दोनों भाव हैं। चैत्र की नवरात्रि के साथ रामजन्म एवं रामराज्य की स्थापना का इतिहास है। इस कारण इस नवरात्रि का महत्व सर्वाधिक है।


पं. मनोज कुमार द्विवेदी
ज्योतिषाचार्य, कानपुर

## नवरात्रि के नियम

नवरात्रि का व्रत रखने और पूजन करने के कुछ नियम भी होते हैं। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक जो भक्त इन नियमों के साथ माता रानी की पूजा उपासना करता है, उस पर माता रानी की अति कृपा होती है। मातारानी उसकी सभी मनोकामनाएं पूरा करती हैं।

## व्रत का सकारात्मक प्रभाव

नवरात्रि के समय प्रकृति में एक विशिष्ट ऊर्जा होती है, जिसको आत्मसात कर लेने पर व्यक्ति का कायाकल्प हो जाता है। व्रत में हम कई चीजों से परहेज करते हैं और कई वस्तुओं को अपनाते हैं। आयुर्वेद की धारणा है कि पाचन क्रिया की खराबी से ही शारीरिक रोग होते हैं, क्योंकि हमारे खाने के साथ जहरीले तत्व भी हमारे शरीर में जाते हैं। आयुर्वेद में माना गया है कि व्रत से पाचन प्रणाली ठीक होती है। व्रत उपवास का प्रयोजन भी यह है कि हम अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण कर अपने मन-मस्तिष्क को केंद्रित कर सकें। मनोविज्ञान यह भी कहता है कि कोई भी व्यक्ति व्रत-उपवास एक शुद्ध भावना के साथ रखता है। उस समय हमारी सोच सकारात्मक रहती है, जिसका प्रभाव हमारे शरीर पर पड़ता है, जिससे हम अपने भीतर नई ऊर्जा महसूस करते हैं। इस समय प्रकृति अपना स्वरूप बदलती है। वातावरण में एक अलग-सी आभा देखने को मिलती है। पतझड़ के बाद नवीन जीवन की शुरुआत, नई पत्तियों और हरियाली की शुरुआत होती है। संपूर्ण सृष्टि में एक नई ऊर्जा होती है। इस ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करने के लिए हमें व्रतों का संयम-नियम बहुत लाभ पहुंचाता है। नवरात्रि में कृषि-संस्कृति को भी सम्मान दिया गया है। मान्यता है कि सृष्टि की शुरुआत में पहली फसल जौ ही थी। इसलिए इसे हम प्रकृति (मां शक्ति) को समर्पित करते हैं।

## धार्मिक कार्यों में मन लगाएं

नवरात्रि के 9 दिनों में व्रतधारी को अपना मन भौतिकता की चीजों से दूर रखना चाहिए। उन्हें अपना मन हमेशा माता रानी के चरणों में लगाकर रखना चाहिए। धार्मिक कार्यों में समय बिताना चाहिए। इस दौरान दुर्गा चालीसा और दुर्गा सप्तसती का पाठ करते रहना चाहिए।

## नवरात्रि पूजन कैसे करें

- नवरात्रि के पहले दिन घर के मुख्य द्वार के दोनों तरफ स्वास्तिक बनाएं और दरवाजे पर आम के पत्ते का तोरण लगाएं। क्योंकि माता इस दिन भक्तों के घर में आती हैं। माना जाता है कि ऐसा करने से मां लक्ष्मी भी प्रसन्न होती हैं और आपके घर में निवास करती हैं।
- नवरात्रि में माता की मूर्ति को लकड़ी की चौकी या आसन पर स्थापित करना चाहिए। जहां मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें वहां पहले स्वास्तिक का चिह्न बनाएं। उसके बाद रोली और अक्षत से टीकें और फिर वहां माता की मूर्ति को स्थापित करें। उसके बाद विधि-विधान से माता की पूजा करें।
- वास्तुशास्त्र के अनुसार, उत्तर और उत्तर-पूर्व दिशा यानी ईशान कोण को पूजा के लिए सर्वोत्तम स्थान माना गया है। आप भी अगर हर साल कलश स्थापना करते हैं, तो आपकी इसी दिशा में कलश रखना चाहिए और माता की चौकी सजानी चाहिए।
- नवरात्रि के दिनों में कण-कण में मां दुर्गा का वास माना जाता है और पूरा वातावरण भक्तिमय रहता है। वास्तु में बताया गया है कि एक चावल से भरा पीतल का कलश अपने मंदिर के उत्तर-पूर्व में रखना समृद्धिदायक होता है। ऐसा करने से मां आपके धन-धान्य में वृद्धि करती हैं और आपके घर में समृद्धि आती है।
- ध्यान रहे कि पूजन कक्ष साफ़-सुथरा हो और उसकी दीवारें हल्के पीले, गुलाबी जैसे आध्यात्मिक रंग की हो तो अच्छा है, क्योंकि ये रंग आध्यात्मिक ऊर्जा के स्तर को बढ़ाते हैं। इसके साथ ही काले, नीले और भूरे जैसे तामसिक रंगों का प्रयोग पूजा कक्ष की दीवारों पर नहीं होना चाहिए।
- धर्म शास्त्रों के अनुसार कलश को सुख-समृद्धि, वैभव और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। वास्तु के अनुसार ईशान कोण यानी उत्तर-पूर्व जल एवं ईश्वर का स्थान माना गया है और यहां सर्वाधिक सकारात्मक ऊर्जा रहती है। इसलिए पूजा करते समय माता की प्रतिमा या कलश की स्थापना इसी दिशा में करनी चाहिए। देवी पूजा-अनुष्ठान के दौरान मुख्य द्वार पर आम या अशोक के पत्तों की बंदनवार लगाने से घर में नकारात्मक शक्तियां प्रवेश नहीं करती।



## कन्याओं का सम्मान करना चाहिए

भारतीय परंपरा में कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप माना जाता है। इसी कारण से लोग नवरात्रि में कन्याओं का पूजन कर पुण्य प्राप्त करते हैं। नवरात्रि के दिन में सभी महिलाओं में किसी न किसी देवी का स्वरूप होता है। इसीलिए किसी भी कन्या/ महिला के प्रति असम्मान का भाव नहीं रखना चाहिए, बल्कि उनमें मां दुर्गा के किसी न किसी स्वरूप को मानकर मन ही मन प्रणाम करना चाहिए।

## घर को न छोड़े अकेला

यदि घर में कलश (घट) की स्थापना हुई हो या माता की चौकी या ज्योति लगी हो, तो किसी न किसी को हमेशा उसके पास रहना चाहिए। इस दौरान घर में किसी एक व्यक्ति का होना जरूरी होता है। व्रतधारी को दिन में नहीं सोना चाहिए।

## तामसिक भोजन से करें परहेज

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि के दौरान व्यक्ति को सात्विकता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्हें तामसिक प्रवृति के भोजन से परहेज रखना चाहिए। नवरात्रि के 9 दिनों में आहार, व्यवहार और विचार में सात्विकता होनी चाहिए।

## ब्रह्मचर्य का करें पालन

नवरात्रि के दिनों में कामवासना से मनसा वाचा कर्मणा विरक्त रहना चाहिए। महिला और पुरुष दोनों को ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए।

## क्रोध से रहें दूर

नवरात्रि के दौरान व्यक्ति को क्रोध नहीं करना चाहिए, उन्हें अधिक से अधिक समय तक मौन रहने का प्रयास करना चाहिए।

बोध कथा

# परिवार ही जीवन की असली संपत्ति



शाम का समय था। पार्क में हल्की हवा चल रही थी और पेड़ों के बीच बैठने वाली बेंचों पर कुछ बुजुर्ग अपनी रोज़ की तरह गपशप में लगे थे। उन्हीं में से एक बेंच पर दो पुराने दोस्त बैठे थे। बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ तो पहला बुजुर्ग बोला, "मेरी एक पोती है, अब शादी के लायक हो गई है। उसने बी.ई. किया है, अच्छी नौकरी भी करती है। कद करीब पांच फुट दो इंच है और देखने में भी बहुत सुंदर है। अगर आपकी नजर में कोई अच्छा लड़का हो, तो बताइएगा।"

दूसरे बुजुर्ग ने मुस्कुराते हुए पूछा, "अच्छा! तो आपकी पोती को कैसा परिवार चाहिए?" पहले बुजुर्ग ने बिना सोचे जवाब देना शुरू किया, "बस कुछ खास नहीं, लड़का एम.ई. या एम.टेक किया हो। उसकी अच्छी नौकरी हो, सैलरी भी ठीक-ठाक हो कम से कम एक लाख रुपये महीना। अपना घर हो, कार हो, घर में एसी हो और अगर छोटा-सा बाग-बगीचा भी हो तो और अच्छा।" दूसरे बुजुर्ग ने हल्के से सिर हिलाया और पूछा, "और कुछ?" पहला बुजुर्ग थोड़ा झुककर बोला, "हां, सबसे जरूरी बात, लड़का अकेला होना चाहिए। मां-बाप, भाई-बहन कोई न हो। दरअसल, इन सबके कारण घर में झगड़े होते हैं।"

यह सुनकर दूसरे बुजुर्ग की आंखें अचानक नम हो गईं। उन्होंने धीरे से अपने आंसू पोंछे और भारी आवाज में बोले, "मेरे एक दोस्त का पोता है, बिल्कुल अकेला। उसके भाई-बहन नहीं हैं। मां-बाप भी एक हादसे में दुनिया छोड़ गए। अच्छी नौकरी है, डेढ़ लाख की सैलरी है, गाड़ी है, बंगला है सब कुछ है।"

पहला बुजुर्ग उत्साहित होकर बोला, "अरे वाह! फिर तो बात बन सकती है।" दूसरे बुजुर्ग ने गहरी सांस लेते हुए कहा, "हां! लेकिन उसकी भी एक शर्त है। वह चाहता है कि लड़की वालों के भी मां-बाप, भाई-बहन या कोई रिश्तेदार न हों।" पहला बुजुर्ग चौंक गया, "ये कैसी बकवास बात है? हमारा परिवार क्यों खत्म हो? कल को उसकी खुशियों या दुख में उसके साथ कौन होगा?"

दूसरे बुजुर्ग ने शांत लेकिन गहरी आवाज़ में कहा, "वाह मेरे दोस्त,अपने लिए परिवार जरूरी है, लेकिन दूसरे के लिए नहीं? अपने बच्चों को परिवार का महत्व समझाइए। घर के बड़े हों या छोटे, सभी जीवन की खुशियों और दुखों के सच्चे साथी होते हैं। बिना परिवार के इंसान के पास न खुशियां बांटने वाला होता है और न ही दुख में सहारा देने वाला।" पहला बुजुर्ग अब पूरी तरह चुप था। उसके चेहरे पर शर्म और समझ दोनों साफ दिखाई दे रहे थे। उस दिन पार्क की वह बातचीत एक गहरा संदेश छोड़ गई कि परिवार ही जीवन की असली संपत्ति है। अगर परिवार साथ है, तो हर खुशी दोगुनी लगती है और हर दुख आधा हो जाता है।

पौराणिक कथा

# राजा का टूटा अहंकार

प्राचीन काल में धर्मपाल नाम के एक पराक्रमी और न्यायप्रिय राजा हुए। उन्हें अपने न्याय पर बड़ा गर्व था। उन्होंने अपने राज्य में एक नियम बना रखा था कि कोई भी व्यक्ति अपनी फरियाद लेकर सीधे राजा के पास आ सकता है। राजा को विश्वास था कि पूरे आर्यावर्त में उनसे अधिक न्यायप्रिय और बुद्धिमान शासक कोई नहीं है। एक दिन संध्या के समय, जब सूर्य अस्त होने को था और राजदरबार की कार्यवाही समाप्त होने वाली थी, तभी फटे-पुराने कपड़ों में लिपटी एक वृद्ध महिला दरबार में पहुंची। उसके चेहरे पर थकान और भूख साफ झलक रही थी। राजा ने उसे आदर से बैठने को कहा और उसकी समस्या पूछी। बुढ़िया ने धीमी आवाज में कहा, "महाराज, मैं बहुत भूखी हूं। मुझे बस दो मुट्ठी अनाज चाहिए, लेकिन वह अनाज आपके 'पुण्य' की कमाई का होना चाहिए, न कि कर के रूप में प्रजा से लिया गया।" यह सुनकर राजा मुस्कुराए और



आत्मविश्वास से बोले, "माता, मैंने अपना पूरा जीवन प्रजा की सेवा में बिताया है। अनेक यज्ञ किए हैं, गरीबों को दान दिया है और न्याय किया है। क्या यह सब पुण्य नहीं है?" बुढ़िया ने अपने थैले से एक छोटी तराजू निकाली। उसने एक पलड़े में एक सूखा पत्ता रखा और बोली, "महाराज, यदि आपके किसी भी एक नि:स्वार्थ कर्म का वजन इस सूखे पत्ते से अधिक हो जाए, तो मैं मान लूंगी कि वह अनाज आपके सच्चे पुण्य से मिला है।" राजा को यह चुनौती बहुत सरल लगी। उन्होंने अपने सबसे बड़े दान का प्रमाण पत्र पलड़े में रखा, लेकिन पत्ता ज्यों का त्यों रहा। फिर उन्होंने सौ गायों के दान का संकल्प रखा, मगर पत्ता हिला तक नहीं। राजा हैरान रह गए। उन्होंने अपनी तलवार, अपना मुकुट और यहां तक कि अपने वंश की प्रतिष्ठा तक उस पलड़े पर रख दी, परंतु वह सूखा पत्ता अडिग रहा। अब राजा का घमंड टूटने लगा। अंतत: वे हार मानकर बुढ़िया के चरणों में गिर पड़े। उनकी आंखों से आंसू बहने लगे। वे बोले, "माता, शायद मैंने जो भी किया, उसमें कहीं न कहीं अहंकार रहा होगा। मुझे क्षमा करें, मेरे पास ऐसा कोई पुण्य नहीं जो पूरी तरह नि:स्वार्थ हो।" जैसे ही राजा का एक आंसू तराजू के पलड़े पर गिरा, अचानक वह सूखा पत्ता हवा में उड़ गया और पलड़ा राजा के पश्चाताप के भार से झुक गया। तभी वह बुढ़िया दिव्य प्रकाश में बदल गई और बोली, "राजन, जब तक तुम्हारे कर्मों में 'मैं' का अहंकार था, तब तक उनका कोई वजन नहीं था, लेकिन जब तुमने अपनी भूल स्वीकार की और विनम्र हो गए, तब तुम्हारा वह एक आंसू सारे दानों से अधिक मूल्यवान हो गया।"

# कर्मफलदाता शनिदेव की पूजा का विधान और प्रभाव


अनिल सुधांशु
ज्योतिषाचार्य

शनिदेव की पूजा शनिवार को सूर्योदय से पहले या सूर्यास्त के बाद करना उत्तम है। स्नान कर नीले/ काले वस्त्र पहनें। घर या मंदिर में सरसों के तेल का दीपक जलाएं, काले तिल, नीले फूल और लौंग अर्पित करें। 'ॐ शं शनैश्चराय नमः' मंत्र का जाप करें, पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जलाकर परिक्रमा करें और शनि चालीसा का पाठ करें।

## शनि पूजा का विधान

**पूजा का समय-** शनिवार के दिन सुबह जल्दी या शाम के समय (सूर्यास्त के बाद) पूजा करें। स्नान के बाद स्वच्छ, संभव हो तो नीले या काले रंग के वस्त्र धारण करें। साथ ही सरसों का तेल, काले तिल, नीले फूल, शमी का पत्ता, काला कपड़ा, लोहे की वस्तु, अगरबत्ती, धूप और कपूर आदि पूजन सामग्री को प्रबंध कर लें।

**पूजा विधि-** घर के मंदिर में या शनि मंदिर में शनिदेव की प्रतिमा के सामने सरसों के तेल का दीपक जलाएं। शनिदेव को काला तिल और तेल अर्पित करें। 'ॐ शं शनैश्चराय नम:' या 'ॐ प्रां प्रीं प्रौं स: शनैश्चराय नम:' मंत्र का 108 बार जाप करें। शनि चालीसा और शनि आरती करें।

**विशेष उपाय-** शाम को पीपल के पेड़ की जड़ में जल चढ़ाएं और सरसों के तेल का दीपक जलाकर सात बार परिक्रमा करें। सात बार कच्चा सूट लपेटे और शनि कवच का पाठ करें, गरीबों को भोजन कराएं या काली उड़द, कंबल, लोहे की वस्तु दान करें।

## शनि बीज मंत्र का जाप

मंत्र जाप सुबह और शाम कभी भी किया जा सकता है, लेकिन मंत्र जाप के लिए शनिवार का दिन सबसे अच्छा होता है। स्नान करके काला या गहरा नीला रंग का कपड़ा पहन लें। एक शांत और स्वच्छ स्थान का चयन कर लें। फिर मन में या बोलकर 23000 बार शनि मंत्र दोहराएं। हनुमान जी की मूर्ति के सामने अगर मंत्र का उच्चारण करते हैं, तो इससे शनि देव प्रसन्न होते हैं। शनि बीज मंत्र के जाप से शनि के नकारात्मक प्रभावों और पिछले जन्मों के नकारात्मक कर्मों के असर को खत्म किया जा सकता है। नियमित रूप से शनि बीज मंत्र का जाप करने से चिकित्सा और धन संबंधी समस्याओं को समाप्त करने में मदद मिलती है। शनि बीज मंत्र का जाप सुरक्षा की भावना, सफलता और समृद्धि प्रदान करता है। शनि बीज मंत्र का जाप करने से साढ़े साती चरण की परेशानियों और कठिनाइयों का समाधान हो जाता है।

## सावधानी और नियम

पूजा करते समय मुंह पश्चिम दिशा की ओर रखें। शनि देव की प्रतिमा को सामने से न देखें, बगल से दर्शन करें। शनिवार को मांस-मदिरा के सेवन से बचें।

- शनि को ज्योतिष में क्रूर ग्रह माना गया है, इसलिए लोग इनका नाम सुनकर ही डर जाते हैं, लेकिन शनि को कर्म फल दाता भी कहा जाता है।
- कहा जाता है कि वे व्यक्ति के कर्मों के हिसाब से उसे फल देते हैं, अगर कुंडली में शनि शुभ स्थिति में बैठे हैं, तो ये व्यक्ति को रंक से राजा बना सकते हैं, लेकिन शनि की अशुभ स्थिति राजा को भी भिखारी बना सकती है। फिर भी अगर शनिवार के दिन कुछ विशेष उपाय किए जाएं, तो शनि के अशुभ प्रभावों को भी शुभ प्रभावों में बदला जा सकता है। अगर आप भी शनि के अशुभ प्रभावों को झेल रहे हैं, तो इन उपायों को कीजिए।
- यदि शनि कुंडली के प्रथम भाव में बैठकर अशुभ प्रभाव दे रहा हो, तो व्यक्ति को शनिवार के दिन दूध में थोड़ी चीनी मिलाकर बरगद या पीपल के पेड़ में चढ़ाना चाहिए और नीचे से गीली मिट्टी लेकर माथे पर तिलक लगाना चाहिए।
- यदि शनि दूसरे घर में अशुभ फल दे रहा हो, तो शनिवार के दिन आपको अपने माथे पर दूध या दही का तिलक लगाना चाहिए और शिवलिंग पर दूध चढ़ना चाहिए।
- तीसरे भाव में बैठे शनि के दुष्प्रभावों से बचने के लिए शनिवार के दिन काले तिल, केले और नींबू का दान करें, कुत्तों की सेवा करें और मांस मदिरा से परहेज करें।
- चौथे घर में विराजमान शनि के अशुभ फल से बचने के लिए शनिवार के दिन भैंस और कौए को भोजन दें। गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करें। उन्हें अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दें। बहते पानी में शराब को प्रवाहित करें।
- पांचवे भाव में शनि के अशुभ प्रभाव से बचने के लिए लोहे का छल्ला हाथ में पहनें और साबुत मूंग की दाल को किसी जरूरतमंद को शनिवार के दिन दान करें।
- छठे भाव से शनि अशुभ फल दे रहा हो, तो चमड़े एवं लोहे की वस्तुएं खरीदें। शनिवार के दिन जल में काले तिल डालकर शिव जी का अभिषेक करें।
- कुंडली के सप्तम भाव में बैठे शनि के अशुभ फल से बचाव के लिए शनिवार के दिन शहद से भरा बर्तन या बांसुरी में चीनी भरकर किसी सुनसान जगह पर दबा आएं।
- आठवें घर में शनि के दुष्प्रभाव से बचने के लिए हमेशा अपने पास चांदी की कोई चीज रखें। सांपों को दूध पिलाना चाहिए।
- यदि कुंडली के नौवें घर से शनि का अशुभ प्रभाव हो तो घर की छत को अच्छे से साफ रखना चाहिए और छत पर कबाड़, लकड़ी आदि ऐसी कोई चीज नहीं रखनी चाहिए, जो बरसात में भीगकर खराब हो जाती हो। इसके अलावा चांदी के चौकोर टुकड़े पर हल्दी लगाकर अपने पास रखना चाहिए। रोजाना पीपल के पेड़ को जल देना चाहिए।
- यदि दसवें भाव में शनि हो, तो मंदिर में केले और चने की दाल चढ़ाएं। शनिदेव के सामने सरसों के तेल का दीपक जलाएं। गुरुवार का व्रत रखें और मांस, मदिरा आदि का सेवन नहीं करना चाहिए।
- कुंडली के ग्यारहवें भाव में शनि अशुभ फल से बचने के लिए चांदी की एक ईंट बनवाकर अपने घर में रखें। शनिवार के दिन शनि मंत्र का 108 बार जाप करें और पीपल के नीचे सरसों के तेल का दीपक जरूर रखें।
- बारहवें भाव में बैठे शनि के दुष्प्रभाव रोकने के लिए शनिवार के दिन काली दाल, काले तिल, काला वस्त्र आदि सामर्थ्य के हिसाब से किसी जरूरतमंद को दें।



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2490, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2510, रविन्द्रा 2460, फॉर्चुन 13kg 2210, जय जवान 2110, सचिन 2220, सूरज 2110, अवसर 2015, उजाला 2080, गृहणी 13 kg 2055, क्लासिक (kg) 2365, मोर 2315, चक्र टिन 2460, ब्लू 2305, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2445

**किराना**– निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050

**चावल**– (प्रति कुंतल)–डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200

**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी**–पीलीभीत 4380, बहेड़ी 4280

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम** – सोना पक्के आभूषण 157600, सोना गिन्नी 153600, चांदी (पक्की) 2530 (अनुमानित)

## हल्द्वानी मंडी

**दाम प्रति क्विंटल में**–

**चावल**: शरबती– 3000 मसूरी– 1200 बासमती– 7200–7800 परमल– 1200–3400

**दाल दलहन**–काला चना– 2000–3400 साबुत चना दाल– 1000 मूंग साबुत– 5400 राजमा– 7200–12200 दाल उड़द– 5800 साबुत मसूर दाल– 2700 मसूर दाल– 1000 उड़द साबुत– 10200 काबुली चना– 6000–10600 अरहर दाल– 10200 –12000 लोबिया/करमानी– 1100–3000

## बिजनेस ब्रीफ

### '24 स्पीड पोस्ट' सेवा प्रमुख शहरों में अगले दिन डिलिवरी की गारंटी

**नयी दिल्ली**। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मंगलवार को डाक विभाग की नई '24 स्पीड पोस्ट' सेवा की शुरुआत करेंगे। यह सेवा छह प्रमुख शहरों में अगले दिन डिलिवरी की गारंटी देती है। पहले चरण में यह सेवा दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद में उपलब्ध होगी। सोमवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि डाक विभाग 17 मार्च, 2026 को '24 स्पीड पोस्ट' सेवा शुरू कर रहा है।

# शेयर बाजार में गिरावट थमी, सेंसेक्स 939 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,400 के पार

## अल्ट्राटेक में सर्वाधिक 4.22% की तेजी, एसबीआई, महिंद्रा और टाटा स्टील भी लाभ में

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 939 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,400 अंक के पार निकल गया। प्रमुख कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।




तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 938.93 अंक यानी 1.26 प्रतिशत बढ़कर 75,502.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 75,805.27 अंक तक गया और नीचे में 73,949.76 अंक तक आया। वहीं 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 257.70 अंक यानी 1.11 प्रतिशत चढ़कर 23,408.80 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा 4.22 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, टाटा स्टील और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड और भारती एयरटेल शामिल हैं।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार में कारोबार समाप्त होने से पहले तेजी आई। वाहन, बैंक और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में निचले भाव पर लिवाली से बाजार बढ़त में रहा...। नायर ने कहा कि निकट भविष्य में निवेशकों का रुख होर्मुज जलडमरूमध्य में होने वाले घटनाक्रमों पर निर्भर करेगा। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.36 प्रतिशत नीचे आया जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत टूटा।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि सप्ताह की शुरुआत बाजार में उतार-चढ़ाव के साथ हुई और निचले स्तर पर लिवाली के चलते एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ हाल की गिरावट का सिलसिला टूट गया। उछाल का कारण मुख्य रूप से बाजार में आई भारी गिरावट के बाद चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली है।

इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और मुद्रा की अस्थिरता जोखिम लेने की प्रवृत्ति को सीमित कर रही है।

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे। यूरोप के बाजार दोपहर के कारोबार में गिरावट में थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.41% बढ़कर 104.4 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 10,716.64 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 9,977.42 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## देश की कोयला मांग और बिजली क्षेत्र की जरूरतें पूरी करने को तैयार एसईसीएल

**नयी दिल्ली, एजेंसी**। कोल इंडिया लिमिटेड की दूसरी सबसे बड़ी कोयला उत्पादक इकाई साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक हरीश दुहान ने सोमवार को कहा कि कंपनी बदलती वैश्विक ऊर्जा परिस्थितियों के बीच देश की कोयला मांग, विशेषकर बिजली क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे वैश्विक ऊर्जा मार्ग प्रभावित हुए हैं जिससे आयातित कोयला एवं द्रवीकृत प्राकृतिक गैस की लागत बढ़ गई है। इसका अप्रत्यक्ष दबाव भारत के कोयला और बिजली क्षेत्रों पर पड़ रहा है।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक दुहान ने बातचीत में कहा कि कंपनी मजबूत परिचालन गति बनाए हुए है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने मार्च के मध्य तक करीब 16.5 करोड़ टन कोयले का उत्पादन और 16.9 करोड़ टन से अधिक कोयले का प्रेषण किया है।

## सरकारी सर्वेक्षण: देश में बेरोजगारी दर में मामूली गिरावट, 4.9 फीसदी रही

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों के बीच कुल बेरोजगारी दर फरवरी में मासिक आधार पर मामूली घटकर 4.9 प्रतिशत रह गई। यह जनवरी में पांच प्रतिशत थी।

सोमवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से यह जानकारी मिली। सर्वेक्षण के अनुसार, जनवरी, 2026 में बढ़ोतरी के बाद शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों के बीच बेरोजगारी दर फरवरी, 2026 में घटकर 6.6 प्रतिशत रह गई, जो दिसंबर, 2025 के 6.7 प्रतिशत के स्तर से भी कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह बेरोजगारी दर फरवरी, 2026 में 4.2 प्रतिशत पर स्थिर रही।

फरवरी, 2026 में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं में कुल बेरोजगारी दर घटकर 5.1 प्रतिशत रह गई जबकि जनवरी, 2026 में यह 5.6 प्रतिशत थी। ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में गिरावट देखी गई। शहरी महिलाओं की बेरोजगारी दर जनवरीउ के 9.8% से घटकर फरवरी, 2026 में 8.7 प्रतिशत रह गई। ग्रामीण महिलाओं की बेरोजगारी दर इसी अवधि में 4.3से घटकर चार प्रतिशत हो गई। पुरुषों में कुल बेरोजगारी दर 4.8 प्रतिशत पर स्थिर रही।

सर्वेक्षण के अनुसार, 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों में समग्र श्रम बल सहभागिता दर (एलएफपीआर) फरवरी में 55.9 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही। ग्रामीण क्षेत्रों में एलएफपीआर फरवरी, 2026 में 58.7 प्रतिशत रही जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 50.4 प्रतिशत आंकी गई जो जनवरी, 2026 के 50.3 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है।

वहीं 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं में एलएफपीआर जनवरी, 2026 के 35.1 प्रतिशत से बढ़कर फरवरी, 2026 में 35.3 प्रतिशत हो गई।

सर्वेक्षण में पाया गया कि 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग में श्रमिक जनसंख्या अनुपात फरवरी, 2026 में ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में लगभग स्थिर रहा।

## निर्यात में फरवरी में मामूली गिरावट, मासिक आधार पर कम हुआ व्यापार घाटा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश का माल निर्यात फरवरी में सालाना आधार पर 0.81 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 36.61 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। व्यापार घाटा मासिक आधार पर घटकर 27.1 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। पश्चिम एशिया संकट का प्रभाव मार्च महीने के आंकड़ों में सामने आएगा क्योंकि युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ था। ये आंकड़े मई के मध्य तक जारी किए जाएंगे। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बीच लॉजिस्टिक संबंधी चुनौतियों के कारण मार्च में निर्यात में गिरावट का रुझान देखने को मिलेगा।

अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त हमले से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में माल ढुलाई बाधित हो गई है। इसके परिणामस्वरूप कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है जिससे हवाई एवं समुद्री माल ढुलाई में भी तेजी से वृद्धि हुई है। फरवरी में सोने और चांदी के आयात में भारी वृद्धि के कारण आयात 24.11 प्रतिशत बढ़कर 63.71 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। सोने का आयात 218.55 प्रतिशत बढ़कर 7.44 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया जबकि चांदी का आयात 285.23 प्रतिशत बढ़कर 1.66 अरब डॉलर हो गया।

भारत मुख्य रूप से स्विट्जरलैंड से सोने का आयात करता है जहां से फरवरी में आयात में 719.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 2.71 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

इसी महीने कच्चे तेल का आयात नौ प्रतिशत बढ़कर 12.97 अरब डॉलर हो गया। व्यापार घाटा पिछले महीने की तुलना में कम हुआ है जो तब 34.68 अरब अमेरिकी डॉलर था। हालांकि, फरवरी 2025 में दर्ज 14.05 अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में यह घाटा सालाना आधार पर बढ़ा है। व्यापार आंकड़ों पर मीडिया को जानकारी देते हुए अग्रवाल ने कहा कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद देश का निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के पहले 11 माह (अप्रैल-फरवरी) में देश का निर्यात 1.84 प्रतिशत बढ़कर 402.93 अरब डॉलर रहा है।

## प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में सीसीआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने सोमवार को कहा कि आयोग कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में उभरने वाली प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयार कर रहा है जिनमें एल्गोरिथम संबंधी मिलीभगत भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि निगरानी संस्था खेल, नागर विमानन, 'पेंट व वार्निश'' तथा मद्य क्षेत्रों में भी प्रतिस्पर्धा-विरोधी मामलों की जांच कर रही है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) बाजार में अनुचित व्यापारिक गतिविधियों पर नजर रखता है।

उन्होंने कहा कि हम कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में उभरने वाली किसी भी प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधि के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे हैं। हमने संभावित प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों की पहचान की है जिसमें कृत्रिम मेधा (एआई) की मूल्य श्रृंखला में अत्यधिक केंद्रीकरण शामिल हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमें हर क्षेत्र से प्रतिस्पर्धा-विरोधी मामलों की जानकारी मिलती है।



भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ब्रसेल्स में बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवोट के साथ एक बैठक के दौरान।

## भारत-यूरोपीय संघ का ध्यान अब एफटीए रक्षा सौदे पर: फॉन डेर लायन

**ब्रसेल्स, एजेंसी**

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला फॉन डेर लायन ने सोमवार को कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) और भारत हाल ही में संपन्न मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और सुरक्षा साझेदारी को प्रभावी ढंग से लागू करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक के बाद आई। जयशंकर 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ के अपने समकक्षों के साथ चर्चा के लिए ब्रसेल्स की दो-दिवसीय यात्रा पर हैं।

फॉन डेर लायन ने जयशंकर के साथ अपनी 'सफल बैठक' के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि जनवरी में भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के दौरान हमने अपने एफटीए, जिसे सबसे महत्वपूर्ण समझौता (मदर ऑफ ऑल डील्स) कहा गया है, को अंतिम रूप दिया और एक सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर किए थे।

उन्होंने कहा कि अब हमारा ध्यान इसके कुशल कार्यान्वयन पर है, ताकि जल्द से जल्द यूरोप और भारत के लोगों को इसका लाभ मिल सके।भारत और यूरोपीय संघ ने 27 जनवरी को इस व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की घोषणा की थी। बैठक के दौरान फॉन डेर लायन और जयशंकर ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन के घटनाक्रम पर भी चर्चा की। इस संदर्भ में यूरोपीय संघ की प्रमुख ने कहा कि तनाव में कमी लाना, स्थिरता और ऊर्जा सुरक्षा दोनों पक्षों के साझा उद्देश्य हैं।

## फिलीपींस-मालदीव के साथ व्यापार वार्ता की शर्तों पर भारत ने किए हस्ताक्षर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**। भारत ने फिलीपींस और मालदीव के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने के लिए संदर्भ की शर्तों पर हस्ताक्षर किए हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रस्तावित व्यापार समझौते के दायरे और तौर-तरीकों को संदर्भ की शर्तों (टीओआर) में रेखांकित किया गया है।

मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण-पूर्व एशियाई देश फिलीपींस के साथ तरजीही व्यापार समझौते (पीटीए) के लिए बातचीत शुरू होगी, जबकि मालदीव के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत होगी। पीटीए में दो व्यापारिक साझेदार आपस में व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की एक विशिष्ट संख्या पर आयात शुल्क को या तो काफी कम कर देते हैं या समाप्त कर देते हैं।

दूसरी ओर, मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत दो देश आपसी व्यापार में अधिकांश वस्तुओं पर आयात शुल्क को काफी हद तक घटा देते हैं या समाप्त कर देते हैं। इसके साथ ही सेवाओं और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नियमों को भी आसान बनाया जाता है।

## एआई कोहार्ट 2026 में शामिल होंगे पांच स्टार्ट अप, प्रत्येक को मिलेगा 20 लाख डॉलर का निवेश

**बेंगलुरु, एजेंसी**। उद्योग पूंजी कंपनी एक्सेल और गूगल के एआई फ्यूचर्स फंड ने 'एटम्स एआई कोहोर्ट 2026' में शामिल होने वाले पांच स्टार्टअप की सोमवार को घोषणा की जो एंटरप्राइज, वॉयस और औद्योगिक एआई में नए समाधान विकसित करेंगे। एटम्स एआई कोहोर्ट, एक्सेल एटम्स का एक विशेष कार्यक्रम है जिसे एआई स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। एटम्स एआई कोहोर्ट 2026 एक्सेल और गूगल के एआई फ्यूचर्स फंड के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी है।

बयान के अनुसार, 4,000 से अधिक आवेदनों में से चुने गए इन पांच स्टार्टअप को भारतीय उद्यमियों को समर्थन देने के एक्सेल के लंबे अनुभव और गूगल की उन्नत कृत्रिम मेधा (एआई) अवसंरचना का लाभ मिलेगा, जिससे वे शुरुआती विचार से वैश्विक स्तर तक विस्तार कर सकेंगे। प्रत्येक स्टार्टअप को 20 लाख अमेरिकी डॉलर तक का संयुक्त निवेश मिलेगा। इसके साथ ही गूगल क्लाउड, जेमिनी और गूगल डीपमाइंड के संसाधनों के लिए 3.5 लाख अमेरिकी डॉलर तक की संगणनात्मक (कंप्यूट) क्रेडिट सुविधा भी दी जाएगी।एक्सेल में साझेदार प्रयंक स्वरूप और शेखर किरानी ने कहा कि यह समूह साहसिक व मौलिक सोच का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि 'एटम्स' हमेशा से उन उद्यमियों का समर्थन करने के बारे में रहा है जो संभावनाओं के शुरुआती चरण में होते हैं, जब केवल महत्वाकांक्षा और अंतर्दृष्टि होती है।

**पश्चिम एशिया संकट**

**ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली का दावा– 15 से 30 प्रतिशत तक बढ़ सकती है इनकम**

# भारतीय रिफाइनरों के लिए चुनौती में छिपा मुनाफा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में आपूर्ति की बाधाएं भारत के लिए आपदा में अवसर साबित हो रही हैं। वैश्विक ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टैनली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, जहां एक ओर कच्चे तेल की सप्लाई चेन पर दबाव है, वहीं दूसरी ओर एशियाई बाजार में तेल उत्पादों की किल्लत भारतीय रिफाइनिंग कंपनियों के लिए बंपर मुनाफे का द्वार खोल सकती है।

### होर्मुज संकट: भारत के लिए जोखिम क्यों?

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आज भी खाड़ी देशों पर अत्यधिक निर्भर है। मॉर्गन स्टैनली ने आंकड़ों के जरिए इस जोखिम को स्पष्ट किया है। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि भारत की कुल तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से होकर आता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत और चीन की 40-50 प्रतिशत तेल जरूरतें होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते पूरी होती हैं। ऐसे में खाड़ी क्षेत्र में किसी भी तरह की रुकावट एशियाई देशों की ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला के लिए खतरा बन सकती है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत के कुल कच्चे तेल आयात का करीब 46 प्रतिशत हिस्सा पश्चिम एशिया से आता है। इससे साफ है कि देश की रिफाइनिंग जरूरतें अब भी खाड़ी उत्पादक देशों पर काफी हद तक टिकी हुई हैं।



### सुरक्षा कवच: रूस और रणनीतिक भंडार

मॉर्गन स्टैनली का मानना है कि मौजूदा समय में भंडार और वैकल्पिक सप्लाई रूट भारत को राहत दे सकते हैं। आपूर्ति जोखिम कम करने के लिए भारत ने रियायती दरों पर मिलने वाले रूसी यूराल्स ग्रेड तेल की खरीद बढ़ा दी है। अमेरिकी प्रतिबंधों में मिली 30 दिनों की विशेष छूट का भारत बखूबी इस्तेमाल कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, एशिया-प्रशांत क्षेत्र के पास 30 से 200 दिनों का तेल भंडार उपलब्ध है, जो आपात स्थिति में बफर का काम करेगा। भारत सरकार ईरान के साथ निरंतर संपर्क में है ताकि एलपीजी और कच्चे तेल से लदे 20 से अधिक टैंकरों को सुरक्षित मार्ग दिलाया जा सके।

### कैसे मिलेगा मुनाफा?

मॉर्गन स्टैनली ने यह भी कहा कि अगर पश्चिम एशिया में यह व्यवधान लंबे समय तक बना रहता है, तो भारत का रिफाइनिंग सेक्टर इससे फायदा भी उठा सकता है। एशिया में सप्लाई की तंगी और निर्यात पर अंकुश के कारण रिफाइनिंग मार्जिन बढ़े हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक हफ्ते में पेट्रोल, डीजल, जेट फ्यूल, नैफ्था और फ्यूल ऑयल की कीमतों में 18 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

ऐसे में जिन रिफाइनरों के पास कच्चे तेल के विविध स्रोत हैं, खासकर बड़ी एकीकृत कंपनियां और सरकारी तेल विपणन कंपनियां, उन्हें अधिक मुनाफा हो सकता है। अनुमान है कि अगर रिफाइनरों का ग्रॉस मार्जिन 1 से 1.5 डॉलर प्रति बैरल बढ़ता है, तो वर्ष 2026 में उनकी आय में 15 से 30 प्रतिशत तक उछाल आ सकता है। रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि पश्चिम एशिया संकट की अवधि ही आगे का सबसे बड़ा निर्णायक कारक होगी। फिलहाल भंडार और वैकल्पिक खरीद भारत के लिए सुरक्षा कवच बने हुए हैं, लेकिन अगर आपूर्ति में बाधा लंबी चली तो एशिया की ऊर्जा और औद्योगिक सप्लाई चेन पर दबाव और बढ़ सकता है।

**एमएसएमई क्रेडिट गारंटी योजना**

# उद्यमियों को 10 करोड़ तक का कोलेटेरल फ्री लोन

भारत सरकार का सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), पहली पीढ़ी के उद्यमियों को सशक्त बनाने और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना (सीजीटीएमएसई) का लाभ दे रही है।




### बिना गिरवी रखे मिलता है ऋण

एमएसएमई मंत्रालय के अनुसार, यह पहल एमएसएमई को कोलेटेरल फ्री अर्थात कुछ गिरवी रखे बिना ऋणों के लिए महत्वपूर्ण क्रेडिट गारंटी सहायता प्रदान करती है। इसकी मदद से सूक्ष्म और लघु उद्यम (एमएसई) पारंपरिक कोलेटरल यानी तीसरे पक्ष की गारंटी के बिना ही वित्तीय सहायता हासिल कर सकते हैं।

### छह करोड़ रोजगार होते हैं पैदा

सीजीटीएमएसई यानी क्रेडिट गारंटी के अन्तर्गत पात्र व्यवसाय 10 करोड़ रुपये तक के ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इस ऋण में 75 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक की गारंटी कवरेज होती है। हालांकि यह उद्यमी की प्रोफाइल और मूल्यांकन पर निर्भर करती है। यह योजना सभी सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) पर लागू होती है। मंत्रालय के अनुसार, देश में लगभग 2.6 करोड़ सूक्ष्म और लघु उद्यम हैं। इनके माध्यम से करीब छह करोड़ लोगों को रोजगार मिलता है।

### कब से लागू है योजना?

इस योजना के लिए मौजूदा और नए दोनों उद्यम कोलेटरल फ्री ऋण के लिए पात्र हैं। यह योजना औपचारिक रूप से 30 अगस्त 2000 को शुरू की गई थी और 1 जनवरी 2000 से लागू है। सरकार और सिडबी की ओर से क्रमशः 4:1 के अनुपात में सीजीटीएमएसई के कोष में योगदान किया जाता है।

### दस लाख करोड़ से अधिक के ऋण

मंत्रालय के अनुसार पहली जुलाई 2025 तक, 1.2 करोड़ से अधिक गारंटी के एवज में योजना के अंतर्गत 10,26,145 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। इसमें सर्वाधिक ऋण महाराष्ट्र के लिए 1,26,521 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश (1,04,856 करोड़ रुपये) है। उसके बाद तीसरे नंबर पर गुजरात के लिए 85,160 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### भूस्खलन में चार मजदूरों की मौत

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर के नीति विहार में भूस्खलन के दौरान दीवार गिरने से चार मजदूरों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। ईटानगर राजधानी क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक जुम्मार बासर ने बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में साइट पर काम कर रहे सात लोग मलबे के नीचे दब गए। यह घटना शाम करीब चार बजे उस वक्त हुई जब लगातार बारिश के कारण दीवार गिर गई, जिससे मलबे के नीचे मजदूर फंस गए। बचाव दल ने बाद में सातों मजदूरों को मलबे से बाहर निकाल लिया, उनमें से चार को मृत घोषित कर दिया गया।

### अफगानिस्तान से बात करे पाकिस्तान

**बीजिंग।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष जारी रहने के बीच चीन ने सोमवार को दोनों पड़ोसी देशों से टकराव समाप्त करने के लिए सीधी बातचीत करने का आह्वान किया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने यहां प्रेस वार्ता में बीजिंग के मध्यस्थता प्रयासों से संबंधित एक प्रश्न पर कहा कि चीन को उम्मीद है कि दोनों पक्ष संयम बरतेंगे, शीघ्र ही संघर्ष विराम तक पहुचेंगे और संवाद के माध्यम से अपने मतभेदों का समाधान करेंगे। उन्होंने दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत का आह्वान किया। पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच झड़पें तेज हो गईं।

### आईआईटी परिसर में घुसा मगरमच्छ

**मुंबई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई परिसर में सोमवार तड़के नौ फुट लंबा मगरमच्छ घुस आया और बाद में वन्यजीव विशेषज्ञों ने उसे पकड़ लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई के पवई इलाके स्थित आईआईटी परिसर में सुरक्षा कर्मचारियों ने मगरमच्छ को देखा और तुरंत वन विभाग के नियंत्रण कक्ष को सूचित किया। नजदीकी पोवाई झील मगरमच्छ ठिकाना है।

### सामाजिक मूल्यों को भी सुदृढ़ कर रहा संघ

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता रमेशचंद्र अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि संगठन ने पिछले वर्ष में उल्लेखनीय विस्तार किया है और दैनिक शाखाओं की संख्या लगभग 6,000 बढ़कर 88,000 से अधिक हो गई है, जबकि देशभर में गतिविधियों के आयोजन स्थलों की संख्या बढ़कर 55,000 से अधिक हो गई है।

# एपस्टीन लिंक : हाईकोर्ट पहुंचीं हरदीप पुरी की बेटी

● सोशल मीडिया सामग्री को हटाने के लिए दायर की याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी ने दोषी ठहराए गए अमेरिकी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ उनका नाम जोड़ने वाली झूठी और मानहानिकारक सोशल मीडिया सामग्री को हटाने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। हिमायनी पुरी की ओर से दायर यह मुकदमा इस सप्ताह कोर्ट में सुनवाई के लिए आ सकता है।

अपने वाद में उन्होंने 10 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग की है और कई संस्थाओं को मानहानिकारक सामग्री प्रसारित करने से रोकने का आदेश देने का अनुरोध किया है। याचिका में कहा गया है कि उन्हें एपस्टीन और उसके अपराधों से जोड़ने के लिए समन्वित और दुर्भावनापूर्ण ऑनलाइन अभियान चलाया गया। उन्होंने प्रतिवादी संस्थाओं से बिना शर्त माफी मांगने और सामग्री वापस लेने की भी मांग की है। याचिका के अनुसार, 22 फरवरी 2026 के आसपास से एक्स, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक, लिंक्डइन तथा अन्य डिजिटल समाचार पोर्टलों पर झूठे, भ्रामक एवं मानहानिपरक पोस्ट, लेख, वीडिया आदि प्रसारित किए जा रहे हैं। हिमायनी पुरी ने कहा कि वह वित्त और निवेश क्षेत्र की पेशेवर हैं और उन्हें केवल इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हैं।

## पर्यावरण पर भारी संकट

वर्तमान में मध्य पूर्व में जारी संघर्ष, विशेष रूप से ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाए जाने से निकलने वाला धुआं क्षेत्रीय सीमाओं को पार कर रहा है। जब मिसाइल या हवाई हमले रिफाइनरियों और तेल के कुओं को निशाना बनाते हैं, तो वहां जमा लाखों बैरल कच्चा तेल और ईंधन अनियंत्रित तरीके से जलने लगता है। इस अपूर्ण दहन से निकलने वाला कालिख और जहरीली गैसें वायुमंडल की ऊपरी परतों में जमा हो जाती हैं। जब ये प्रदूषक बादल के कणों के साथ मिलते हैं, तो बारिश की बूंदें गहरे काले या भूरे रंग की हो जाती हैं, जिसे वैज्ञानिकों ने काली बारिश का नाम दिया है। इससे निकलने वाले घातक रसायन मानव जीवन को प्रभावित कर रहे हैं बल्कि पर्यावरण के लिए भी भारी संकट पैदा करेंगे। इसको लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी चेतावनी दी है।

## अमेरिका-ईरान जंग



### वैज्ञानिक दृष्टिकोण

वैज्ञानिकों का कहना है कि तेल क्षेत्रों पर हमलों से पैदा हुआ धुआं स्थानीय नहीं रहता। यह वायुमंडलीय धाराओं के साथ हजारों किलोमीटर दूर तक जा सकता है।

### ज्वालामुखी भी पैदा करते हैं ऐसी स्थिति

● ज्वालामुखी विस्फोट : ज्वालामुखी की राख हवा में मिलकर बारिश को मिट्टी जैसा या काला बना सकती है। इसमें सल्फर डाइऑक्साइड की मात्रा बहुत अधिक होती है, जो तीव्र अम्लीय वर्षा का कारण बनती है।

● अंतर : युद्ध के दौरान होने वाली काली बारिश सबसे अधिक खतरनाक मानी जाती है क्योंकि इसमें औद्योगिक रसायन और सिंथेटिक ईंधन के अवशेष भी शामिल होते हैं जो प्रकृति में जल्दी नष्ट नहीं होते।

● जंगल की आग : बड़े पैमाने पर जंगलों के जलने से निकलने वाली राख और कार्बन बारिश को गहरा रंग दे सकते हैं। हालांकि, इसमें पेट्रोलियम रिफाइनरी की तुलना में भारी धातुओं और जटिल हाइड्रोकार्बन की मात्रा कम होती है।

### घातक रसायन और प्रभाव

● पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन : यह तेल के जलने से उत्पन्न होने वाला सबसे खतरनाक पदार्थ है। यह सीधे डीएनए को नुकसान पहुँचा सकता है और कैंसर का मुख्य कारक है।

● पार्टिकुलेट मैटर : कालिख के ये सूक्ष्म कण फेफड़ों के गहराई तक जाकर रक्त प्रवाह में मिल जाते हैं, जिससे हृदय रोग और अस्थमा का खतरा बढ़ जाता है।

● भारी धातुएं : कच्चे तेल में प्राकृतिक रूप से निकल और वैनेडियम जैसी धातुएं होती हैं। जलने के बाद ये वर्षा के माध्यम से जमीन पर आती हैं और खाद्य श्रृंखला को जहरीला बनाती हैं।

● सल्फर और नाइट्रोजन के ऑक्साइड : ये रसायन पानी के साथ मिलकर सल्फ्यूरिक और नाइट्रिक एसिड बनाते हैं। यह न केवल इमारतों और बुनियादी ढांचे को संक्षारित करते हैं, बल्कि त्वचा पर केमिकल बर्न भी पैदा कर सकते हैं। ● बेंजीन और टोल्यूनि : ये वाष्पशील कार्बनिक यौगिक हवा और बारिश दोनों में मौजूद होते हैं और तंत्रिका तंत्र पर बुरा असर डालते हैं।

### संयुक्त राष्ट्र के निर्देश

● संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नागरिक बुनियादी ढांचे और तेल क्षेत्रों पर हमले अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन हो सकते हैं यदि वे व्यापक पर्यावरणीय क्षति का कारण बनते हैं। ● यूएनईपी का रुख : यूएनईपी ने प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल 'पर्यावरणीय मूल्यांकन' की आवश्यकता जताई है।

● सुरक्षा निर्देश : संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्थानीय आबादी को सलाह दी है कि बारिश के संपर्क में आने से बचें और यदि संभव हो तो घर के अंदर ही रहें। घर से बाहर निकलते समय उच्च गुणवत्ता वाले एन 95 मास्क का उपयोग करें। सतही जल या खुले जलाशयों के पानी को पीने के लिए इस्तेमाल न करें, क्योंकि वे प्रदूषित हो चुके हैं।

# राज्यसभा में एलपीजी को लेकर हंगामा, खरगे बोले सरकार दोषी

## केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर लगाया देशभर में अराजकता फैलाने का आरोप

● सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच हुई तीखी बहस

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा में सोमवार को देश में एलपीजी संकट के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने संकट के लिए सरकार की अग्रिम योजना की कमी को जिम्मेदार ठहराया, जबकि केंद्रीय मंत्री और सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर देश में अराजकता फैलाने और राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया।

शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए खरगे ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण एलपीजी आपूर्ति पर असर पड़ा है और इसका प्रभाव देशभर में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस संकट का सबसे अधिक असर गरीब और कमजोर वर्गों, मध्यम वर्ग, सामान्य परिवारों, रेस्तरां, छात्रावासों तथा व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। खरगे ने कहा कि भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है और इसमें से करीब 90 प्रतिशत आयात होर्मुज की खाड़ी के रास्ते होता है। ऐसे में मौजूदा स्थिति घरेलू उपलब्धता और कीमतों की स्थिरता दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एलपीजी संकट का असर देश के लगभग हर हिस्से में महसूस किया जा रहा है और घरेलू उपभोक्ता काफी परेशान हैं। छोटे ढाबों, रेस्तरां, छात्रावासों और सामुदायिक रसोई तक इस संकट से प्रभावित हैं। उन्होंने दावा किया कि कई स्थानों पर एलपीजी सिलेंडर 5,000 रुपये से अधिक कीमत पर बेचे जा रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में एलपीजी की कमी से इनकार करते हुए लोगों से अफवाहों से दूर रहने की अपील की थी, लेकिन जमीनी स्थिति इससे अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार को पता था कि पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री मार्ग प्रभावित हो सकते हैं, तो उसे पहले से वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी। खरगे ने कहा कि यदि एलपीजी आयात के लिए पहले से वैकल्पिक उपाय किए गए होते तो स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। खरगे ने यह भी कहा कि अब एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए प्रतीक्षा अवधि बढ़ गई है। उनके अनुसार, शहरों में यह अवधि करीब 25 दिन और ग्रामीण व दूरदराज के इलाकों में लगभग 45 दिन तक पहुंच गई है, जिससे घबराहट में बुकिंग और जमाखोरी की आशंका बढ़ रही है।



एलपीजी संकट के विरोध में संसद भवन पर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल, प्रदर्शन में पार्टी के सांसद हिबी ईडन, प्रशांत पाडोले आदि भी मौजूद थे।

### संकट में भी विपक्ष कर रहा राजनीति

नड्डा ने कहा कि पश्चिम एशिया में मौजूदा संघर्ष के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है, लेकिन इसके बावजूद विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस, संकट के समय भी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का एक नेता एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी करते हुए भी पकड़ा गया है। उन्होंने कहा, "वे लोगों को उकसा रहे हैं और देश के शांतिप्रिय नागरिकों को भड़का रहे हैं। संकट के समय देश के साथ खड़े होने के बजाय वे अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जो निंदनीय है।

## रूसियों को ग्रीन कार्ड लॉटरी में रखेगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका वीजा नियमों को सख्त करने के बावजूद रूसी नागरिकों को ग्रीन कार्ड लॉटरी से बाहर नहीं रखेगा। अमेरिकी अधिवक्ता एलिज़ाबेथ क्रुकोवा ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी आवेदकों के लिए सामान्य नियमों को सख्त करने के बावजूद रूसी नागरिकों को ग्रीन कार्ड लॉटरी से बाहर नहीं करेंगे। जहां तक इस बात का सवाल है कि किन देशों के नागरिकों को इसमें हिस्सा लेने से बाहर किया जा सकता है, तो ऐतिहासिक रूप से यह इस बात पर निर्भर करता रहा है कि किसी खास देश या क्षेत्र से पहले से ही कितने प्रवासी आ रहे हैं। जब तक डेटा यह न दिखाए कि बहुत ज्यादा संख्या में रूसी प्रवास कर रहे हैं, तब तक रूसियों को बाहर करने का कोई आधार नज़र नहीं आता।

# छात्रवृत्ति घोटाले में पांच राज्यों के अधिकारियों पर मामला दर्ज

● सीबीआई ने की 11.4 करोड़ से अधिक की हेराफेरी में कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिव्यांग छात्रों के लिए निर्धारित छात्रवृत्ति निधि से कथित तौर पर 11.4 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी के मामले में फर्जी संस्थानों और छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।


अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि सीबीआई ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक और जम्मू-कश्मीर में अज्ञात लोकसेवकों और नोडल अधिकारियों के खिलाफ अंब्रेला छात्रवृत्ति योजना से धन की हेराफेरी करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। यह योजना 2018 में दिव्यांग छात्रों के लिए मैट्रिक उपरांत छात्रवृत्ति सहित छह छात्रवृत्ति योजनाओं के विलय के बाद शुरू की गई थी। इस योजना के तहत छात्रवृत्ति 11 और 12वीं कक्षा के छात्रों के साथ-साथ मैट्रिक के बाद डिप्लोमा और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों में नामांकित छात्रों को मुहैया कराई जाती है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री और डिप्लोमा तथा स्नातकोत्तर डिग्री और डिप्लोमा प्राप्त करने वाले छात्रों को भी इस छात्रवृत्ति का लाभ मिलता है। सीबीआई ने पिछले साल केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सचिव की शिकायत पर जांच शुरू की थी।

## 176 विमानों में नहीं है फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि विभिन्न विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 176 विमानों में फ्लाइट डेटा या कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर नहीं हैं। नियमों के अनुसार, 5,700 किलोग्राम से कम भार वाले विमानों के लिए अनिवार्य रूप से कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) आवश्यक है, बशर्ते उन्हें एक जनवरी, 2016 के बाद उड़ान योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ हो। नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि एक जनवरी, 2016 से पहले कुल 2,263 विमान पंजीकृत किए गए थे और उन्हें उड़ान योग्यता प्रमाण पत्र जारी किए गए थे। मोहोल ने कहा कि विभिन्न परिचालकों द्वारा संचालित 176 विमान ऐसे हैं जिनमें फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर या कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर नहीं लगे हैं। उनसे सवाल किया गया था कि क्या सरकार के पास बिना कॉकपिट वॉयस और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर वाले विमानों की संख्या के आंकड़े हैं? पिछले महीने झारखंड में दुर्घटनाग्रस्त हुए करीब 40 साल पुराने बीचक्राफ्ट सी90ए विमान में कॉकपिट वॉयस या फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर नहीं था। उस दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई थी।

# होर्मुज से रास्ता देने के लिए ईरान से पूर्व समझौता नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



● विदेशमंत्री जयशंकर बोले-जहाज की आवाजाही एक अलग घटना

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के पारगमन के लिए भारत का ईरान के साथ कोई पूर्व निर्धारित समझौता नहीं है और प्रत्येक जहाज की आवाजाही एक अलग घटना है। फाइनेंशियल टाइम्स को दिए एक साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा कि नई दिल्ली और तेहरान के बीच हुई बातचीत के परिणामस्वरूप भारतीय ध्वज वाले दो टैंकर इस महत्वपूर्ण मार्ग से गुजर सके हैं।

ब्रसेल्स में दिए गए साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा कि मैं इस समय ईरान बातचीत कर रहा हूं और कुछ परिणाम निकले हैं। यह प्रक्रिया जारी है। अगर इससे परिणाम मिल रहा है, तो मैं स्वाभाविक रूप से आगे भी जारी रखूंगा। ईरान द्वारा फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित एक संकरे समुद्री परिवहन मार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद वैश्विक तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। वैश्विक तेल और एलएनजी का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इस मार्ग से होकर गुजरता है। पश्चिम एशिया क्षेत्र भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत है। जयशंकर ने इस बात से भी इनकार किया कि भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों को गुजरने देने के बदले में ईरान को कुछ दिया था।

## पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास सेना के जवान की मौत

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर ड्यूटी के दौरान सेना के एक जवान की संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नायक तिलक सिंह कृष्णा घाटी सेक्टर के अग्रिम नांगी तकरी क्षेत्र में तैनात थे। सेना के 'व्हाइट नाइट कोर' ने जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, व्हाइट नाइट कोर वीर नायक तिलक सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। सिंह 15 मार्च को कृष्णा घाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर ड्यूटी करते समय बेहोश पाए गए थे। तत्काल चिकित्सा सहायता के बावजूद, वीर सैनिक को बचाया नहीं जा सका, उन्होंने कर्तव्य की राह में सर्वोच्च बलिदान दिया। पोस्ट में कहा गया, उनका साहस सेना की उत्कृष्ट परंपराओं का उदाहरण है।

# निर्वाचन आयोग ने बंगाल के शीर्ष अधिकारियों को हटाया

● हटाए जाने वाले अफसरों में मुख्य सचिव व डीजीपी भी

कोलकाता/नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के प्रशासनिक इतिहास में अभूतपूर्व कदम उठाते हुए निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के शीर्ष नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों को हटा दिया, जिनमें मुख्य सचिव और डीजीपी भी शामिल हैं। आयोग ने पूर्व में अलग-अलग मामलों में बंगाल के शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण किया है, लेकिन कभी भी मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजपी, कोलकाता पुलिस आयुक्त और एडीजी (कानून व्यवस्था) को एक साथ स्थानांतरित नहीं किया गया।

विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा रविवार को होने के कुछ घंटों बाद ही इस प्रशासनिक फेरबदल का फैसला लिया गया। रविवार देर शाम जारी आयोग के पहले आदेश के तहत राज्य के दो शीर्ष नौकरशाहों, मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा को हटा दिया गया। इसके बाद 16 मार्च के एक अन्य आदेश में राज्य के डीजीपी पीयूष पांडे और कोलकाता पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार को भी पद से हटा दिया गया।

आयोग ने उत्तर बंगाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दुष्यंत नरियाला को राज्य का मुख्य सचिव नियुक्त किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव संघमित्रा घोष को गृह सचिव नियुक्त करने का आदेश दिया। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सिद्धनाथ गुप्ता को डीजीपी नियुक्त किया और अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस का नया आयुक्त बनाया।

## तकनीकी खामी से विमान को आयरलैंड मोड़ा

**नई दिल्ली।** न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के ए350 विमान को संदिग्ध तकनीकी खराबी के कारण सोमवार सुबह आयरलैंड के शैनन की ओर मोड़ दिया गया। सूत्रों के अनुसार, विमान में लगभग 300 लोग सवार थे और यह शैनन की ओर मोड़े जाने से पहले लगभग छह घंटे तक हवा में रहा। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 15 मार्च को न्यूयॉर्क (जेएफके) से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली उड़ान एआई 102 को संदिग्ध तकनीकी खराबी के बाद एहतियात के तौर पर शैनन, आयरलैंड की ओर मोड़ दिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि विमान स्थानीय समयानुसार सुबह 4:30 बजे शैनन हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गया और सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। तय सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार विमान की विस्तृत तकनीकी जांच की जा रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आपका मन अत्यंत शांत रहेगा। बच्चे घर के बड़े-बुजुर्गों के साथ समय बितायेंगे। आपको नए कार्यों से जुड़ना पड़ सकता है।

**वृष** – आज परिवार में आपके अधिकार बढ़ेंगे। कार्यकुशलता के कारण कार्यक्षेत्र में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**मिथुन** – आज दूसरों की कमियों पर अधिक ध्यान न दें। धर्म-कर्म में आप रुचि लेंगे। महिला जातकों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कर्क** – आज आपको अपना मन शांत रखने की आवश्यकता है। आईटी के क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा महत्वपूर्ण कार्य मिल सकता है।

**सिंह** – आज जॉब में आपके उत्तरदायित्व बढ़ेंगे। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। परिजन आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या** – आज कार्यक्षेत्र में विरोधियों की बढ़ोत्तरी होगी। अटके हुए कार्यों को पूर्ण करने का दबाव रहेगा। जीवनसाथी से अपने मन की बातें अवश्य शेयर करें।

**तुला** – आज बेवजह क्रोध के कारण आपको कठिनाई झेलनी पड़ेगी। संपत्ति में निवेश करने वालों को अच्छी डील मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आज कारोबार में भाई-बहनों की सहायता लेनी पड़ सकती है। शेयर मार्केट में निवेश से धन लाभ प्राप्त होगा।

**धनु** – आज अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग से आपके काम हो जायेंगे। दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं।


**मकर** – आज आप बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन अवश्य लें। बैंकिंग और फाइनेंस से जुड़े लोग कार्यक्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले हैं।

**कुंभ** – आज विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। पारिवारिक कलह से छुटकारा मिलेगा। तनाव से बचने के लिये अच्छी नींद अवश्य लें।

**मीन** – आज आपको उधार वापस लौटाना पड़ सकता है। जिसके कारण आपके कुछ काम रुक भी सकते हैं। शरीर में एलर्जी की समस्या हो सकती है।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 17 मार्च, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 09 .23 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- शतभिषा 18 मार्च 06 .09 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

### सुडोकू - 90 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 |

### सुडोकू -91

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | 1 | | 4 | | |
| | 8 | | | | 9 | | 5 | |
| 4 | | | 2 | | | | 6 | |
| | 5 | | | | | | 4 | |
| | | | 8 | | 5 | | 1 | 7 |
| | 6 | | 7 | | | 8 | | |
| | | 3 | | 5 | | | | 4 |
| | 9 | | | | | 6 | | |

## साइनाइड से हमले की धमकी से फैली आफिस में सनसनी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में एक सरकारी कार्यालय को सोमवार को सायनाइड गैस सिलेंडर से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। हालांकि पुलिस जांच में यह धमकी झूठी निकली। नाप तौल विभाग के कार्यालय अधीक्षक श्यामू सोलंकी ने बताया कि सुबह पूर्वाह्न 10 बजकर 20 मिनट पर ईमेल चेक करते समय एक संदेश मिला, जिसमें दावा किया गया था कि विभाग के दफ्तर में सायनाइड गैस से भरे 16 सिलेंडर रखे गए हैं और वे दोपहर एक बजे फट जाएंगे।

समारोह

जॉर्डन बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, जेसी बकले घोषित की गईं सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री


# फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर का ऑस्कर पुरस्कारों में दबदबा

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

अकादमी पुरस्कार समारोह के 98वें संस्करण में फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर ने सर्वाधिक पुरस्कार जीतकर अपना दबदबा कायम रखा, जबकि माइकल बी. जॉर्डन और जेसी बकले को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।

निर्देशक एंडरसन की तीन घंटे लंबी फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर को सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता (शॉन पेन), सर्वश्रेष्ठ रूपांतरित पटकथा, सर्वश्रेष्ठ संपादन और सर्वश्रेष्ठ कास्टिंग सहित कुल छह ऑस्कर पुरस्कार मिले। रयान कूगलर की फिल्म 'सिनर्स' ने भी चार पुरस्कार जीते। माइकल बी. जॉर्डन को इसी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला, जबकि फिल्म को सर्वश्रेष्ठ मौलिक पटकथा, सर्वश्रेष्ठ मौलिक संगीत और सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी के पुरस्कार भी मिले। इस फिल्म को कुल 16 नामांकन मिले थे, जो अब तक का रिकॉर्ड है। फिल्म हैमनेट में अभिनय के लिए जेसी बकले को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। फिल्म 'वेपन्स' में भूमिका के लिए एमी मैडिगन को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। फ्रैंकनस्टीन को सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा डिजाइन, सर्वश्रेष्ठ मेकअप और हेयरस्टाइल तथा सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन के पुरस्कार मिले। अवतारः फायर एंड ऐश को सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव और रेसिंग ड्रामा एफ1 को सर्वश्रेष्ठ ध्वनि का पुरस्कार मिला।





### ऑस्कर के मंच पर नजर आईं प्रियंका चोपड़ा

**लॉस एंजिलिस।** फिल्म जगत के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में एक ऑस्कर के मंच पर भारत को एक संक्षिप्त, शानदार क्षण का अनुभव तब हुआ जब प्रियंका चोपड़ा जोनस ने सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया। प्रियंका के साथ जेवियर बार्डेम भी थे। भारतीय-अमेरिकी फिल्म निर्माता गीता गांधबीर दो श्रेणियों में नामांकित होने के बावजूद पुरस्कार हासिल करने में विफल रहीं।



> मुझे लगता है कि हार्दिक पंड्या को अपना असली वाला रूप दिखाना होगा। उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। जब वह अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना शुरू करेंगे – ना केवल एक बल्लेबाज के तौर पर बल्कि एक गेंदबाज के तौर पर भी तो इससे बहुत बड़ा फर्क पड़ेगा।
>
> –हरभजन सिंह

# स्टेडियम

हल्द्वानी, मंगलवार, 17 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### भारत के उभरते खेल स्टार्टअप परिदृश्य पर रिपोर्ट जारी

**नई दिल्ली।** ऐसे समय में जबकि भारत 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों सहित कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने जा रहा है तब इसी को ध्यान में रखते हुए खेल सचिव हरि रंजन राव ने सोमवार को यहां भारत का खेल स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र: वर्तमान स्थिति और उभरते रास्ते शीर्षक से एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट 'एसोसिएशन फॉर स्पोर्ट्स इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स' (एएसआईपी) ने 'इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी,' गाजियाबाद के सहयोग से तैयार की है। इस रिपोर्ट में भारत के खेल स्टार्टअप की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। रंजन राव ने कहा भारत के खेल उद्योग को अनुसंधान और सहयोग के माध्यम से मजबूत करने के लिए एएसआईपी के प्रयासों को देखकर मुझे प्रोत्साहन मिला है।

### एफआईएच हॉकी नेशंस कप में भाग लेगी महिला हॉकी टीम

**लुसाने।** भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के आकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच नेशंस कप में भाग लेगी। हॉकी नेशंस कप की शुरूआत 2021 में हुई थी जो हॉकी प्रो लीग से बाहर सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीमों का शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंट है। इसमें विजयी टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में जगह मिलती है। भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले सत्र में नौ टीमों में आखिरी स्थान पर रहने के बाद प्रो लीग से बाहर हो गई थी। भारत के अलावा इसमें मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे। पुरुषों का टूर्नामेंट केपटाउन में खेला जायेगा जिसमें दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया, आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 11 से 20 जून तक होगा।

### मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के लिए शुरू किया अभ्यास

**मुंबई।** पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने सोमवार को 28 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए अभ्यास शुरू कर दिया। अभ्यास के लिए पहुंचने वाले पहले समूह में शार्दुल ठाकुर, मयंक मार्कंडेय, अल्लाह गजांफर, नमन धीर, राजा अंगद बावा, रॉबिन मिंज, रघु शर्मा, मयंक रावत, दानिश मालेवार, मोहम्मद इजहार और अश्वनी कुमार शामिल थे। रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और कप्तान हार्दिक पंड्या आने वाले दिनों में शिविर में जुड़ेंगे। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा सत्र के पूर्व शिविर में पहला दिन हमेशा खास होता है। मुंबई को पहला मैच 29 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम पर कोलकाता नाइट राइडर्स से खेलना है।

### एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने कहा - ईरान विश्व कप खेलेगा

**कुआलालंपुर।** एशियाई फुटबॉल परिसंघ के महासचिव विंडसन जॉन ने कहा है कि ईरान जून में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में भाग लेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के जवाब में ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा था कि उसे विश्व कप से कोई बाहर नहीं रख सकता। सोमवार को जॉन ने कहा कि महासंघ ने ऐसा कुछ नहीं सुना है जिससे यह आशय निकाला जाये कि ईरान विश्व कप नहीं खेलेगा। उन्होंने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा वे हमारे सदस्य हैं और हम चाहते हैं कि वे खेलें। जहां तक मुझे पता है, ईरान खेल रहा है।

### यदि मनप्रीत मेरा रिकॉर्ड तोड़ देता है तो मुझे खुशी होगी : दिलीप टिर्की

**कोलकाता।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप टिर्की ने सोमवार को कहा कि अगर मनप्रीत सिंह उनके 412 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने के रिकॉर्ड को तोड़ देते हैं तो उन्हें बहुत खुशी होगी। टिर्की ने रेवस्पोर्ट्ज़ ट्रेलब्लेज़र्स 4.0 के एक सत्र के दौरान कहा अगर मनप्रीत मेरा रिकॉर्ड तोड़ता है तो मुझे बहुत खुशी होगी। रिकॉर्ड टूटने के लिए ही बनते हैं। मनप्रीत ने अभी तक 411 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं और उन्हें सबसे पहले 400 से अधिक मैच खेलने वाले टिर्की से आगे निकलने के लिए केवल दो मैच की जरूरत है।



## टेस्ट खेलना चाहूंगा, लेकिन हाथ सेट है टी-20 में : सूर्यकुमार

नई दिल्ली, एजेंसी

- टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान ने एक घंटे की बातचीत में खोले दिल के राज

भारत के विश्व कप विजेता कप्तान सूर्यकुमार यादव का कहना है कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, वनडे क्रिकेट उन्हें रास नहीं आता, लेकिन टी-20 उनकी ताकत है क्योंकि उसमें उनका हाथ सेट हो गया है।

सूर्यकुमार पीटीआई के साथ एक विशेष पॉडकास्ट साक्षात्कार में कभी-कभी मुंबई की आकर्षक हिंदी का उपयोग करते हुए नजर आए जैसे कि हाथ सेट हो गया है जिसका अंग्रेजी में कोई सटीक अनुवाद नहीं है। सरल शब्दों में कहें तो उनका मतलब था कि वह अब क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप के उस्ताद बन चुके हैं और इसे खेलने में सहज महसूस करते हैं। एक घंटे की बातचीत के दौरान सूर्यकुमार काफी सहज नजर आए और वह भारत को विश्व कप में शानदार सफलता दिलाने के बाद स्पष्ट रूप से बेहद खुश थे। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट न खेलने की अपनी निराशा के बारे में खुलकर बात की। सूर्यकुमार ने इस साक्षात्कार के दौरान अपनी चिर परिचित मुस्कान के साथ याद दिलाया कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेला था जिसमें वह केवल एक पारी खेल पाए थे।

सूर्यकुमार ने कहा आपकी किस्मत में जो लिखा होता है, आपको वही मिलता है। मैंने भी लाल गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू किया था और 10-12 साल तक रणजी ट्राफी खेली। मैंने मुंबई में लाल गेंद से बहुत क्रिकेट खेली है क्योंकि अगर आप मुंबई में पले बढ़े होते हैं तो आप लाल गेंद से ही शुरुआत करते हैं, इसलिए सब कुछ लाल गेंद के इर्द-गिर्द ही घूमता है।

उन्होंने कहा धीरे-धीरे जब हमने सफेद गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू की तो मेरा झुकाव थोड़ा उसकी तरफ हो गया। इसके बाद मैं इस प्रारूप (टी20) में दिलचस्पी लेने लगा। मैंने वनडे में भी अच्छा खेलने की बहुत कोशिश की लेकिन कुछ खास नहीं कर पाया। भारतीय कप्तान ने कहा टी20 क्रिकेट में जैसा चल रहा था, उसमें अपना हाथ सेट हो गया है, ऐसा बोल सकते हैं। सूर्यकुमार से जब पूछा गया कि अगर उन्हें मौका मिले तो क्या वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहेंगे? उन्होंने बिना किसी लाग लपेट के जवाब दिया मुझे बहुत खुशी होगी, क्योंकि जैसा कि मैंने बताया कि मैंने 2010-11 से 2020 तक लाल गेंद से काफी क्रिकेट खेली है। दस साल तक लाल गेंद से खेलना बहुत लंबा समय होता है। मुझे इस प्रारूप से बेहद लगाव था। स्वाभाविक है कि अगर मौका मिले तो फिर कौन टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलना चाहेगा। फिर भी 35 साल की उम्र में सूर्यकुमार के लिए टेस्ट टीम में जगह बनाना लगभग असंभव है। टेस्ट में उनका एकमात्र अनुभव 2023 में नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला गया मैच था, जब उन्होंने एक पारी में आठ रन बनाए थे। उसी साल उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप के फाइनल में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने 18 रन बनाए। भारत फाइनल हार गया और सूर्यकुमार उसके बाद इस प्रारूप में कभी नहीं खेल पाए।

सूर्यकुमार से जब पूछा गया कि ऐसे ही समय में जब टी20 कम समय में प्रशंसकों को अधिक रोमांचित करता है और टेस्ट क्रिकेट उन्हें पारंपरिक संतुष्टि देता है तो क्या वनडे का कोई भविष्य है, उन्होंने कूटनीतिक रुख अपनाते हुए इस प्रारूप को बहुत अधिक खारिज किए बिना उसको उचित सम्मान दिया।

## सिनर और सबालेंका ने पहली बार जीता इंडियन वेल्स खिताब

### फाइनल में यानिक सिनर ने दानिल मेदवेदेव और एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को हराया

इंडियन वेल्स, एजेंसी

यानिक सिनर ने दूसरे सेट के टाइब्रेकर में लगातार सात अंक बनाकर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दानिल मेदवेदेव को 7-6, 7-6 से हराकर पहली बार एक भी सेट गंवाये बिना इंडियन वेल्स खिताब जीता। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को मात दी थी।

महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 7-6 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले 2023 और 2025 में उपविजेता रही सबालेंका का यह पहला खिताब है।

**सिनर ने फेडरर और जोकोविच की बराबरी की :** इंडियन वेल्स फाइनल में दानिल मेदवेदेव पर जीत के साथ हार्ड-कोर्ट ट्रॉफियों का पूरा सेट जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बनने के बाद यानिक सिनर ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने कैलिफोर्निया की तेज गर्मी में, दो घंटे से कुछ कम समय तक चले मैच में, शानदार वापसी करने वाले रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव को 7-6 (8-6), 7-6 (7-4) से हराया।





इंडियन वेल्स सिंगल्स खिताब के साथ यानिक सिनर व एरिना सबालेंका।

बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, सिनर ने दोनों हार्ड कोर्ट ग्रैंड स्लैम जीते हैं। 2024 और 2025 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2024 में यूएस ओपन में जीत हासिल की है। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हार्ड कोर्ट पर सभी छह मास्टर्स 1,000 खिताब भी जीते हैं। मियामी, टोरंटो, सिनसिनाटी, शंघाई और पेरिस में मिली जीत के साथ इंडियन वेल्स का खिताब भी अपने नाम किया है। और साथ ही सीज़न के आखिर में होने वाले एटीपी फाइनल्स भी जीते हैं। यह उपलब्धि केवल नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर ने ही हासिल की है। सिनर ने कहा मुझे पता था कि यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसे मैंने अभी तक नहीं जीता है, इसलिए मैं इसकी तैयारी सबसे अच्छे तरीके से करना चाहता था, जितना हो सके पेशेवर तरीके से। सिनर ने कहा, अब यह उपलब्धि हासिल करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। अब मेरे पास आराम करने के लिए कुछ दिन हैं - यहाँ और मियामी के बीच ज्यादा समय नहीं है।

**पूरा सप्ताह बहुत लकी रहा :** सगाई करना, चैंपियनशिप पॉइंट बचाना और लंबे समय से इंतजार किए जा रहे इंडियन वेल्स का खिताब जीतना - यह एक ऐसा हफ्ता रहा जिसे दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका पूरी ज़िंदगी याद रखेंगी। सबालेंका ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के फ़ाइनल में एलेना रिबाकिना के हाथों मिली हार के बुरे अनुभवों को पीछे छोड़ते हुए, कजाख खिलाड़ी पर जीत हासिल की। कैलिफ़ोर्निया की चिलचिलाती धूप में दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को अपनी पूरी ताक़त लगाने पर मजबूर कर दिया, जब तक कि सबालेंका ने टाई-ब्रेक में बाज़ी नहीं मार ली - जिसमें एक ज़ोरदार बैकहैंड विनर के साथ चैंपियनशिप पॉइंट बचाना भी शामिल था। सर्विस विनर के साथ जीत पक्की करने के बाद, सबालेंका ने अपना सिर बर्फ़ से भरे कूलर में डुबोकर जीत का जश्न मनाया। बेलारूस की सबालेंका ने कहा क्या सप्ताह रहा। एक पपी मिला, सगाई हुई और एक खिताब जीता - मैं इसे निश्चित रूप से अपनी पूरी ज़िंदगी याद रखूंगी। यह सचमुच टेनिस का स्वर्ग है।

## बरसों से मेरी ख्वाहिश थी कि भारतीय क्रिकेट का दबदबा रहे और अब आ गया वह समय : मिताली

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा है कि विश्व स्तर पर भारत के दबदबे का उनका बरसों पुराना सपना सच हो रहा है जबकि पुरुष टीम, महिला टीम और जूनियर टीमों ने हाल ही के वर्षों में बड़े आईसीसी खिताब जीते हैं। पिछले कुछ साल में भारतीय पुरुष टीम ने 2024 और 2026 टी20 विश्व कप, महिला टीम ने पहला वनडे विश्व कप जीता। जूनियर स्तर पर अंडर 19 टीमों ने भी विश्व खिताब जीते हैं। मिताली ने बीसीसीआई नमन पुरस्कारों के दौरान कहा मैं बरसों से चाहती थी कि भारतीय क्रिकेट का दबदबा हो और अब वह समय आ गया है। उन्होंने कहा पिछले दो तीन साल में भारतीय क्रिकेट महिला, पुरुष या अंडर 19 लड़के और लड़कियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। एक पूर्व क्रिकेटर होने के नाते भारतीय क्रिकेट की प्रगति होते देखकर गर्व महसूस होता है। मिताली, पूर्व क्रिकेटर राहुल द्रविड़ और रोजर बिन्नी को बीसीसीआई पुरस्कार समारोह में रविवार को कर्नल सी के नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार दिया गया। उन्होंने भारतीय क्रिकेट, खासकर महिला क्रिकेट के कायाकल्प का श्रेय बीसीसीआई के पूर्व सचिव और आईसीसी के मौजूदा अध्यक्ष जय शाह को दिया। मैंने महिला क्रिकेट में बदलाव को देखा है और मैं बीसीसीआई और जय सर के सहयोग का जिक्र करना चाहूंगी। पिछले चार पांच साल में भारतीय महिला क्रिकेट में भारी बदलाव आया है और यह एक व्यक्ति के कारण हुआ है। मिताली ने कहा वैश्विक स्तर पर इसके लिये उनका विजन और प्रतिबद्धता। उन्होंने महिला क्रिकेट के विकास के लिये काफी प्रयास किए हैं। बीसीसीआई में शाह के कार्यकाल में महिला और पुरूष क्रिकेटरों की समान मैच फीस की शुरूआत हुई और पूरी तरह से पेशेवर महिला प्रीमियर लीग भी शुरू हुई। मिताली ने यह भी कहा कि अपने कैरियर में उन्होंने सचिन तेंदुलकर और द्रविड़ से काफी प्रेरणा ली। महिला क्रिकेट का अपना सफर रहा है लेकिन हमने पुरूष क्रिकेटरों से काफी प्रेरणा ली। मैंने राहुल और सचिन से काफी कुछ सीखा। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे बिन्नी ने कहा मैं खुशकिस्मत हूं कि भारत के लिये खेलने का मौका मिला।



## एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए हरी झंडी

बेंगलुरु, एजेंसी

- पिछले साल भगदड़ के दौरान चली गई थी 11 लोगों की जान

कर्नाटक सरकार ने सोमवार को कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों की मेजबानी करने की औपचारिक मंजूरी दे दी।

इसके साथ ही इस स्टेडियम में आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर पिछले लंबे समय से चली आ रही अनिश्चितता भी समाप्त हो गई। पिछले साल आरसीबी के चैंपियन बनने के बाद यहां आयोजित किए गए समारोह के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी। आईपीएल 28 मार्च से शुरू होगा जिसमें मौजूदा चैंपियन आरसीबी उद्घाटन मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगा। यह मैच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। कर्नाटक के गृह मंत्री परमेश्वर की अध्यक्षता में राज्य सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति तथा केएससीए, आरसीबी और उनकी प्रबंधन कंपनी डीएनए के प्रतिनिधियों के बीच बैठक के बाद कर्नाटक सरकार ने औपचारिक मंजूरी दी। केएससीए के प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने कहा बैठक में विशेषज्ञ समिति ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में की गई तैयारियों और उपायों के संबंध में रिपोर्ट पेश की। समिति की सिफारिश के आधार पर गृहमंत्री ने स्टेडियम में आईपीएल के आयोजन के लिए मंजूरी दे दी है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते सैमसन।

## अब धोनी से गुर सीखने को उत्सुक संजू

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने से मिलेगा माही से बात करने का मौका

भारत की टी-20 विश्व कप विजेता टीम के नायक संजू सैमसन ने सोमवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की तरफ से खेलते हुए पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से कुछ गुर सीखने के लिए उत्साहित हैं।

सैमसन ने आईपीएल में अपने अधिकतर मैच राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेले हैं लेकिन अब वह सीएसके से जुड़ गए हैं। यह दोनों टीम जब 30 मार्च को गुवाहाटी में आमने-सामने होंगी तो सैमसन चेन्नई की जर्सी में नजर आएंगे।

सैमसन ने पत्रकारों से कहा, मैंने माही भाई (धोनी) से फोन पर बात की है लेकिन उनके साथ एक टीम का हिस्सा बनना और उनके साथ खेलना शानदार होगा। मैं इसे उनसे सीखने के अवसर के रूप में देखता हूं। राजस्थान रॉयल्स का यह घरेलू मैच होगा और 31 वर्षीय सैमसन ने कहा कि वह इस मैच में खुद पर भावनाओं को हावी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा मैं सीएसके की तरफ से खेलने को लेकर उत्साहित हूं। यह पहला अवसर होगा जब मैं राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलूंगा, लेकिन मैं मैदान पर भावनाओं को हावी नहीं होने देता। मैंने राजस्थान रॉयल्स इसलिए छोड़ी क्योंकि मुझे लगा कि टीम में मेरा समय खत्म हो गया है। मैं उनके खिलाफ भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। सैमसन ने कहा कि विश्व कप से पहले अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण उन्हें आत्ममंथन करने का मौका मिला। विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए सैमसन ने कहा मैं अच्छा खेला।

मंथन

भारतीय खेल पत्रकार महासंघ के स्वर्ण जयंती समारोह में आईओए की अध्यक्ष ने खेलों के सुधार पर दिया जोर

## खिलाड़ियों पर केंद्रित नीतियां जरूरी : पीटी उषा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा है कि भारत में खेल प्रशासन के लिए नीतियां ऐसी होनी चाहिए कि निर्णय लेने में खिलाड़ियों को केंद्र में रखा जाए।

भारतीय खेल पत्रकार महासंघ (एसजेएफआई) के स्वर्ण जयंती समारोह के तीसरे दिन उषा ने कहा कि यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रशासकों और खेल ईकाइयों की सर्वोपरि प्राथमिकता खिलाड़ियों की तैयारी, कल्याण और विकास रहे।

उन्होंने रविवार को खेल पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा भारतीय खेलों के भविष्य की दिशा खिलाड़ियों को केंद्र में रखने वाले खेल प्रशासन से तय होनी चाहिए। उनकी तैयारी, कल्याण और



विकास हमारी सर्वोपरि प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भारत इस समय खेलों के अपने सफर के अहम पड़ाव पर है और बेहतर बुनियादी ढांचे, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, मजबूत संस्थागत सहयोग के साथ खिलाड़ी विश्व स्तर पर आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं।

उषा ने कहा पिछले एक दशक में हमने बदलाव देखा है जिस तरह से खेल को सहयोग और उत्साहवर्धन मिल रहा है। खिलाड़ियों के पास आज बेहतर बुनियादी ढांचा, वैज्ञानिक प्रशिक्षण और मजबूत संस्थागत सहयोग है। उन्होंने कहा भारतीय खेलों की असल शक्ति जमीनी स्तर पर है। गांवों में, कस्बों में और स्कूलों में जहां युवा प्रतिभायें तलाशे जाने का इंतजार कर रही है। हम अगर कोचिंग, ढांचे और प्रतिभा तलाशने में यूं ही निवेश करते रहेंगे तो भारत से विश्व स्तरीय खिलाड़ी लगातार निकलते रहेंगे।

वहीं सम्मेलन में परिचर्चा के दौरान आईओए सीईओ रघुराम अय्यर ने कहा कि भारत खेलों के सफर के अहम पड़ाव पर है और बढती आकांक्षाओं, निवेश और भागीदारी से एक मजबूत खेल राष्ट्र के रूप में उसका भविष्य गढा जा रहा है।

### लंबे समय की प्लानिंग की जरूरत : जय शाह

**नई दिल्ली।** भारत के खेलों के भविष्य के लिए लंबे समय की प्लानिंग की अपील करते हुए, आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने रविवार को स्टेकहोल्डर्स से 2030–2036 के ग्लोबल स्पोर्टिंग साइकिल की तैयारी शुरू करने की अपील की, और फ़ेडरेशन, कॉर्पोरेट्स, एथलीट्स और मीडिया के बीच मिलकर कोशिश करने की अहमियत पर ज़ोर दिया। शाह इंडिया हैबिटेट सेंटर में स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया (एसजेएफआई) नेशनल कन्वेंशन के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन के तीसरे दिन ग्रैंड स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। कॉन्क्लेव को दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने होस्ट किया था।

